62 साल से लगातार... । जनपथ पत्रकारिता ।

देसी अंदाज नया मिजाज

1963 से लगातार आपकी सेवा में

# रांची एक्सप्रेस

epaper.ranchiexpress.com

वर्ष-62, अंक-122, रांची, गुरुवार 19 दिसंबर 2024, संवत 2081 पृष्ठ-12

मूल्य 4 रु






जुड़े जड़ से, जुड़े आयुर्वेद से

Ganpati ayurved

Sangam Ayurved Ka...

JAMUN KARELA JUICE

With Neem, Methi & Gudmar

सिद्धि जामुन करेला के फायदे

Helpline: 89873 00088

श्री गणपति आयुर्वेद भवन

Our Branches

जल्द ही खुलने जा रहा है :

Ph.No.: 94311-15710

Ph.No.: 94709-30307

Ph.No.: 92977-81750

घर बैठे दवाई मंगवाने या किसी भी जानकारी के लिए संपर्क या व्हाट्सएप करें : 92977-81750


# अमित शाह के बयान पर विपक्ष का हंगामा, नहीं चली संसद

एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद के दोनों सदनों में बुधवार को गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के हंगामा के चलते कोई कामकाज नहीं हो सका। दोनों सदनों में विपक्ष लगातार गृहमंत्री के बयान को डॉ. आंबेडकर का अपमान बताता रहा और गृहमंत्री से इस्तीफा और माफी की मांग करता रहा। दूसरी ओर सत्ता पक्ष की ओर से आरोप लगाया गया कि कांग्रेस झूठ बोलकर सदन और देश को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

संसद के दोनों सदनों- लोकसभा और राज्यसभा में डॉ. आंबेडकर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के चलते कार्यवाही पहले 02 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की पूर्वाह्न 11 बजे कार्यवाही शुरू होने पर विपक्षी सदस्य सदन के बीचों-बीच आकर गृहमंत्री के इस्तीफे और माफी की मांग करने लगे। इस पर संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कांग्रेस पर डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीते जी अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी उन्हें भारत रत्न नहीं दिया, कभी उनका सम्मान नहीं किया। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी डॉ. आंबेडकर को बेहद सम्मान देती है। हमारी सरकार के उनकी विरासत को संजोने के प्रयासों के चलते आज देशभर का ध्यान उनके विचारों पर गया है। हमारे लिए वे हमेशा प्रातः वंदनीय और सदैव अनुकरणीय हैं। इसके बाद कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर विपक्ष का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। शोर-शराबे के बीच कुछ मंत्रियों ने कागजात और वक्तव्य सदन में प्रस्तुत किए। हंगामे के चलते कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी।

दूसरी ओर राज्यसभा में सुबह संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस अमित शाह के बयान के एक हिस्से का उपयोग कर देश को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर को दो बार हराया है। सभापति जगदीप धनखड़ ने भी मामले में हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर हम



सबके लिए प्रातः वंदनीय, सदैव आदरनीय और अनुकरणीय हैं। हम सभी के लिए वह बहुत आदरणीय हैं, सदैव आदरणीय हैं और यह प्रसन्नता की बात है कि उनके शिक्षण, उपदेश और देश या विदेश में, जहां भी वे गए, उन्होंने जो प्रभाव छोड़ा, उस पर ध्यान दिया जा रहा है। हंगामा जारी रहने पर कार्यवाही को 02 बजे तक स्थगित कर दिया गया।

कार्यवाही के दोबारा शुरू होने पर संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने बैंकिंग रेगुलेशन विधेयक और विनियोग विधेयक पर चर्चा कराए जाने का विपक्ष से अनुरोध किया। हालांकि कांग्रेस सदस्य प्रमोद तिवारी और बाद में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गृहमंत्री के बयान का मुद्दा उठाया। खरगे ने कहा कि शाह ने डॉ. आंबेडकर का मजाक उड़ाया है। वह कहते हैं कि आंबेडकर की जगह भगवान का नाम लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग जाते। खरगे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दलित विरोधी सरकार है।

इस पर जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि खरगे सदन को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीते जी आंबेडकर का तिरस्कार किया। उन्हें हराने का काम किया। उनकी कोई बात नहीं सुनी और न ही कोई बात मानी। दूसरी ओर सभापति जगदीप धनखड़ ने भी कहा कि बाबा साहब हम सबके लिए पिता समान है। उन्होंने स्वयं दो बार गृहमंत्री का वक्तव्य देखा है। किरण ने रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस आंबेडकर का फोटो लेकर ढोंग कर रही है। भाजपा के लिए आंबेडकर आराध्य हैं और पूजनीय हैं। वहीं कांग्रेस ने कई बार डॉ आंबेडकर का अपमान करने का पाप किया है। इसके बाद हंगामे को बढ़ता देख सभापति ने कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया।

## कांग्रेस ने वर्षों तक अंबेडकर व एससी-एसटी समुदाय को अपमानित किया: नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस और उसका पारिस्थितिक तंत्र दुर्भावनापूर्ण झूठ से कई वर्षों के अपने कुकर्मों को छिपाने की कोशिश कर रहा है। भारत के लोगों ने बार-बार देखा है कि कैसे एक वंश के नेतृत्व वाली पार्टी ने डॉ. अंबेडकर की विरासत को मिटाने और एससी-एसटी समुदाय को अपमानित करने के लिए हर संभव गंदी चाल चली है। गृहमंत्री अमित शाह के मंगलवार को राज्यसभा में दिए गए एक बयान को कांग्रेस ने संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान बताया है। इसके चलते पार्टी के सदस्यों ने बुधवार को संसद के दोनों सदनों में हंगामा किया और कामकाज नहीं होने दिया। कांग्रेस के नेता देशभर में इसे मुद्दा बना रहे हैं। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने इसे कांग्रेस का झूठ करार देते हुए पलटवार करना शुरू कर दिया है। स्वयं प्रधानमंत्री ने भी अब इस मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लअमित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान करने और एससी-एसटी समुदायों की अनदेखी करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया। उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से वे स्पष्ट रूप से स्तब्ध हैं, यही कारण है कि वे अब नाटकीयता में लिप्त हैं! दुख की बात है कि उनके लिए लोग सच्चाई जानते हैं।

चरणबद्ध एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के खिलाफ कांग्रेस के पापों की सूची में कई विशेष शामिल हैं। डॉ. अंबेडकर को दो बार हराया गया, पंडित नेहरू ने उनके खिलाफ प्रचार किया और उनकी हार को प्रतिष्ठा का मुद्दा बनाया। उन्हें भारत रत्न देने से इनकार किया गया। उनके चित्र को सेंट्रल हॉल में गौरव का स्थान देने से इनकार किया गया। कांग्रेस कितनी भी कोशिश कर ले लेकिन वे इस बात से इनकार नहीं कर सकती की एसटी-एसटी समुदाय के खिलाफ सबसे भयानक नरसंहार उसके शासनकाल में हुए। वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद भी उन्होंने इन समुदायों को सशक्त बनाने का कोई प्रयास नहीं किया।

मोदी ने कहा कि हमारी सरकार डॉ अंबेडकर के दृष्टिकोण को पूरा करने का अथक प्रयास कर रही है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकलना एसटी-एसटी अधिनियम को मजबूत करना, स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना और जितनी भी योजनाएं हैं उन्होंने गरीब और हाशिए पर गए लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने डॉ. अंबेडकर से जुड़े पांच प्रतिष्ठित स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का काम किया है। दशकों से चैत्य भूमि की जमीन को लेकर मामला लंबित था। हमारी सरकार ने न केवल इस मुद्दे को सुलझाया, बल्कि मैं वहां प्रार्थना करने भी गया हूं।

## साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा, हिंदी कवयित्री गगन गिल को मिलेगा सम्मान

### बांग्ला, डोगरी और उर्दू भाषा में पुरस्कारों की घोषणा बाद में

एजेंसी

**नई दिल्ली :** साहित्य अकादमी के वर्ष 2024 के पुरस्कारों की बुधवार को घोषणा कर दी गयी। ये पुरस्कार 21 भाषाओं के लिए घोषित किए गए हैं। इनमें आठ कविता-संग्रह, तीन उपन्यास, दो कहानी संग्रह, तीन निबंध, तीन साहित्यिक आलोचना, एक नाटक और एक शोध की पुस्तकें शामिल हैं। कवयित्री गगन गिल को उनके हिंदी कविता संग्रह- 'मैं जब तक आयी बाहर' के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। अंग्रेजी में ईस्टरिन किरे को उनके उपन्यास 'स्पिरिट नाइट्स' के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने फिरोजशाह रोड स्थित साहित्य अकादमी के मुख्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि बांग्ला, डोगरी और उर्दू में पुरस्कारों की घोषणा बाद में की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुरस्कारों की अनुशंसा 21 भारतीय भाषाओं की निर्णायक समितियों ने की। अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित अकादमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में आज इन्हें अनुमोदित किया गया। ये पुरस्कार, पुरस्कार-वर्ष पिछले पांच वर्ष (1 जनवरी 2018 से 31 दिसंबर 2022 के दौरान) पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिए गए हैं। पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपये की राशि पुरस्कृत लेखकों को नई दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में 08 मार्च को आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किए जाएंगे।

इस कृति के लिए ये होंगे पुरस्कृत : हिंदी- मैं जब तक आयी बाहर (कविता) - गगन गिल, असमिया- फरिंगबोर बटोर कथा जने (कविता) - समीर तांती, बोडो- सोरानेथखाय (उपन्यास) - अरनराजा, अंग्रेजी- स्पिरिट नाइट्स (उपन्यास)- ईस्टरिन किरे,गुजराती - भगवान-नीवातो (कविता)- दिलीप झावेरी,कन्नड- नुडिगाला अलिवु (आलोचना) - केवी नारायण, कश्मीरी - साइकेट्रिक वार्ड (उपन्यास) - सोहन कौल, कोंकणी - रंगतरंग (निबंध) - मुकेश थली, मैथिली - प्रबन्ध संग्रह (निबंध) - महेन्द्र मलंगिया, मलयालम - पिंगलकेशिनी (कविता) - के. जयकुमार, मणिपुरी - मैनू बोरा नुंग्शी शिरोल (कविता) - हाओबम सत्यबती देवी, मराठी - विंदांचे गद्यरूप (आलोचना) - सुधीर रसाल, नेपाली - छिचिमिरा (कहानी) - युवा बराल, ओडिया - भूति भक्ति बिभूति (निबंध) - बैष्णब चरण सामल, पंजाबी - सुनगुणवंता सुनबुद्धिवंताः इतिहासनामा पंजाब (कविता)।

## मादक पदार्थ सैंपलिंग चूक मामले में हाई कोर्ट में हाजिर हुए डीजीपी और एटीएस एसपी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने पुलिस द्वारा जब्त किये गये मादक पदार्थों की सही तरीके से सैंपलिंग नहीं करने, जिससे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े आरोपितों को जमानत मिलने और एनडीपीएस केस में आरोपितों की सजा की दर कम होने के मामले में बुधवार को राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता, एटीएस के एसपी ऋषभ झा और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल डायरेक्ट अदालत के समक्ष उपस्थित हुए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने डीजीपी को निर्देश दिया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य सरकार एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाएं ताकि पुलिस की ओर से जब्त किये गये मादक पदार्थों की सैंपलिंग सही तरीके से हो। इसके साथ मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुड़े केस में सजा की दर बढ़े और मादक पदार्थ के कारोबारियों को सख्त सजा मिले। डीजीपी ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि अदालत के दिये गये निदेर्शों का पालन किया जायेगा। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। दरअसल, पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में वर्ष 2020 में स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया था लेकिन जब्त मादक पदार्थों की सैंपलिंग सही ढंग से नहीं होने पर आरोपितों को जमानत मिल गयी थी। इसे हाई कोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए डीजीपी को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

## मुंबई के नाव हादसे में तीन की मौत, 77 बचाए गए

**मुंबई :** मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा जा रही नाव के समुद्र में डूबने से अब तक तीन यात्रियों की मौत हो गई है। नाव में सवार 88 यात्रियों में से 77 को बचा लिया गया है और 8 लोग लापता हैं। नौसेना, भारतीय तटरक्षक और बचाव दल की टीम लापता यात्रियों को खोज रही हैं।

## बकाया राशि का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया गया : सीएम

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंडियों के हक में 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया राशि का एक-एक रुपये का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया जा चुका है। फिर भी केंद्र सरकार के जरिये इसे लगातार नकारना हमारे अधिकारों पर किया जाने वाला एक कुंठित प्रयास है। हम इंगसे होने नहीं देंगे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को ट्वीट कर कहा है कि झारखंड भाजपा यदि इस मुद्दे पर हम झारखंडियों के साथ आवाज बुलंद नहीं करती है तो यह साफ माना जाएगा कि इस हकमारी में उनकी बराबर की सहभागिता है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार पर झारखंड के 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाया राशि के दावे को केंद्र सरकार की तरफ से ठुकराए जाने से फिर एक बार राजनीति गरमा गई है। केंद्र सरकार ने



झारखंड सरकार के 1.36 लाख करोड रुपये बकाया वाले दावे को सिरे से नकार दिया है। इसके बाद हेमंत सरकार एक्शन में आ गई है। कोल कंपनियों के यहां 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाए की वसूली के लिए राज्य सरकार ने लीगल प्रोसेस शुरू करने का आदेश दिया है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने आदेश जारी किया है। भू-राजस्व विभाग के विशेष सचिव को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। विशेष सचिव 15 दिनों के अंतराल पर भू-राजस्व सचिव को विधिक कार्रवाई की प्रगति से अवगत कराएंगे।

## इंदौर में होगा देश का पहला जीरो वेस्ट एयरपोर्ट

**इंदौर :** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर का एयरपोर्ट भी अब जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बनने जा रहा है। इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने अधिकारियों को एयरपोर्ट को जीरो वेस्ट एयरपोर्ट पर काम करने के लिए कहा था, जो अब साकार रूप ले चुका है। आगामी 22 दिसंबर को केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू रीसायकल प्लांट का लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी सांसद शंकर लालवानी ने दी।

## जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा कराने वाली एजेंसी की याचिका हाई कोर्ट से खारिज

- पेपर लीक होने के बाद परीक्षा कराने वाली एजेंसी से जेएसएससी ने मांगा था जवाब।
- सिंगल बेंच ने एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड करने को ठहराया था सही।
- एजेंसी की याचिका खारिज।

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट से 28 जनवरी को झारखंड कर्मचारी




चयन आयोग (जेएसएससी) की सचिवालय सहायक (सीजीएल) परीक्षा आयोजित कराने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसी सतवत इन्फो सोल प्राइवेट लिमिटेड को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। अदालत ने जेएसएससी की ओर से एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किये जाने के एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखते हुए आउटसोर्सिंग एजेंसी की याचिका बुधवार को खारिज कर दी है। दरअसल, जेएसएसी-सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद जेएसएससी ने परीक्षा कराने वाली एजेंसी सतवत इन्फो सोल प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था कि क्यों न इस कंपनी को ब्लैक लिस्टेड किया जाये। जेएसएससी से मिले नोटिस को चुनौती देते हुए एजेंसी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सिंगल बेंच ने एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड करने के आदेश को सही ठहराया था। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पीपरवाल ने बहस की।

## राष्ट्रपति निलयम में 29 दिसंबर से शुरू होगा उद्यान उत्सव

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति निलयम, बोलारम, सिकंदराबाद 29 दिसंबर से 15 दिवसीय पुष्प एवं बागवानी महोत्सव उद्यान उत्सव की मेजबानी करेगा। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज) हैदराबाद और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से आयोजित उद्यान उत्सव का उद्देश्य लोगों की भागीदारी के माध्यम से प्रकृति का जश्न मनाना, पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देना है। लोग विषयगत स्टालों पर जाकर और कार्यशालाओं में भाग लेकर कृषि और बागवानी में नवाचार और तकनीकी विकास के बारे में खुद को जागरूक कर सकते हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को उद्यान उत्सव के उद्घाटन की तैयारियों और आगंतुकों के लिए सुविधाओं की समीक्षा की।

## महाकुंभ के दौरान ट्रेनों में मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं : रेल मंत्रालय

### 13 जनवरी को प्रयागराज में शुरू होगा महाकुंभ, 26 फरवरी को होगा समापन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने अगले साल जनवरी माह में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को ट्रेनों में मुफ्त यात्रा संबंधी खबरों का खंडन किया है। रेलवे ने कहा है कि महाकुंभ या किसी अन्य अवसर के दौरान मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं है।

रेल मंत्रालय ने महाकुंभ मेले के दौरान मुफ्त यात्रा के बारे में भ्रामक रिपोर्टों पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ मीडिया आउटलेट ऐसी रिपोर्ट प्रसारित कर रहे हैं, जिनमें




दावा किया जा रहा है कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा की अनुमति दी जाएगी।

रेल मंत्रालय ने बयान में ऐसी खबरों को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा, भारतीय रेलवे इन रिपोर्टों का स्पष्ट रूप से खंडन करता है, क्योंकि ये पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं। मंत्रालय ने बयान में यह भी याद दिलाया है कि भारतीय रेलवे के नियमों और विनियमों के तहत वैध टिकट के बिना यात्रा करना सख्त वर्जित है और यह दंडनीय अपराध है। इसमें कहा गया है, महाकुंभ मेले या किसी अन्य अवसर के दौरान मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं है।

बयान में कहा गया है कि भारतीय रेलवे महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों के लिए निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों की अपेक्षित आमद को प्रबंधित करने के लिए विशेष होल्डिंग क्षेत्रों, अतिरिक्त टिकट काउंटरों और अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थापना सहित पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि महाकुंभ मेला 13 जनवरी, 2025 को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ शुरू होगा और 26 फरवरी, 2025 को महाशिवरात्रि के दिन संपन्न होगा।

# तिब्बती युवा कांग्रेस ने अखिल भारतीय बाइक रैली का आयोजन किया

**रांची :** तिब्बती युवा कांग्रेस द्वारा 22 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश के भारत-तिब्बत सीमा बुमला दर्रे से एक बाइक रैली का आयोजन हुआ है । यह रैली भारत के 19 से अधिक राज्यों में पंद्रह हजार किलोमीटर की दूरी तय कर रही है । यह रैली बुधवार झारखंड की राजधानी रांची पहुंची जिसमें कुल 15 सदस्य है। इस रैली के रांची पहुंचने पर तिब्बत समाज के लोगों ने उसका स्वागत किया। साथ ही भारतीय जनता को तिब्बत में आने वाली गंभीर समस्याओं के बारे में जागरूक की। मौके पर तिब्बत यूथ कांग्रेस के सेंट्रल कार्यकारणी कमिटी गोनपो धुनदूप ने कहा कि तिब्बत की आजादी के लिए हम लोग लगातार संघर्ष कर रहे है। हम सभी देशों से अपील करते है कि हमारे देश की रक्षा करने में हमारी मदद करे , साथ ही बाइक रैली के मध्यम से हम इंडिया के लोगों का धन्यवाद भी दे रहे है कि उन्होंने 60वर्षों से हमें प्यार दिया है। वहीं भारत तिब्बत मेत्री संगठन के महासचिव अनिल अरुण ने कहा कि अब हमें नहीं लगता कि हम अपने देश की आजादी को अपने इस आंख से देख पाएंगे लेकिन हमारे आने वाली पीढ़ी इस मशाल को आगे लेकर चले ओर



अपने देश को आजाद कराए। जबकि प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता कहा चीन हमारी संस्कृति और भाषा को नष्ट कर रहा है । हम अपनी भाषा को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

इस रैली का मुख्य उद्देश्य चीनी कम्युनिस्ट शासन द्वारा तिब्बतमें की जा रही क्रूरताओं को उजागर करना और उसके छहदशकों से चले आ रहे अवैध शासन का विरोध करना है। हमारा लक्ष्य तिब्बत में सांस्कृतिक नरसंहार की ओर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का तत्काल ध्यान आकर्षित करना है जहां चीन द्वारा तिब्बती संस्कृति और पहचान को व्यवस्थित रूप से मिटाने कि कठोर नीतियां लागू कर रहा है। इन नीतियों में तिब्बती बच्चों को औपनिवेशिक शैली के बोर्डिंग स्कूलों में जबरन दाखिल करना, तिब्बती संस्कृति से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियों का सीमित करना, और तिब्बती भाषा को संरक्षित करने का प्रयास करने वाले शिक्षकों और व्यक्तियों को कैद करना इत्यादि। इसके अतिरिक्त तिब्बती स्कूलों और मठों को जबरन बंद करना जो कि तिब्बती संस्कृति, भाषा और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण के लिए एक बड़ा खतरा है। अधिकारों कि यह उल्लंघन तिब्बती पहचान को दबानेके लिए चीनी सरकार के निरंतर प्रयासों का एक स्पष्ट संकेत है। इसलिए हम भारत सरकार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय और गैर-सरकारी संगठनों से आग्रह करते हैं कि वे तिब्बत में इस सांस्कृतिक नरसंहार को समाप्त करने की मांग को ले कर अपनी आवाज उठाएं। हजारों वर्षों तक तिब्बत एक स्वतंत्र देश के रूप में अपने पड़ोसी देशों के साथ सांस्कृतिक और सभ्यतागत आदान-प्रदान के माध्यम से सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखा। हालांकि 1959 में चीन पीपल्स रिपब्लिक द्वारा तिब्बत पर कब्जा करने के बाद ऐतिहासिक रूप से शांतिपूर्ण भारत- तिब्बत सीमा को नष्ट कर दिया गया। अपनी विस्तारवादी नीतियों से प्रेरित होकर चीनी कम्युनिस्ट शासन ने भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ को बढ़ावा दिया है जो भारत की सीमा सुरक्षा और संप्रभुता के लिए सीधा खतरा है।

सीमावर्ती क्षेत्रों में चीन द्वारा किए जा रहे विकास परियोजनाएं इस खतरे को और बढ़ा रही हैं। इसलिए हम भारत सरकार से आग्रह करते हैं कि वह चीन कि रणनीतिक विकास पहल के प्रति सतर्क और सावधान रहे क्योंकि इनका क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकता है। जैसा कि हम कहते हैं, ₹तिब्बत की स्वतंत्रता, भारत की सुरक्षा।₹ हम भारत सरकार से तिब्बत की ऐतिहासिक स्वतंत्र स्थितिका समर्थन करना और ऐतिहासिक भारत-तिब्बत सीमा को मान्यता देने वाला प्रस्ताव पारित करने का आह्वान करते हैं।

हाल के वर्षों में चीनी कम्युनिस्ट सरकार ने विकास परियोजनाओं की आड़ में तिब्बत के डाल रहा है और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों और मठों के अस्तित्व के लिए खतरा बन रहा है। द्रीछु नदी और तिब्बतकी अन्य नदियों पर बांध परियोजनाओं का तिब्बतियों और निचले तटवर्ती देशों की आजीविका पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा।

विशाल बांध पहल और परमाणु उत्पादन, परमाणु कचरे के निपटान और लापरवाह विकास नीतियों के साथ तिब्बत के पर्यावरण को तबाह कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप विश्वव्यापी पारिस्थितिक असंतुलन पैदा हो रहा है। हम निचले तटवर्ती देशों से तिब्बती पठार पर हो रहे इन विकास कार्यों पर ध्यान देने और तिब्बत में चीन की लापरवाह गतिविधियों को रोकने के लिए कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं। इस बाइक रैली के दौरान हम भारत भर में तिब्बती शीतकालीन बाजारों का दौरा करेंगे ताकि चीनी कम्युनिस्ट शासन द्वारा तिब्बत में किए जा रहे सांस्कृतिक नरसंहार के बारे में जागरुकता बढ़ाई जा सके और चीन के खिलाफ एकजुटता के महत्व पर जोर दिया जा सके।

## संक्षिप्त

### अनगड़ा सीओ ने बालू का परिवहन करते हुए एक ट्रक को पकड़ा

**अनगड़ा :** गुप्त सूचना के आधार पर अंचल पदाधिकारी अनगड़ा राजू कमल ने सशस्त्र बल के साथ रात्रि गस्ती के दौरान सोमवार की रात करीब 8.30 रांची पुरुलिया सड़क पर पल्लु ढाबा के समीप अवैध बालू परिवहन करते हुए एक आईशर ट्रक जेएच 01 एफ आर 6308 को पकड़ कर अनगड़ा पुलिस के हवाले कर दिया। ज्ञात हो कि पिछले कुछ हीं दिन पूर्व खनन विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने अभियान चलाकर अवैध बालू का परिवहन करते हुए दर्जनों वाहनों को पकड़ा था बावजूद बालू के काला बाजारी बन्द नही हुयी है। रात के अंधेरे में अवैध बालू का परिवहन जारी है। बालू की चोरी करके उँची कीमत पर बालू बेची जा रही है।

### बंसरी गांव की आंगनवाड़ी सहायिका का निधन

**बुढ़मू :** बसरी गाँव निवासी दुबराज महली की पत्नी सरस्वती देवी 55 वर्ष का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया। मृतका गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के पद पर कार्यरत थी। जानकारी के अनुसार मृतका का निधन रांची के एक नीजि अस्पताल में इलाज के क्रम में हो गया। सरस्वती देवी के आकस्मिक निधन पर प्रमुख सत्यनारायण मुंडा,जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, मुखिया दशरथ उरांव, पंसस भुनेश्वर साहु, बालेश्वर साहु, जनार्दन साहु, ग्राम प्रधान शिबु पाहन आदि ने गहरा दुःख प्रकट किया है।

### दोवाडू एवं टुटकी लैम्पस में धान क्रय केंद्र का उदघाटन

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत दोवाडू एवं टुटकी लैम्पस में बुधवार को धान क्रय केंद्र का विधिवत उदघाटन सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो की उपस्थिति में किया गया । दोवाडू लैम्पस में श्रीमती जलेश्वरी देवी ने फीता काट



कर धान क्रय केंद्र का विधिवत उदघाटन किया । वहीं टुटकी लैम्पस में भी धान क्रय केंद्र का विधिवत उदघाटन किया गया। मौके पर इस कार्यक्रम में विधायक अमित कुमार महतो के अलावा जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी, प्रतिनिधि अखिल महतो, लैम्पस के पदाधिकारी, झामुमो के जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारीगण तथा कार्यकर्तागण आदि एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

### किसानो के बीच 60 किलोग्राम सरसो का बीज प्रत्यक्षण

**पिस्का नगड़ी :** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) अंतर्गत चल रही योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तेलहन) के तहत 60 किलोग्राम सरसो का बीज प्रखण्ड में प्राप्त हुआ था। प्रखण्ड



प्रमुख मदुवा कच्छप, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत, उपप्रमुख अफसाना प्रवीण, पंचायत समिति सदस्य करुणा देवी, प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार एवं प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक बरदानी लकड़ा की उपस्थिति में तुसमु ग्राम के 30 किसानो के बीच 60 किलोग्राम सरसो का बीज पत्यक्षण के लिए दिया गया। सरसो का पत्यक्षण के लिए किसानो का चयन कृषक मित्र करमा उरांव के द्वारा किया गया था।

### स्व. विनोद बिहारी महतो की 33वीं पुण्यतिथि मनी

**रांची :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की आज 33वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित डोरंडा स्थित कार्यालय में मनाई गई. आंदोलनकारियों ने विनोद बिहारी महतो अमर रहे नारा बुलंद किया एवं विनोद बिहारी महतो के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाने का संकल्प लिया. मौके संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि विनोद बिहारी महतो अखंड झारखंड के पक्षधर थे।

## जशपुरिया बीएड. कॉलेज में क्रिसमस गेदरिंग का आयोजन

**अनगड़ा :** जशपुरिया बीएड कॉलेज बीसा में आज क्रिसमस गेदरिंग का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जशपुरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के अध्यक्ष श्री जैलेन्द्र कुमार ने केक काटकर किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में क्रिसमस के संदेश प्रेम शांति और भाईचारे को



आत्मसात करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने अपने कहा कि क्रिसमस हमें समर्पण सेवा और मानवता के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देता है। निदेशक डॉ. शालिनी प्रिया ने क्रिसमस को एकता और सहयोग का प्रतीक बताते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक समरसता में योगदान देने की प्रेरणा दी कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु आशा और तपेश्वर ने किया। इस मौके पर प्रशिक्षुओं ने नृत्य गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जो क्रिसमस की भावना को जीवंत करते हुए सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर प्रभा हेनरी सरिता कुमारी साजिब कुमार रीमा उपासना कच्छप गीता महाराज और रंचन कुमारी सहित सभी फैकल्टी और प्रमुख सदस्य उपस्थित थे।

## ब्राम्बे स्थित पंचायत सचिवालय में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**मांडर :** बुधवार को संस्था प्रगति एजुकेशनल एकेडमी मांडर, रांची के द्वारा ब्राम्बे पंचायत सचिवालय के सभागार में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के उद्यान प्रभाग, रांची के द्वारा उद्यान विकास योजना अंतर्गत बागवान, उद्यान मित्रों एवं कृषको का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन के मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी डॉ महेश राम उपस्थित होकर सभी प्रशिक्षण पाने वाले किसानों से रु बरु होकर प्रशिक्षण में किसान कितने लाभांवित हुए इसकी जानकारी ली। साथ ही किसानों को मिली जानकारी से संतुष्ट होकर उन्हें कृषि से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। और उद्यान विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं से किसानों को अवगत कराया।



प्रशिक्षक की भूमिका निभाते हुए इफिको के चंदन कुमार के द्वारा उपस्थित किसानों को विस्तार पूर्वक वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी और विभिन्न प्रकार के फसलों में होने वाली बीमारियों और उपचार के बारे मे बताया गया जिसमें तरल खाद एवं दवा को ड्रोन के द्वारा छिड़काव करते हुए दिखाया गया। डॉ विकास चतुर्वेदी के द्वारा कॉमर्शियल फसल लगाने पर जो दिया जिसमे ड्रैगन की खेती करने की किसानों को सलाह दिया। और कहा किसानों हर सम्भव मदद किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रगति एजुकेशनल एके-डमी, मांडर, रांची के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण पाने वाले 50 किसानों को प्रमाण पत्र, सब्जी बीज एवं कृषि से सम्बंधित सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सचिव दिनेश कुमार मेहता, प्रशिक्षक डॉ. विकास चतुर्वेदी, मुखिया अनीता उरांव , बबीता कश्यप, सोनाली बागे, शिवम कुमार, प्रशांत कुमार, आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने छेड़खानी की घटनाओं पर जताई चिंता, सरकार से की सुरक्षा की मांग

संवाददाता

**रांची :** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने राजधानी रांची में छात्राओं के साथ हो रही छेड़खानी की घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है और राज्य सरकार से विधि व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और स्कूल कॉलेज के समय पुलिस गस्ति की व्यवस्था की जाए ताकि छात्र-छात्राएं सुरक्षित रह सकें।

अजय राय ने कहा कि वर्तमान में छेड़खानी और हत्याओं का दौर जारी है, जिससे अभिभावकों में चिंता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को विधि व्यवस्था से संबंधित मामलों पर गंभीरता दिखानी चाहिए ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

अजय राय ने आग्रह किया कि राज्य सरकार स्कूल कॉलेज के आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए और पुलिस गस्ति की व्यवस्था को मजबूत बनाए। उन्होंने कहा कि इससे छात्र-छात्राएं सुरक्षित महसूस करेंगे और उनके अभिभावकों की चिंता भी कम होगी।

झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि वह छेड़खानी की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। एसोसिएशन ने कहा कि इससे समाज में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी और छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को सुरक्षित महसूस करेंगे।

अजय राय ने कहा कि झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करने को तैयार है ताकि छात्र-छात्राएं सुरक्षित और संरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन राज्य सरकार को इस मुद्दे पर सहयोग करने के लिए तैयार है।

## कांग्रेस संगठन समिति का गठन को लेकर हुई बैठक

**अनगड़ा :** प्रखंड मैदान अनगड़ा में मंगलवार को शनिचरवा पाहन की अध्यक्षता में अनगड़ा प्रखंड काँग्रेस कमिटी की एक बैठक संपन्न हुई। और काँग्रेस संगठन समिति का गठन किया गया। जिसमें मुन्ना मुण्डा शफीक अंसारी किष्टो कुजूर युनूस अंसारी सर्वसम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष चुने गए। वहीं उपाध्यक्ष के पद पर अजय करमाली का चयन किया गया। साथ ही महिला कांग्रेस समिति का भी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष के पद पर सरिता देवी मंजु देवी उमा देवी सुनिता देवी एवं सरिता देवी का चयन किया गया। बैठक में मौके पर रजाक अंसारी विशाल स्वांसी



रब्बानी राज शिवदास गोस्वामी अब्बास अंसारी मिनहाज आलम किशोर करमाली इरफान अंसारी सोहन करमाली बलराम पाहन चमरू पाहन रोहित नायक अनमोल लकड़ा सोहन पाहन रतिलाल महली ललिता देवी करमी देवी जॉन तिग्गा सावना मुण्डा मंजू कुमारी दशरथ पाहन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सैनिक संस्था का 17 वॉ राष्ट्रीय अधिवेशन 21 दिसम्बर को गाजियाबाद में

**रांची :** राष्ट्रीय सैनिक संस्था का 17 वॉ राष्ट्रीय अधिवेशन 21 दिसम्बर को साहिबाबाद, गाजियाबाद में होने जा रहा है। राष्ट्रीय सैनिक संस्था का 17 वॉ राष्ट्रीय अधिवेशन 21 दिसम्बर को साहिबाबाद, गाजियाबाद में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी के नेतृत्व में होने जा रहा है।जिसमे मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल श्री गुरमीत सिंह एवं पावन चिंतन धारा के संस्थापक डॉक्टर गुरु पवन सिन्हा, आंध्र प्रदेश सरकार, स्कोडा ग्रुप व लोहिया ग्रुप के सलाहकार राजन छिब्बर, क्लाइड ग्रुप आफ होटल्स के अध्यक्ष विजय कपूर,आर्डनेंस कॉपर्स के पुर्व प्रभागीय अधिकारी मेजर जनरल मोहन लाल कपूर,एवं तिरकित थाईलैंड के पूर्व मंत्री पद्मश्री डॉक्टर चिरपत जी बतौर विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व शांति केंद व अहिंसा विश्व भरती के संस्थापक डॉक्टर लोकेश मुनि जी व संचालन राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय सचिव गौरव सेनानी राजेन्द बगासी करेगें।इस राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अधिवेशन में 20 प्रदेशों से राष्ट्रीय सैनिक संस्था के 500 पांच सौ से अधिक शीर्ष पदाधिकारी भाग लेगें।यह जानकारी राष्ट्रीय सैनिक संस्था झारखंड प्रदेश युवा कमांड अध्यक्ष मनोज कुमार पुटू ने दी।

## लोटा में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 25 एवं 26 दिसम्बर 2024 को

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लोटा स्कूल मैंदान में रविवार दिनांक 15 दिसंबर 2024 को एक आवश्यक बैठक पूर्व पंचायत समिति सदस्य दशरथ महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । जिसमें मिलन फुटबॉल क्लब लोटा के सदस्यगण भी शामिल हुए । दो दशकों से लगातार होने वाले शहीद निर्मल महतो जयंती दिवस के शुभ अवसर पर 25 एवं 26 दिसंबर को दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता एवं विराट मुर्गा लड़ाई सफलता पूर्वक संपन्न कराने को लेकर आवश्यक विचार विमर्श किया गया । इसके मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो होंगे । साथ ही कमेटी का पुनर्गठन किया गया । जिसमें मुख्य संरक्षक बलराम महतो उर्फ राधिका (झामुमो सिल्ली प्रखंड



अध्यक्ष), अध्यक्ष रविंद्र नाथ मुंडा (लोटा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि), उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो, सचिव मिथुन चंद्र महतो, सहसचिव शशिकांत सिंह, कोषाध्यक्ष भगीरथ महतो, सहकोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार महतो, संरक्षक-दशरथ महतो, रामपदो महतो, हरिदास मुंडा एवं प्रथम चंद्र महतो के अलावा। सक्रिय सदस्यों में अमित सिंह मुंडा उर्फ गाडाम, शंकर महतो, मनोहर महतो, मजेन महतो, दिलीप कुमार महतो, उपेंद्र महतो, मेघनाथ महतो, कार्तिक महतो, भीम महतो, राजेंद्र महतो, राजेन महतो, पवन महतो, रामरतन महतो, नागेश्वर महतो, विनोद कुमार आदि शामिल हैं। यह जानकारी कमेटी के सदस्यों ने दी।

## भाजपा नेता ने साबित कर दिया कि भाजपा में बगैर पैसा का टिकट मिलना नामुमकिन : डॉक्टर मनोज

**रांची :** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने यह साबित कर दिया कि भाजपा में बगैर पैसे के लेनदेन के बिना टिकट मिलना नामुमकिन ही नहीं असंभव भी है ।भारतीय जनता पार्टी का चाल, चरित्र और नियति और नीति यही है यही भाजपा नेताओं का दोहरा चरित्र है टिकट नहीं मिलने पर भाजपा नेता ही उजागर कर रहे है ,दूसरे दलों के नेता बोलते तो बोला जाता कि झूठा आरोप है अब भाजपा नेताओं को बोलना चाहिए कि यह क्या भ्रष्टाचार है या नहीं। भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता जो भ्रष्टाचार के नाम पर राग अला पते रहते है और विपक्ष पर दोषा रोपण करते थकते नहीं है भारतीय जनता पार्टी में जितने भी नेता है सभी भ्रष्टाचारी है कोई भी दूध के धुले हुए नहीं है यह भारतीय जनता पार्टी के नेता ही बता रहे हैं इस पर प्रदेश अध्यक्ष सहित तमाम नेताओं को बोलने का साहस करना चाहिए।महागामा विधानसभा के लिए दीपक प्रकाश जी के आवास पर और खुखरी गेस्ट हाउस में पैसा देकर विधानसभा का चुनाव में टिकट दिलवाने की बात कही जा रही है प्रदेश अध्यक्ष जी को बताना चाहिए पब्लिक डोमेन में बात आनी चाहिए कि भाजपा नेता कितने सत्यवादी है।

## बेथेसदा महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मैं क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

**रांची :** क्रिसमस गैदरिंग समारोह बेथेसदा महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय परिवार द्वारा कॉलेज परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ




साक्षीवाणी गीत द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि राइट रेव्ह मार्शल केर-केट्टा द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। मुख्य अतिथि ने मानव जीवन प्रेम, सद?भावना तथा आपसी भाईचारा से रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों द्वारा नृत्य तथा नेटिविटी प्ले का मंचन किया गया। बी.एड. तथा एम० एड० के विद्यार्थियों के द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में मोडरेटर राइट रेण्ह. मार्शल केरकेट्टा संकरेटरी डा. वीणा तिरु प्रोफेसर इन-चार्ज डॉ दीपशिखा बाखला, अन्य गनमान्य अतिथि. शिक्षक-शिक्षिका तथा छात्राएँ उपस्थित थे।

## कॉलेज की कार्यकारणी समिति की बैठक

**तमाड़ :** प्रखंड क्षेत्र स्थित इंटर महाविद्यालय सलगाडीह प्रबंध कार्यकारिणी समिति की आवश्यक बैठक परिसर में आयोजित किया गया। बैठक में महाविद्यालय



की आवश्यक चीजों की कमी पूर्ति जल्द हेतु विचार विमर्श किया गया। साथ ही महाविद्यालय हेतु स्नातक के लिए कक्षा, कर्मचारी तथा प्राचार्य, व्याख्याता, लिपिक सहित चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की जल्द बहाली के साथ ही कक्षा प्रारंभ करने का प्रस्ताव पारित किया गया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुण्डा, हल्दर मेहता, कालीचरण महतो, दीपक कुमार गुप्ता, परमेश्वर अहीर, श्यामसुंदर स्वांसी, नलीन कुमार महतो, करमा स्वांसी, मो. रूफ सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## रांची में पहली बार पुर्वी भारत वास्तुविद् सम्मेलन का आयोजन 20 एवं 21 दिसंबर को

**रांची :** झारखण्ड की राजधानी रांची में पहली बार पुर्वी भारत वास्तुविद् सम्मेलन का आयोजन 20 एवं 21 दिसंबर 2024 को रांची में रखा गया है। सम्मेलन का नाम




पूर्वदय रखा गया है। जिसने पुरे भारतवर्ष की वास्तुकला परिषद् के अध्यक्ष, वरिस्ठ पदाधिकारी सामिल होगे। इस कार्यक्रम में पूर्वी भारत के पाँच राज्य बिहार, बंगाल, उड़िसा, एवं असम के वास्तुविद सामिल हो रहे हैं। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य यह है की शहर कि सुन्दरता, टूरिज्म, यातायात सुगमता, स्थानिय सामग्री उपलब्धता के आधार पर वास्तुकला को बढ़ाना है। ज्ञान भागीदारी संस्था वास्तु कला परिषद् एवं बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान - मेसरा राँची योगदान दे रहे हैं। इस कार्यक्रम का ओद्योगिक सहयोगी जगुआर, ग्रीन लेम, पासा, शक्ति होरमन डोइस, रूंगटा स्टिल, कुल एन केयर, जे. के. सिमेंट, इरोबोण्ड, फेनिष्टा, अरबन पेबरस एवं अन्य सहयोगी ने अपना उत्पाद का प्रदर्शिनी कर रहे हैं। इसकी जानकारी आई० आई० ए० झारखण्ड चैपटर के चेयरमेन श्री अतुल सराफ जी ने दिया।

## सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी मिले एनएचए आई के चेयरमैन से

**रांची :** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने आज नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचए आई) के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव से मिलकर के एन एच 20 रांची एवं रामगढ़ के बीच चुटू पालू घाटी में गंडके मोड़ समीप आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटना में जान माल की हो रही क्षति को रोकने, सड़कों को दुरुस्त करने, फोरलेन सड़क का निर्माण, फुट ओवर ब्रिज अंडरपास का निर्माण कराने व सड़क निर्माण के लिए व



अधिग्रहण किए गए भूमि का भुगतान करने कई संबंधित विषयों को लेकर चर्चा की। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष ने रामगढ़ चुटू पालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटना को लेकर कहा कि इस विषय पर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। वाहन चालक ज्यादा गति से नहीं चले, न्यूट्रल में नहीं चलाएं और ओवरलोडिंग भी नहीं हो, इस पर भी ध्यान रखने की जरूरत है। सड़क दुर्घटना नहीं हो इसको लेकर कई कदम उठाए जा रहे हैं। जहां तक एलाइनमेंट व जांच का विषय है तो इस पर भी प्राधिकरण गंभीर है। स्थायी समाधान निकालने के लिए अलग से सड़क निर्माण कराया जाएगा। सांसद ने अध्यक्ष का ध्यान जैना मोड़ से देवघर वाया बेरमो, नावाडीह, डुमरी, ससारखों, नारायणपुर मधुबन व गिरिडीह तक में फोरलेन सड़क का निर्माण कराने, गोविंदपुर एन एच -19 से गिरिडीह तक सड़क को फोरलेन करने, एनएच 19 डुमरी मोड़ केवी हाई स्कूल के सामने व आईबीपी गूझाडीह मोड़ में आर ओबी का निर्माण कराने, गोला से रामगढ़ तक फोरलेन सड़क का निर्माण कराने पर आकृष्ट कराया। साथ ही उन्होंने तोपचांची प्रखंड के 12 नंबर कोटल डीह और जरीडीह प्रखंड में सड़क निर्माण में बांधडीह में दक्षिण पंचायत के टोला मांझीडीह चौक के पास अंडर पास का निर्माण कराए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने न 32 में रायगंज के लोहपीटी में किए गए जमीन अधिग्रहण का अब तक भुगतान नहीं होने के मामले को रखते हुए भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मिलने सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की बातों को ध्यान पूर्वक सुनने के बाद प्राधिकरण के अध्यक्ष ने उन्हें इस बात के लिए आश्वस्त किया की प्राधिकरण के रांची क्षेत्रीय कार्यालय को इस विषय पर जरूरी दिशा निर्देश देते हुए स्थल निरीक्षण कर फिजिबिलिटी रिपोर्ट मांगी जाएगी।

## संक्षिप्त

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल की छात्रा ने ओलिंपियाड 2024 में जगह बनाई



**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा जानवी सिन्हा ने रीजनल मैथमेटिकल ओलिंपियाड (आर.एम.ओ) 2024 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतिष्ठित परीक्षा छात्रों की तार्किक क्षमता और गणनात्मक कौशल का आकलन करती है। जानवी ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलिंपियाड (आई.एन.एम.ओ) 2024 के लिए अपनी योग्यता साबित की। प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने जानवी की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रेरणादायक बताया और अगले चरण में भी बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

# ओरमांझी प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय ओरमांझी का औचक निरीक्षण किया। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंचते ही उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें।

प्रखंड सह अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच कि गई। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की। उन्होंने लॉग बुक, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन तथा अन्य की



जांच करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रुप से कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। उपायुक्त ने बीडीओ/सीओ एवं सभी कर्मचारियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये अबुआ साथी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करने को कहा।

समुचित साफ-सफाई का निर्देश उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने पूरे प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए साफ-सफाई कराने का निर्देश दिये।

प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कोई बिचौलिया नही आए यह सुनिश्चित करें

उपायुक्त रांची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ओरमांझी को कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कोई बिचौलिया नही आए यह सुनिश्चित करें। अगर सम्बंधित प्रखंड से किसी प्रकार कि शिकायत प्राप्त होती हैं, तो त्वरित कार्रवाई कि जाएगी।

आमजनों कि विभिन्न जगहों से मिल रही शिकायत पर उपायुक्त रांची काफी गंभीरता से सभी शिकायतों को ले रहें हैं। जिसको लेकर वे अचानक से अंचल और प्रखंडो का औचक निरीक्षण कर रहें हैं। उसी कड़ी में आज वे ओरमांझी प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे।

किसी भी आम नागरिकों को किसी परिस्थिति में सरकारी कार्यालयों का चक्कर नही काटना पड़े ये सभी पदाधिकारी सुनिश्चित करें।

आम नागरिक को काम करवाने के लिए किसी प्रकार कि देन-लेन कि शिकायत मिलने पर निश्चित रूप से कार्रवाई कि जाएगी।

जानकारी हो कि उपायुक्त रांची लगातार सभी अंचलों, प्रखंडों, सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर रहें हैं। उन्होंने कहा है, कि इसी तरह निरीक्षण और कार्रवाई होते रहेगी।

## मॉब लिंचिंग जैसी लानत के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग

**रांची :** अल्पसंख्यकों के अधिकार के लिए अल्पसंख्यक आयोग और झारखंड सरकार कृत संकल्पित है। मौजूदा हुकूमत अल्पसंख्यकों के अधिकारों के हनन की इजाजत किसी को नहीं देगी। अल्पसंख्यक समाज विकास विकास की राह पर अनवरत आगे बढ़े अल्पसंख्यक आयोग और हुकूमत झारखंड इसे सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न तरह के कार्य योजनाओं पर कार्य कर रही है। उक्त बातें कडरू स्थित हज हाउस में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के तत्वाधान में आयोजित विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के मौके पर वक्ताओं ने मौजूद लोगों को खिताब करते हुए कही।

प्रोग्राम में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए, जबकि स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, उच्च शिक्षा मंत्री सुदीप कुमार सोनू, राज्यसभा सदस्य झारखंड राज्य वर्क बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सरफराज अहमद, विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे। वही झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के वाइस चेयरमैन ज्योति सिंह माथारू समेत झारखंड के विभिन्न जिलों से अल्पसंख्यक समुदाय लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में अल्पसंख्यकों के राजनीतिक सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक विकास के मुद्दों पर वक्ताओं ने अपनी अपनी राय रखी। साथ ही साथ मॉब लिंचिंग जैसे मुद्दों पर भी वक्ताओं ने नाराजगी जताते हुए अल्पसंख्यक समाज के सुरक्षा कोई यकीनी बनाने के लिए सख्त से सख्त कानून बनाने की मांग की। प्रोग्राम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक आयोग के सदर हिदायतुल्ला खान ने की। हुकूमत झारखंड में स्वास्थ्य एवं खाद आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बीजेपी के खिलाफ जमकर हमला बोला। यहां विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के मौके पर आयोजित प्रोग्राम में डॉक्टर अंसारी ने कहा कि अल्पसंख्यक बीजेपी के निशाने पर हैं।

## रोजगार का जुमला दे कर मोदी सरकार ने देश के युवाओं को ठगा : अभिजीत राज

**रांची :** बुधवार को कांग्रेस कार्यालय, रांची में झारखंड प्रदेश युवा कॉंग्रेस कमिटी की प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य उपलक्ष्य के तहत राहुल गांधी के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम यांग इंडिया के बोल सीजन 5 का अनावरण प्रदेश युवा कॉंग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अभिजीत राज ने कहा कि रोजगार का जुमला दे कर मोदी सरकार ने देश के युवाओं को ठगा है। देश में रोजगार खत्म हो गया, किंतु अदानी संचालित मुंद्रा पोर्ट के रास्ते देश में नशे के रास्ते खोल दिए गए। देश में बेरोजगारी इस कदर हावी है कि 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष का जुमला फेक कर कुल प्राप्त आवेदनों के महज 0.3 प्रतिशत लोगों को रोजगार मिला। 10 वर्षों में महज सवा सात लाख युवाओं को नौकरी मिली।



देश के हर त्रस्त युवा को आवाज और मंच देने के लिए इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसके तहत ६३ृ८ृ ऐप प्लेस्टोर से डाउनलोड कर के अपना 60 सेकंड का वीडियो कोई भी युवा भेज सकता है। आगे प्रतियोगिताओं के माध्यम से राष्ट्रीय मंच तक के लिए वक्ताओं का चयन किया जाएगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक सह प्रदेश महासचिव मेहुल प्रसाद, प्रदेश महासचिव शादाब खान, संदीप कुमार, अभिषेक तिवारी प्रदेश सह समन्वयकगण अभिषेक सौरभ, अभिशांत गौरव, अंशुलक कुमार, शशिकांत वर्मा, रितेश तिवारी,चंदन सिंह, अंशु तिवारी, प्रियंका सिसोदिया, कोमल कुमारी, पूनम यादव, अजीत करमाली, गौरव सिंह,पुरुषोत्तम चौधरी, शराफत हुसैन, आरिफ हुसैन, इत्यादि मौजूद थे।

## मारवाड़ी युवा मंच रॉंची समर्पण शाखा की नौवी कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**रांची :** रांची समर्पण शाखा के सत्र (2024 25) की नौवें कार्यकारी बैठक शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया जी की अध्यक्षता में अप्पर बाजार स्थित नानी एंक्लेव में संपन्न हुई।

सर्वप्रथम शाखा अध्यक्षा ने स्वागत उदगार दिया। साथ ही सदस्यता शुल्क संग्रह करने के लिए कविता सोमानी जी और



डोली बंसल जी की प्रशंसा की। मीटिंग में पिछली बैठक की कार्यवाही सभा पटल में रखी गई। इसके बाद सचिव शुभा अग्रवाल ने नवंबर माह का प्रतिवेदन पेश किया। बैठक में दिसंबर और जनवरी माह में होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। जिसमें विशेष रूप से मंच स्थापना दिवस, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर, गौ सेवा, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, जन सेवा के कार्य आदि पर चर्चा की गई। आगामी प्रांत अधिवेशन पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही जनवरी महीने में होने वाले मंडलीय वनभोज पर चर्चा की गई। शाखा सचिव ने धन्यवाद यापन दिया और अध्यक्षा द्वारा बैठक की समाप्ति की की गई।

शाखा की कार्यकारिणी बैठक में अध्यक्षा विनिता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सुमिता लाठ जी, मीना टाईवाला जी कार्यकारिणी सदस्य रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार, पूजा अग्रवाल, दीपिका मोतीका, चंद्रकला, दिशा जैन उपस्थित थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## किसान आगे आएं, सरकार करेगी हर संभव सहयोगः शिल्पी नेहा तिर्की

**रांची :** झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन व सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सोमवार को धुर्वा स्थित मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र पहुंची। वहां उन्होंने प्रशिक्षणार्थी महिला-पुरुष मत्स्य कृषकों से संवाद किया। राज्य के चाय भाषा छात्र गिरिडीह जामताड़ा लोहरदगा सहित अन्य जिलों के मत्स्य कृषकों से बातचीत की। श्रीमती तिर्की ने चाईबासा की मत्स्य कृषक योगिता गगराई, गिरिडीह निवासी मत्स्य बीज उत्पादक शाहिना खातून, जामताड़ा के किसान अरिंदम चक्रवर्ती, लोहरदगा के बायोफ्लाक पद्धति से मत्स्य पालन करने वाले किसान पहलवान तिवारी, चतरा के मत्स्य पालक सुभाष चंद्र यादव सहित अन्य मत्स्य कृषकों से संवाद किया। उन्होंने मत्स्य पालन के क्षेत्र में किसानों की उपलब्धियों की सराहना की। उन्हें विभाग द्वारा हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। चाईबासा निवासी प्रगतिशील मत्स्य कृषक योगिता गागराई (अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर) ने मंत्री श्रीमती तिल की को बताया कि मध्य पालन के क्षेत्र में विशेष कर महिलाओं के आगे आने से पलायन रोकने में काफी सफलता मिली है। ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। श्रीमती तिर्की ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को विभागीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही उन्हें आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा उन्हें हर संभव सहयोग किया जाएगा। मौके पर मत्स्य निदेशालय के निदेशक डॉ.एचएन द्विवेदी, अमरेंद्र कुमार, शंभू प्रसाद यादव, संजय गुप्ता, कोल्हान प्रभारी मरियम मुर्मू, उप मत्स्य निदेशक मनोज ठाकुर, मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक सहित अन्य उपस्थित थे।

**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा**

निविदा संख्या 01

**अति अल्पकालीन निविदा**

स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा के स्वास्थ्य संस्थानों हेतु मेडिकल सामग्री एवं कार्यालय उपयोग हेतु अन्य जरूरी सामग्री की आवश्यकता है। प्रतिष्ठित निर्माताओं/उनके अधिकृत विक्रेताओं से विभिन्न शर्तों के साथ मुहरबंद निविदा दिनांक 27.12.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक अथवा स्वयं निविदादाता या उनके अन्य प्रतिनिधि जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 27.12.2024 के पूर्वाह्न 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जायेगा। निविदादाता सामग्रियों की सूची एवं निविदा की शर्तें कार्यालय अवधि में सिविल सर्जन, लोहरदगा के कार्यालय से राष्ट्रीयकृत बैंक का रू 1000/- (एक हजार रु. मात्र) का ड्राफ्ट सिविल सर्जन, लोहरदगा के नाम से जमा कर दिनांक 19.12.2024 से दिनांक 24.12.2024 के पूर्वाह्न 12:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। ड्राफ्ट की राशि वापस नहीं की जायेगी।

**असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा**

पत्रांक : 944 लोहरदगा, दिनांक 18.12.2024

## आशा का दीप बनें : फा. सुशील टोप्पो

रांची : क्रिसमस का समय हम खीस्त विश्वासियों के लिए एक अद्भुत और उल्लासपूर्ण पर्व होता है। यह वह अनमोल क्षण है, जब हम प्रभु येसु के जन्म की खुशी में डूबकर इस पर्व को श्रद्धा, आस्था और हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। परंतु, क्या आप जानते हैं कि क्रिसमस का असली अर्थ क्या है? यह सिर्फ क्रिसमस ट्री, सांताक्लाज या रंग-बिरंगे केक का पर्व नहीं है। इन प्रतीकों के माध्यम से हम उत्सव का आनंद तो लेते हैं, लेकिन क्रिसमस का सच्चा संदेश कहीं अधिक गहरा और अर्थपूर्ण है।

क्रिसमस वह दिन है जब प्रभु येसु ने स्वर्ग से पृथ्वी पर आकर मानवता का उद्धार किया, पाप से मुक्ति प्रदान की और हमें प्रेम, शांति और मुक्ति का अद्वितीय संदेश दिया। यही असली क्रिसमस है एक दिव्य प्रेम, शांति और समर्पण की कहानी, जो आज भी हमारे दिलों को सुकून और उत्साह देती है। इस दिन का महत्व सिर्फ उत्सव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें अपने आस्थाओं, आदर्शों और दृष्टिकोणों को नई दिशा देने के लिए प्रेरित करता है। जैसे परम पिता परमेश्वर ने अपने इकलौते पुत्र को हमारी मुक्ति के लिए हमारे बीच भेजा, वैसे ही हमें भी समाज में उपस्थित असहाय, गरीब और जरूरतमंदों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

क्रिसमस हमें यह सिखाता है कि खुशियाँ तब ही सच्ची होती हैं, जब हम इन्हें एक-दूसरे के साथ बांटते हैं, जैसे प्रभु ने हमें अपना सब कुछ दे दिया। यह हमारी आत्मा को उज्जवल बनाने और एक दूसरे के प्रति प्रेम और दया का संदेश देने का पर्व है। हम खीस्त विश्वासियों के लिए क्रिसमस सिर्फ आनंद और उत्सव का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, सेवा और मदद का प्रतीक है। यह हमें मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और सभी के लिए प्रेम और शांति का मार्ग दिखाने के लिए प्रेरित करता है।

***सुश्री अनिमा टोप्पो, सहायक शिक्षिका प्रभात तारा स्कूल, धुर्वा***

**आशा की दीप बनें**

काथलिक कलीसिया में खीस्त जयंती का अलग ही महत्व है। यह पर्व येसु के जन्मदिन की याद दिलाता है। उनका जन्म अद्भुत था, क्योंकि उनके जन्म से एक नया युग, नई सोच और नई जीवन शिक्षा की शुरूआत हुई। उनका जन्म भी विशिष्ट था, क्योंकि जोसफ और गर्भवती मरियम ने अगुस्तुस सीजर के समय यहूदी जनगणना के लिए अपना नाम दर्ज करवाने के लिए नाजरेथ से बेथलेहम पहुँचने के लिए लगभग 150 किलोमीटर पैदल यात्रा की। बेथलेहम पहुँचने पर गर्भवती मरियम दर्द से तड़प रही थीं, और जोसफ बड़े आशा और उम्मीद से मदद की गुहार लगाते हुए, घर-घर जाकर शरण की याचना कर रहे थे। लेकिन जोसफ और मरियम को अपरिचित और अजनबी समझकर अधिकांश लोग अपना दरवाजा बंद कर देते थे। फिर भी, जोसफ ने अपनी पत्नी मरियम को हौसला और साहस देते हुए, आशा की किरण के साथ हर घर का दरवाजा खटखटाया, लेकिन हर बार यही जवाब मिलता, हमारे यहाँ स्थान नहीं है, कृपया आगे जाइए। थके-हारे वे शरण की खोज में दर-दर भटकते रहे। अंत में, बहुत मुश्किल से उन्हें एक छोटे से कोने में एक स्थान मिला, जहाँ घरेलू जानवरों को रखा जाता था। वहीं, मरियम ने अपने प्यारे पुत्र येसु मसीह जन्म दिया। इस प्रकार, बड़ी तंगी में येसु का जन्म नाजरेथ के एक साधारण परिवार में हुआ, जहाँ जोसफ एक बढ़ाई थे।

येसु के जन्म का पर्व हम सभी मानवता के लिए, इस दुनिया के लिए आशा का संदेश देता है। यह पर्व आशा का पर्व है, क्योंकि यह हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए हिम्मत और साहस देता है। इस पर्व का यही संदेश है कि हम एक दूसरे के लिए आशा बनें। हम भी एक-दूसरे के लिए आशा बनें, जैसे जोसफ ने पूरी तत्परता और लगन के साथ अपनी पत्नी का साथ दिया। मरियम ने भी बड़े प्यार से, सुख और दुःख में, एक आशा की किरण बनकर एक आदर्श पत्नी और माँ का कर्तव्य निभाया और नाजरेथ के परिवार को प्रेम और पवित्र परिवार बनाया। दूसरी ओर, येसु के जन्म के समय दुनिया ने उन्हें शरण नहीं दी और उनका साथ नहीं निभाया। दुनिया ने येसु को उनके जन्म से लेकर मृत्यु तक दुःख, गम, अन्याय, तिरस्कार और धोखा दिया, लेकिन बदले में उन्होंने दुनिया को न्याय, प्रेम, क्षमा, विश्वास और शांति की शिक्षा दी। उन्होंने हमेशा दबे कुचले, शोषित, असहाय, जरुरतमंदों का सहारा दिया, हर कदम में उनका साथ दिया। इसलिए येसु ह्यइम्मानुएलह्व कहलाए जिसका अर्थ है प्रभु हमारे साथ है। उन्होंने अपनी आखिरी सांस तक अपने जीवन से प्रेम, साहस और आशा का एक अमिट संदेश दिया। यह पर्व हमें एक गहरा निमंत्रण देता है कि हम हर लाचार, बेबस, हताश और निराश दिलों के लिए आशा की किरण बनें। एक-दूसरे के जीवन में उम्मीदों का दीप जलाएं, ताकि हर कदम में एक नई रोशनी और विश्वास का अहसास हो।

**फा सुशील टोप्पो, रॉंची महाधर्मप्रांत**

**लैम्प्रेल एनर्जी लिमिटेड**

**सावधानी सूचना**

फर्जी नौकरी के ऑफर, भर्ती विज्ञापनों और यूएई वीजा से सावधान रहें

यह जनता को सूचित करने के लिए है कि कुछ बेईमान व्यक्ति, जो लैम्प्रेल एनर्जी लिमिटेड और उसके सहयोगियों (लैम्प्रेल) का हिस्सा होने और/या अधिकृत भर्ती एजेंट होने का दावा करते हैं, ईमेल या टेलीफोन कॉल, व्हाट्सएप संदेश, एसएमएस आदि के माध्यम से धोखाधड़ी से नौकरियों की पेशकश कर रहे हैं और संभावित नौकरी के इच्छुक लोगों से लैम्प्रेल में नौकरी पाने के लिए भुगतान/शुल्क मांग रहे हैं। ये व्यक्ति/संस्थाएं अनधिकृत रूप से लैम्प्रेल के नाम और लोगो का उपयोग कर रहे हैं। और फर्जी भर्ती विज्ञापनों और फर्जी रोजगार प्रस्ताव पत्रों पर लैम्प्रेल कर्मचारियों के जाली हस्ताक्षर कर रहे हैं ताकि उन्हें प्रामाणिक बनाया जा सके और व्यक्तियों को लैम्प्रेल में नौकरी पाने के लिए पैसे देने के लिए धोखा दिया जा सके।

आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे इस तरह की धोखाधडी वाली गतिविधियों का शिकार न बनें और इस तरह के धोखाधड़ी वाले नौकरी के प्रस्तावों, विज्ञापनों, ई- मेल, व्हाट्सएप संदेशों और टेलीफोन कॉल से सावधान रहें और ऐसे संदेशों/कॉल/ ईमेल का जवाब न दे या कोई व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। यह संभावना है कि इन बेईमान व्यक्तियों के संचार में लैम्प्रेल ईमेल पता, पहचान बैच या लेटरहेड या लैम्प्रेल का डोमेन नाम (या भ्रामक रूप से समान नाम) या रबर स्टैम्प हो सकता है। ताकि इसे प्रामाणिक बनाया जा सके। ये व्यक्ति पैसे के बदले में नकली और जाली नौकरी के प्रस्ताव पत्र और यूएई वीजा जारी कर रहे हैं। हम जनता को सावधान करना चाहते हैं कि लैम्प्रेल किसी भी तरह की पूर्व या बाद की नौकरी की आवश्यकता के रूप में कोई पैसा या कोई अन्य कीमती सामान नहीं लेता है। लैम्प्रेल झूठे भर्ती आश्वासनों के जवाब में इन बेईमान व्यक्तियों को संभावित नौकरी के इच्छुक लोगों द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। यह ध्यान दिया जा सकता है कि लैम्प्रेल केवल अपने स्वयं के मानव संसाधन विभाग और अधिकृत एजेंटों के माध्यम से एक औपचारिक भर्ती प्रक्रिया का पालन करता है। लैम्प्रेल तब तक ऑफर लेटर जारी नहीं करता जब तक कि उम्मीदवार उसकी आंतरिक HR/ LATC टीम के साथ साक्षात्कार और ट्रेड टेस्ट से न गुजर जाए।

इस सावधानी नोटिस के माध्यम से, हम सभी संभावित नौकरी चाहने वालों को सावधानी बरतने और इस तरह की झूठी भर्ती/नौकरी की पेशकश से गुमराह न होने की सलाह देना चाहते हैं। ऐसे बेईमान व्यक्तियों की कार्रवाई से होने वाले किसी भी नुकसान और/या क्षति के लिए लैम्प्रेल किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं है।

किसी भी प्रश्न के लिए कृपया हमें **lamprell@lamprell.com** और/या **recruitment@lamprell.com.** पर लिखे।

संकरी सुरेश
अधिकृत प्रतिनिधि (मानव संसाधन प्रबंधक)
लैम्प्रेल एनर्जी लिमिटेड की ओर से

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, चतरा।**

**एक दिवसीय भर्ती–कैम्प, दिनांक– 20.12.2024**

**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक–20.12.2024 को जिला नियोजनालय चतरा के कार्यालय परिसर में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन 04:00 बजे तक निम्नांकित Company द्वारा निम्नवत पद हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Exp. | Job location | Pay/Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Aadhya Hr Solutions Pvt.Ltd. | Junior Technician | 50 | I.T.I (Eletrical & Electrician) | 18-32 | Freshers | Bengaluru Karnataka | 16000/- | 8 Hours Duty |
| | | Senior Technician | 50 | Diploma, Electrical Electronics | 18-32 | Freshers | Bengaluru Karnataka | 17,400/- | 8 Hours Duty |
| | | Junior Technician | 100 | 10th, 12th, ITI, | 18-35 | Freshers | Bengaluru Karnataka | 20,500/- | 12 Hourse Duty |
| | | Helpers | 100 | No Need | 18-40 | Freshers | Bengaluru Karnataka | 19,000/- | 10 Hourse Duty |
| 02 | Rameshwar lal Khandelwal vidya mandir ,chatra | English Teacher | 02 | M.A+B.ED | 18-50 | 5 Years | Chatra | 10k-12k | -- |
| | | Hindi Teacher | 02 | M.A+B.ED | 18-50 | 5 Years | Chatra | 10k-12k | -- |
| | | Sanskrit Teacher | 02 | M.A+B.ED | 18-50 | 5 Years | Chatra | 10k-12k | -- |
| | | Biology Teacher | 01 | M.SC+ B.ED | 18-50 | 5 Years | Chatra | 10k-12k | -- |
| 03 | Acme Education Solution Pvt.Ltd | Skill Supervisor/ Mobilizer | 12 | Graduation/Inter | 18-35 | 2 Years Field experience | Dhanbad/Godda/Deoghar/Chatra/itkhori/Ranchi/ Gumla | 10K-12K | |
| | | General Duty Assistant Trainer | 12 | GNM/ANM/B.Sc.Nursing | 18-35 | B.sc. (Nursing) with 4 Year of experience GNM/ANM with 3 years of experience | Dhanbad/Chatra/Ranchi/ Gumla | 12K-15K | |
| | | Assistant-Electrician Trainer | 10 | ITI Electrician and Wireman/ Graduate/12th pass | 18-35 | Degree in Electrical Engineering with 2 year experience in relevant field. | Itkhori Chatra/Gumla/ Ranchi | 10K-12K | |
| | | Sampling Tailor Trainer | 12 | ITI/Diploma/AMT, from NIFT, or any other Polytechnic/institute in the core subject. | 18-35 | 3 Year Experience | Ranchi/Gumla/Chatra/Itkhori | 10K-12K | |
| | | Food Processing (Multi Skill Technician) Trainer | 04 | Hotel Management | 18-35 | 2 Year Experience agro Department/Civil Department | Gumla/Ranchi | 10K-12k | |
| | | Computer Operator | 10 | Graduate any steam & ADCA Diploma/BCA | 18-35 | 1 Year Experience | Chatra/Ranchi | 10K-12K | |
| | | Computer Teacher and Spoken English | 10 | Graduate any steam | 18-35 | 1 Year Experience Teaching | Chatra/Ranchi/ Itkhori/Latehar/Hunterganj/ pratappur/ Kanhachatti/ Gidhour | 8K-10K | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा।

अतः इच्छुक उम्मीदवार अपना निबंधन एवं चयन हेतु निवास प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लाएं।

नोटः– 1. किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
2. यह कार्य निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का लेन–देन अपराध है।

**जिला नियोजन पदाधिकारी**
**जिला नियोजनालय, चतरा।**

PR 342305 (Labour Employment and Traning) 24-25 (D)

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

TATA

पंजीकृत कार्यालयः 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013. सीआईएन नं. U67190MH2008PLC187552

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13 (2) के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के नियम 3 के साथ पठित।**

जबकि अधोहस्ताक्षरी टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस का प्राधिकृत अधिकारी है लिमिटेड (टीसीएचएफएल) अधिनियम के तहत और धारा 13 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए (12) पहले से जारी नियमों के नियम 3 के साथ नीचे दी गई विस्तृत मांग सूचना पढ़ें अधिनियम की धारा 13(2) के तहत, उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर (सभी अकेले या एक साथ "देनदार" के रूप में संदर्भित)/कानूनी को बुलाते हैं यहां सूचीबद्ध वारिस/कानूनी प्रतिनिधि को उल्लिखित राशि का भुगतान करना होगा संबंधित डिमांड नोटिस, संबंधित नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर विवरण नीचे दिया गया है. उक्त नोटिस की प्रतियां पंजीकृत डाक ए.डी. द्वारा भेजी जाती हैं अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त दायित्वधारी/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, संबंधित प्रति प्राप्त कर सकते हैं सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी
उपरोक्त के संबंध में, उक्त दायित्वधारी को एक बार फिर नोटिस दिया जाता है। /कानूनी वारिस(यों)/कानूनी प्रतिनिधि(ओं) को तारीख से 60 दिनों के भीतर टीसीएचएफएल को भुगतान करना होगा संबंधित नोटिस/सूचनाओं में उनके संबंधित के सामने नीचे दर्शाई गई राशि शामिल है नाम, आगे की रुचि के साथ, जैसा कि संबंधित तिथियों से नीचे बताया गया है भुगतान और/या वसूली की तारीख तक नीचे कॉलम (डी) में उल्लेख किया गया है, साथ पढ़ें उक्त दायित्वकर्ता द्वारा निष्पादित ऋण समझौता और अन्य दस्तावेज/लेखन, यदि कोई हो। जैसा ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा, निम्नलिखित सुरक्षित परिसंपत्तियाँ हैं उक्त बाध्यकर्ता द्वारा क्रमशः टीसीएचएफएल को गिरवी रखा गया।

| ऋण खाता संख्या | दायित्वधारी/कानूनी उत्तराधिकारी/ कानूनी प्रतिनिधि का नाम | कुल बकाया रु. नीचे दी गई तिथियों के अनुसार | डिमांड नोटिस की तारीख और एनपीए की तारीख |
|---|---|---|---|
| TCHHF0577000100237702 TCHIN05770001002 39417 TCHIN0577000100311695 | मो. इरफान, (उधारकर्ता) और मि. सुल्तान परवीन (सह-उधारकर्ता) | Rs. 25,47,694/- & Rs. 74,412/- & Rs. 4,25,784/ | 10-12-2024 और 02-12-2024 |

**सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरणः–**
बेसमेंट पर एक दुकान होने के कारण अचल संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल फर्श का माप 149 वर्ग का सुपर निर्मित क्षेत्र। फुट. उस सभी अविभाजित के साथ अदृश्य आनुपातिक हिस्सा मौजा-धनबाद, मौजा नंबर 51, मुनिसिप्ल में स्थित है खाता, प्लॉट नंबर 3792, 3817, आंचल के भीतर और जिला-धनबाद, झारखंड।

| | | | |
|---|---|---|---|
| TCHHF057700 0100278911 & TCHIN057700 0100279536 | रौशन कुमार शर्मा (उधारकर्ता) श्रीमती प्रीति कुमारी, मेसर्स श्री विष्णु सेल्स (सह-उधारकर्ता) | Rs. 32,99,506/- Rs. 1,81,818/- | 11-12-2024 और 02-12-2024 |

**सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरणः–**
अचल संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल जिसका क्षेत्रफल 5.05 है मौजा गोविंदपुर, मौजा नंबर 166, नया खाता नंबर 691, पुराना में स्थित भूमि का दशमलव हिस्सा खाता नंबर 38, नया प्लॉट नंबर 401,402,403, पुराना प्लॉट नंबर 311 और 312, आंचल गोविंदरा के भीतर, जिला. धनबाद, झारखंड. संपत्ति को निम्नानुसार बट और बाउंड किया गया हैः - उत्तरः - प्लॉट नंबर 312 और प्लॉट नंबर 321, दक्षिणः - इस प्लॉट का हिस्सा, पूर्वः - 15 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिमः - प्लॉट नंबर 310.

| | | | |
|---|---|---|---|
| TCHHL05350 00100086205 | आसिफ इकबाल (उधारकर्ता) मि. अरफी सबा (सह-उधारकर्ता) | Rs. 23,76,895/- | 13-12-2024 और 04-12-2024 |

**सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरणः–**
अचल संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल एक आवासीय फ्लैट नंबर 2/2, एट ब्लॉक के भीतर दूसरी मंजिल - कबीर फ़वाज/ए.आर. रेजीडेंसी जिसका क्षेत्रफल काफी बड़ा है 1370 वर्ग. फुट. (सुपर बिल्ट अप) और एक कार पार्किंग स्थल या उसके ऊपर निर्मित और निर्मित मौजा- पारडीह थाना- मानगो थाना नंबर 1641, जिला-ई सिंहभूम वार्ड नंबर 9 खाता नंबर 274 प्लॉट नंबर 589एबीसी, जेम्सशेदपुर में स्थित 9.53 कट्ठा भूमि का प्लॉट झारखण्ड - 831012.

*अतिरिक्त ब्याज के साथ, दर पर अतिरिक्त ब्याज जैसा कि विशेष रूप से बताया गया है ऊपर उल्लिखित संबंधित मांग नोटिस, प्रासंगिक व्यय, लागत, भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए शुल्क आदि। यदि उक्त बाध्यकर्ता उपरोक्त टीसीएचएफएल को भुगतान करने में विफल रहेगा, तो टीसीएचएफएल उसके खिलाफ कार्रवाई करेगा धारा 13(4) के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति उक्त अधिनियम और लागू नियम पूरी तरह से उक्त बाध्यकर्ता/कानूनी के जोखिम पर हैं लागत और परिणाम के बारे में वारिस/कानूनी प्रतिनिधि। उक्त दायित्वधारी/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को इसके तहत प्रतिबंधित किया गया है उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने के लिए उक्त अधिनियम, चाहे बिक्री के माध्यम से, पट्टे के माध्यम से या अन्यथा पूर्व लिखित सहमति के बिना टीसीएचएफएल। कोई भी व्यक्ति जो प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है उसके तहत बनाए गए अधिनियम या नियम कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होंगे अधिनियम के तहत प्रदान किया गया।

दिनांकः-19-12-2024,
स्थानः-झारखंड

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के लिए

## 5 दिनों की भव्य अनुष्ठान के बाद श्रीश्याम मंदिर में होगा प्राण प्रतिष्ठा

### तीन से 8 फरवरी के बीच होगा हवन-पूजन का कार्यक्रम, तैयारी शुरू



**रामगढ़।** शहर के नेहरू रोड में नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर में श्री खाटू श्याम बाबा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। तीन से 8 फरवरी के बीच होने वाले भव्य हवन और पूजन कार्यक्रम को लेकर अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। मंदिर प्रांगण में आयोजन समिति की बैठक में बुधवार को आयोजित की गई। इसमें ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य, भूदाता, दानदाता समेत प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य रूप में आयोजित करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष सांवरमल अग्रवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि वर्षों से श्री श्याम भक्तों को बाबा के आगमन की प्रतीक्षा रही है। मंदिर में श्याम सरकार विराजमान होंगे और भक्तों का सपना साकार होगा।

### मंदिर में विराजेंगे श्री गणेश और श्री बालाजी महाराज

सांवरमल अग्रवाल ने बताया कि श्याम बाबा की प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ मंदिर में श्री गणेश और श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। सचिव अनिल कुमार गोयल ने कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 21 जनवरी को श्री श्याम ज्योत लाने के लिए शिव कुमार अग्रवाल के सानिध्य में मंदिर प्रांगण से खाटू धाम प्रस्थान होंगे। 28 जनवरी को श्रीश्याम ज्योत खाटू नगरी से गाजे बाजे व भजन कीर्तन के साथ रामगढ़ आएगी।

### 3 फरवरी को आयोजित होगी कलश यात्रा

3 फरवरी को दामोदर नदी से कलश यात्रा होगी। बनारस के आचार्य लोकेंद्र शर्मा के साथ सूरजगढ़ राजस्थान के हजारीमल के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की विधि की जाएगी। 4 फरवरी को सुंदरकांड पाठ,5 को श्रीश्याम ज्योत पाठ, 6 को शोभा यात्रा,7 फरवरी को श्री श्याम प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा सुबह शुभ मुहूर्त 11.20 से 12.40 के मध्य में होगी। अटूट भंडारा प्रसाद, भजन कीर्तन व बाबा के दर्शन के लिए भव्य श्रृंगार के साथ पट खोले जाएंगे। 8 फरवरी को प्रथम एकादशी कीर्तन का आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा।

### मंदिर के साथ बनकर तैयार हुआ धर्मशाला

बाबा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए बाबा के खजाने का विशेष कूपन जारी की गई है। यह मंदिर समिति से प्राप्त किया जा सकता है। भवन निर्माण मंत्री रमेश अग्रवाल ने कहा कि मंदिर के साथ धर्मशाला का भी निर्माण किया गया है। लिफ्ट की व्यवस्था उपलब्ध है। मंदिर निर्माण के कार्य में रमेश अग्रवाल पिछले 10 वर्षों से दिन रात लगे हुए है। ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य श्याम परसरामपुरिया ने श्याम भक्तों को धन्यवाद दिया। मंच का संचालन कमल बगड़िया ने किया।

## डीसी ने की समाज कल्याण विभाग की समीक्षा

### 4 सेविका और 46 सहायिकाओं की बहाली के लिए हो प्रचार



**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार ने बुधवार को जिला समाज कल्याण विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सेविका के चार पद और सहायिकाओं के 46 पद की बहाली के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से क्रमवार संचालित योजनाओं व विकास कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई। पोषण ट्रैकर एप की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला सुपरवाइजर्स को 28 दिसंबर तक शत प्रतिशत गर्भवती व धात्री माताओं का डाटा पोषण ट्रैकर ऐप में अंकित करने एवं ससमय सभी को पोषाहार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### आंगनवाड़ी में उपलब्ध हो ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरण

आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों यथा इन्फैंटोमीटर, स्टेडिओमेटर, वेट स्केल आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने निर्देश दिया। वर्तमान में आवश्यकता अनुसार ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरणों का आकलन करते हुए संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा। साथी ही रिक्त पड़े सेविकाओं के 4 पद और सहायिकाओं के 46 पद के लिए व्यापक प्रचार करने का निर्देश दिया।

### कुपोषित बच्चों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराएं सीडीपीओ

कुपोषण उन्मूलन की दिशा में कार्यों की समीक्षा के दौरान डीसी ने सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर को उनके उनके क्षेत्र में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके उपचार हेतु नजदीकी एमटीसी केंद्र में उन्हें भर्ती करने का निर्देश दिया। समाज कल्याण प्राधिकारी ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर निजी विद्यालयों में पढ़ रही बच्चियों को भी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जाना है। इस दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, कन्यादान योजना सहित अन्य योजनाओं के प्रति गंभीरता पूर्वक कार्य करने एवं निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया जागरूकता शिविर का आयोजन

**रामगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में चलंत लोक अदालत एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना के तहत बुधवार को सिद्धू कान्हू मैदान, केदला पंचायत भवन, घाटो चौक, एस सी-एस टी विद्यालय माण्डु मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिनव कुमार न्याय रक्षक, अधिकार मित्र अरविंद राम, योगेश्वर कुमार, उपेन्द्र कुमार अन्य अधिकार मित्रो ने भाग लिया। अभिनव कुमार के द्वारा लोगों को लोक अदालत, विधिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम का भी विस्तृत जानकारी दिया। इन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य सभी नागरिकों को न्याय उपलब्ध कराना है, चाहे वे आर्थिक रूप से सक्षम हों या नहीं। यह प्रणाली गिरफ्तारी से पहले, रिमांड और बेल की प्रक्रिया से लेकर अपील तक, निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करती है।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में रामगढ़ पुलिस ने जनता की समस्याओं को किया दूर

# जिले के तमाम पुलिस अधिकारियों ने मिलकर की लोगों की समस्या दूर:एसपी

**रामगढ़।** झारखंड के डीजीपी के निर्देश पर रामगढ़ जिले में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसे लेकर सभी अधिकारी शहर के बाजार टांड़ स्थित सिद्धू-कान्हू मैदान में एक मंच पर पहुंचे। सभी ने मिलकर जनता की समस्याओं से अवगत होकर समाधान किया। उक्त बातें बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में एसपी अजय कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि इससे पहले सितंबर माह में भी शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 175 मामले आए थे, उनमें से 150 मामलों का समाधान किया जा चुका है। कुछ मामले ऐसे थे जो सुलह होने लायक नहीं थे। साथ ही कुछ मामले न्यायालय में लंबित हैं। वैसी स्थिति में पुलिस का दायरा सीमित हो जाता है।

### कई मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट समाधान

एसपी ने बताया कि बुधवार को भी सभी थाना प्रभारी समाधान केंद्र में पहुंचे थे। यहां लगभग 100 से अधिक मामले पहुंचे हैं। इस दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान कर दिया गया। इसके अलावा अन्य मामलों का निष्पादन भी जल्द ही कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिकायत करने वालों को एक टोकन नंबर दिया गया है। जिसे ऑनलाइन करने का प्रयास किया जा रहा है। टोकन नंबर से शिकायतकर्ता अपने आवेदन पर हुए कार्य की जानकारी संबंधित थाने में ले सकता है। अधिकतर मामले जमीन से जुड़े हुए थे। इसके समाधान के लिए अंचल अधिकारियों को भी इस शिविर में बुलाया गया था।



### डीसी ने लिया समाधान केंद्र का जायजा

जन शिकायत समाधान केंद्र का जायजा लेने डीसी चंदन कुमार भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्या और समाधान की प्रक्रिया के बारे में जाना। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जमीन से जुड़े हुए मामलों पर एक टीम बनाकर काम करने की बात कही। उन्होंने बताया कि थाने में दर्ज जमीन से संबंधित मामलों की एक सूची तैयार की जाए। साथ ही उस सूची के आधार पर अंचल अधिकारियों से सहमति ली जाए। ऐसे ही एक शिविर लगाकर उसदिन शिकायतकताओं को बुलाया जाए और उनकी समस्या का समाधान हो तो बेहतर रहेगा। एक मंच पर जब सिविल और पुलिस अधिकारी काम करेंगे तो जल्दी समस्या का समाधान निकलेगा।



### सभी थाना और ओपी के लगाए गए थे काउंटर

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में जिले के सभी थाना और ओपी के काउंटर लगाए गए थे। जिसमें, रामगढ़ थाना, रजरप्पा थाना, गोला थाना, बरलंगा थाना, मांडू थाना, कुजू ओपी, वेस्ट बोकारो ओपी, पतरातू थाना, बासल थाना, बरकाकाना ओपी, भुरकुंडा ओपी, भदानीनगर ओपी प्रभारी के द्वारा जनता की शिकायतों पर आगे की कार्रवाई की गई। इस दौरान यथासंभव ऑन द स्पॉट मामले का निष्पादन करने का प्रयास किया गया। जिनका निष्पादन नहीं हो सका, उनके लिए संबंधित थाने की पुलिस आगे प्रयास करेगी।

## दामोदर नदी बचाओ संघर्ष समिति ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

### यह अभियान आंदोलन का रूप लेगा समिति :राजेश ठाकुर



**रामगढ़।** दामोदर नदी बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में बुधवार को डोर टू डोर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यह हस्ताक्षर अभियान रामगढ़ जिला में चलाया जाएगा। इस अभियान में सैकड़ो युवाओं के द्वारा जनजागरण अभियान है। ताकि दामोदर नदी को गंदगी मुक्त बना सके। समिति के संयोजक राजेश ठाकुर ने बताया कि यह हस्ताक्षर अभियान डोर टू डोर चलाया जा रहा है। 10 से 15 साल के अंदर एक स्वच्छ नदी को गंदा नाला बना दिया गया है। कल कारखानों के द्वारा नदी को गंदा किया जा रहा। मृत्यु जानवरों को भी पानी में फेंका जा रहा। जिससे पानी जहरीला होता जा रहा है। रामगढ़ में जन जागरण अभियान चलाकर इस मुहिम को आंदोलन में जोड़ा जाएगा। हमारा नारा है दामोदर नदी बचाओ रामगढ़ बचाओ इस मुहिम के तहत या अभियान चलता रहेगा। जब तक दामोदर नदी स्वच्छ सुंदर निर्मल ना हो जाए। इस अभियान के कोर कमेटी के अरविंद कुमार, तुलेश्वर पासवान, अनिल रजक, राजेश सोनी, ओम प्रकाश, जीतन कुमार, सौरभ ठाकुर, पंकज कुमार, असवार महतो, पवन महतो आदि उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग के प्रशिक्षुओं ने गड़के गांव का शैक्षणिक सर्वे किया

### गांव की संपूर्ण प्रगति का संग्रह ,संकलन और प्रचार-प्रसार करना है लक्ष्य :बीएन साह

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने गड़के गांव का शैक्षणिक सर्वे किया। जिसमें एमएड, बीएड सत्र 2023- 25 एवं 2024-26 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में गांव की संपूर्ण प्रगति का संग्रह, संकलन और प्रचार-प्रसार करना है। प्रशिक्षुओं ने गांव का भ्रमण किया एवं सर्वे के लिए तैयार अनुसूची के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक से संबंधित आंकड़े एकत्रित किया गया, यह अकड़ा प्रशिक्षुओं के साथ-साथ ग्रामीणों को मिल का पत्थर साबित होगा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने झारखंड राज्य के रामगढ़ जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जहां वर्तमान में रूढ़िवादिता, अराजकता, अंधविश्वास सहित न जाने कितने ऐसे व्यापक क्षेत्र है जहां अभी भी शिक्षा का अलख जगाना एक बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा किया गया यह सार्थक प्रयास सराहनीय है। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अंजू तिवारी ने कहा कि यह शैक्षणिक सर्वे हमारे पाठ्यक्रम का एक हिस्सा। इस सर्वे के दौरान प्रशिक्षुओं को सामुदायिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा और छात्रों में सहयोग की भावना जागृत होगी। सभी प्रशिक्षुओं ने सर्वे के उपरांत स्वादिष्ट भोजन का भी आनंद लिया।

## डीसी ने रामगढ़ जिले में शुरू की संपूर्ण शिक्षा कवच, हाईटेक क्लास से जुड़े छात्र

**रामगढ़।** जिले में शिक्षा को सुदृढ़ और उन्नत करने की दिशा में डीसी चंदन कुमार ने डीएमएफटी के तहत सम्पूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में किया गया। यह कार्यक्रम सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक क्रांतिकारी पहल है। जिसमें उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर काउंसलिंग और तकनीकी सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही साथ इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को 24 7 7 शिक्षक उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिक्षक, उप जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक, शिक्षक और शैक्षणिक संस्था फिलो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




**छात्रों का बेहतर भविष्य बनाने के लिए डीसी ने दिया मार्गदर्शन :** कार्यक्रम के दौरान डीसी चंदन कुमार ने उपस्थित प्रधानाध्यापकों और विज्ञान शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा, जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले के प्रत्येक छात्र का जीवन बेहतर बनाया जाए। सम्पूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम इसी दिशा में एक सशक्त पहल है। इसके तहत विद्यार्थियों को 247 किसी भी समय, कहीं भी लाइव शिक्षकों से जुड़ने और अपनी शैक्षणिक समस्याओं को हल करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी छात्रों की नियमित परीक्षा ली जानी चाहिए, ताकि वे पूरे वर्ष अपनी तैयारी और कमियों के प्रति जागरूक रह सकें। उपायुक्त ने शिक्षकों से यह आग्रह किया कि वे इस तकनीकी प्लेटफॉर्म का स्वयं भी उपयोग करें और इसे बेहतर तरीके से समझें। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से बच्चों को अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझाने में मदद मिलेगी और इसके परिणामस्वरूप सभी स्कूलों में सकारात्मक शैक्षणिक परिणाम देखने को मिलेंगे।

**बदल जाएगा छात्रों का अनुभव:डीईओ :** जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक अनुभव को पूरी तरह से बदल देगा। बच्चों को लाइव कक्षाओं के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ 2477 शिक्षकों से जुड़ने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने इस पहल को शिक्षा में तकनीकी नवाचार का शानदार उदाहरण बताया।

**फेलो संस्था के संस्थापक ने दी पूरी जानकारी :** फिलो संस्था के संस्थापक ने कार्यक्रम की कार्यप्रणाली और लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों को लाइव कक्षाओं के माध्यम से इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि बच्चे किसी भी समय शिक्षकों से संपर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं, और करियर काउंसलिंग और व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम इस शैक्षणिक सत्र में 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए चलाया जाएगा। अगले शैक्षणिक सत्र में यह 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए चलाया जाएगा जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

**10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों पर दिया जाए विशेष ध्यान :** कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि प्रथम चरण में 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वे बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों से आग्रह किया कि दें इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर सभी उपस्थित शिक्षकों, और प्रधानाध्यापकों ने सम्पूर्ण शिक्षा कवच पहल की सराहना की।

## गोला में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो एवं मांडू विधायक तिवारी महतो का हुआ स्वागत

**गोला।** गोला प्रखंड के मठवाटांड़ स्थित दामोदर रेस्टोरेंट के समीप बुधवार को आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो एवं मांडू विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक तिवारी महतो का आजसू पार्टी के कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान आजसू पार्टी के गोला प्रखंड सचिव नित्यानंद महतो के नेतृत्व में कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर सुदेश महतो और तिवारी महतो का स्वागत किया। साथ ही मांडू विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित होने पर तिवारी महतो को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। ये दोनों नेता स्व. विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने धनबाद जा रहे थे। इसी क्रम में कुछ देर के लिए गोला में रूके, जहां उनका स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में गुड्डू सिंह, केंद्रीय सदस्य सुबोध महतो, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष रामबिनय महतो, गोविंद मुंडा, मुकेश कुमार महतो सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन

### स्कूली बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के गेम का उठाया लुफ्त

### ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में होता है बौद्धिक क्षमता का विकास :हरजाप

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल परिसर में बुधवार को बाल दिवस एवं प्रदर्शनी को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी और प्राचार्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

**40 स्वादिष्ट व्यंजन और 20 गेम के लगाए गए थे स्टॉल :** कार्यक्रम में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन और 20 प्रकार के गेम के स्टाल लगाए गए थे। इस दौरान स्कूली बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजन के साथ-साथ गेम का लुफ्त उठाया।



**बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी को किया गया सम्मानित :** कार्यक्रम के दौरान स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों के नाना-नानी के साथ दादा-दादी को सम्मानित किया गया। उन्हें शॉल ओढ़कर और गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। इससे बच्चों की सामाजिक बौद्धिक क्षमता में विकास होगा।

**अनोखा था रतन टाटा को समर्पित प्रदर्शनी :** कार्यक्रम के दौरान अनोखा था रतन टाटा के प्रति समर्पित प्रदर्शनी। इस दौरान 500 से अधिक प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें वाटर राकेट, स्मार्ट सिटी, चंद्रयान, रॉकेट लांचर, चांद की धरती पर चलने वाला रोबर, वेस्ट आइटम से बनी कलाकृति, विभिन्न प्रकार के पेंटिंग से बच्चों ने लगाए। प्रदर्शनी लगाकर बच्चों ने लोगों का मंत्र मुग्ध कर दिया।

**ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में होता है बौद्धिक क्षमता का विकास:हरजाप :** कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए श्री गुरु नानक स्कूल के प्राचार्य हरजाप सिंह ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि स्कूल के 1000 से अधिक बच्चों के साथ-साथ शिक्षक और अभिभावकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और जिस तरीका से बच्चों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया काबिल-ए-तारीफ है। विज्ञान प्रदर्शनी, रतन टाटा को प्रति समर्पित प्रदर्शनी, स्वादिष्ट व्यंजन के स्टॉल, पेंटिंग और गेम जोन बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**सतगावां :** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड के शिवपुर पंचायत भवन में किया गया. जहां सैकड़ों की संख्या में आए फरियादियों की समस्याओं का समाधान किया गया. इस दौरान घरेलू झगड़े, जमीन विवाद, पिता पुत्र की लड़ाई से लेकर प्रखंड के गंभीर मामले भी सामने आए. इस कार्यक्रम का पदाधिकारी डीएसपी दिवाकर कुमार को बनाये गया थे।

कार्यक्रम की शुरूआत उन्होंने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम शिकायत लेकर पहुंचने वाले पीड़ितों से बात कर उनकी समस्या को सुना और उनकी समस्या के समाधान का आश्वासन भी दिया। डीएसपी दिवाकर कुमार ने कहा कि कोई भी थाना से खाली हाथ नही लौटेंगे, इसका यह मतलब है कि अगर थाना में कोई भी पीड़ित आवेदन देने जाएगा तो उसके आवेदन को लेने से कोई मना नहीं करेगा और जिस स्तर की समस्या है उसे उस स्तर पर पहुंचा दिया जाएगा.

मामला किसी थाना क्षेत्र का हो या कहीं का मामला हो जीरो एफआईआर दर्ज किया जाएगा. अगर किसी पीड़ित को किसी थाना में भटकाया जा रहा या किसी कर्मी या पदाधिकारी द्वारा दुर्व्यवहार किया जाने की शिकायत मिलेगी तो संबंधित के विरुद्ध जांच कर करवाई भी होगी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीएसपी दिवाकर कुमार सतगावां थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता, नवलशाही थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ढाब थाना प्रभारी किशोर कुमार घोष, सतगावां अंचल अधिकारी केशव चौधरी, एस आई रौशन, एस आई सूर्य प्रताप उपस्थित थे जबकि आवेदन कताओं में मुख्य रूप से विकास कुमार, मसोमात गायत्री देवी, विनय कुमार, दशरथ प्रसाद यादव, प्रभाकर सिंह, हितेश मिश्रा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोडरमा पुलिस ने 'जन शिकायत समाधान कार्यक्रम' का किया आयोजन

कोडरमा महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड, राँची के द्वारा निर्गत पुलिस आदेश संख्या 99/2024 के आलोक में 18 दिसंबर 2024 को कोडरमा जिले में 'जन शिकायत समाधान कार्यक्रम₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम हेतु पुलिस मुख्यालय स्तर से सभी जिलो के लिए एक-एक वरीय पुलिस पदाधिकारी को नामित किया गया। जिसके तहत मयुर पटेल कन्हैया लाल (भा०पु० से०) पुलिस उप-महानिरीक्षक झा०स०पु० राँची के अध्यक्षता में कोडरमा जिला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यक्रम में मौजुद थे। इस दौरान उनके द्वारा कोडरमा जिला के सुदुखर्ती एवं विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याओ को संज्ञान में लेते हुए संबंधित थाना को त्वरित कार्यवाही कर समाधान करने हेतु आदेशित किया गया।

# भाजपा के नीति सिद्धान्त को जन जन तक पहुंचाएं : मनोज यादव

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**चंदवारा :** चंदवारा प्रंखड स्थित दुर्गा मिष्ठान में संगठन महापर्व के अवसर पर सदस्यता अभियान के लिए बुधवार को चन्दवारा मंडल कि बैठक कार्यकारी मंडल अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा कि अध्यक्षता मे किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नन्दकिशोर सोनी ने मुख्य रूप से किया इस बैठक में मुख्य रुप से बरही विधायक मनोज कुमार यादव व प्रभारी महादेव दास उपस्थित रहे। इस बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि भाजपा जन जन से जुड़ी पार्टी है। संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए युवाओं, महिलाओं को पार्टी से जोड़े। भाजपा के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुँचाये। प्रभारी महादेव दास ने कहा कि पार्टी सबका साथ, सबका विकास चाहती है और ये तभी संभव है, जब अधिक से अधिक लोग पार्टी की विचारधारा से जुड़ें। बैठक में भाजपा नेता लक्ष्मण यादव, महामंत्री मनोज साव, युवा नेता राजेश यादव, प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, पूर्व उप प्रमुख संजय वर्णवाल, अमित सिंह, महावीर साव, सुखदेव गुप्ता, विनोद राम, आनद मोदी,धनंजय सिंह, रामदेव यादव, कुलदिप यादव, विरसोडीह युवा नेता पंकज यादव, रामदेव यादव, नारायण पाण्डेय, मनीष कुमार नारायण यादव, आनन्द मोदी, रंजीत पंडित, बिनोद वर्णवाल, अजय मोदी, सुरेश यादव, इन्द्रदेव ठाकुर, विजय यादव, वासुदेव साव, संदीप सोनी, मो सफदर, मो अमानत पियुष पाण्डेय, कपिल यादव यादि लोग मौजूद थे।

# झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन स्वांग-गोविंदपुर फेज टू शाखा द्वारा पीओ को तीस सूत्री मांग पत्र सौंपा गया

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**गोमिया:** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन स्वांग - गोविंदपुर फेज टू शाखा द्वारा बुधवार को परियोजना कार्यालय में पीओ अनिल तिवारी को तीस सूत्री मांग पत्र सौंपा गया.इसके पूर्व यूनियन के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा एक जुलूस निकाला गया,जो पीओ कार्यालय से शुरू होकर जारंगडीह सीम, स्वांग - गोविंदपुर फेज टू के जीरो प्वाइंट होते हुए पुनः स्वांग स्थित पीओ कार्यालय पहुंचा. जहां एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा पीओ को तीस सूत्री मांग पत्र सौंपा गया. इस अवसर पर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव इकबाल अहमद एवं संयुक्त जोनल सचिव शंकर पासवान ने कहा कि मजदूरों एवं विस्थापितों के समस्याओं को लेकर सीसीएल प्रबंधन गंभीर नहीं है, उनके साथ प्रबंधन द्वारा भेदभाव एवं उपेक्षा पूर्ण नीति अपनाया जा रहा है.जिससे उनके समक्ष भारी आक्रोश व्याप्त है. जो भविष्य में औद्योगिक अशांति का कारण बन सकता है. कहा कि यूनियन की मांगो पर 15 दिनों के अंदर समझौता वार्ता नहीं किया गया तो यूनियन चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य हो जाएगी. सौंपे गए मांग पत्र में परियोजना के विभिन्न विभागों में कार्यरत वैसे श्रमिक जो विगत कई वर्षों से केटेगरी वन के पद पर कार्यरत हैं, उन्हें अविलंब पदोन्नति दिया जाए. परियोजना के विभिन्न विभागों में कार्यरत वैसे श्रमिक जो कैटेगरी एक है और परियोजना प्रबंधन के आदेश से विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न पदों पर सेवा दे रहे हैं, वैसे श्रमिको को

# श्री रामकृष्ण मिशन स्कूल में वंचित वर्ग के बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा की पहल

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**मरकच्चो:** श्री रामकृष्ण मिशन स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। स्कूल में 274 बच्चे निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण पहल है जो समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में मदद करेगी। स्कूल के प्रधानाचार्या ने बताया कि स्कूल ने इस पहल को शुरू करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के बच्चों को शिक्षा प्रदान करना है।

स्कूल में उन्नत सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जिनमें कंप्यूटर लैबः स्कूल में एक आधुनिक कंप्यूटर लैब है, जहां बच्चे कंप्यूटर और इंटरनेट का उपयोग करके अपने ज्ञान को बढ़ा सकते हैं, लाइब्रेरीः स्कूल में एक विशाल लाइब्रेरी है, जहां बच्चे विभिन्न विषयों पर पुस्तकें पढ़ सकते हैं। लेबोरेटरीः स्कूल में विज्ञान और गणित के लिए आधुनिक लेबोरेटरी हैं, जहां बच्चे प्रयोग करके अपने ज्ञान को बढ़ा सकते हैं। डिजिटल क्लासेजः स्कूल में डिजिटल क्लासेज की सुविधा है, जहां बच्चे डिजिटल बोर्ड पर पढ़ाई कर सकते हैं। स्कूल में नामांकन प्रवेश चयन परीक्षा के माध्यम से लिया जाता है। मेरिट लिस्ट में शामिल छात्रों का नामांकन किया जाता है। नामांकन के पश्चात, कक्षा एल० के० जी० से कक्षा बारहवीं तक बिल्कुल निःशुल्क शिक्षा दी जाती है जहाँ सभी वर्ग के बच्चों को कोई मासिक शुल्क नहीं देना होता है ।

ट्रस्टी सियाराम यादव ने बताया कि श्री रामकृष्ण मिशन स्कूल में प्रत्येक वर्ष 440 बच्चों को चयनित परीक्षा के माध्यम से नामांकन लिया जाएगा और उन्हें निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहल है जो समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में मदद करेगी।

विद्यालय में कठोर अनुशासन का पालन किया जाता है, जिसके कारण बच्चों में शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा शारीरिक और सामाजिक गतिविधियों में सुधार हो रहा है। यह अनुशासन बच्चों को जिम्मेदार और अनुशासित नागरिक बनाने में मदद करेगा। स्कूल के अधिकारियों ने बताया कि इस पहल के लिए स्कूल को कई संगठनों और व्यक्तियों से सहायता मिलती है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान: हेलमेट और यातायात नियमों की महत्ता पर जोर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**चंदवारा :** चंदवारा 18 दिसंबर को चंदवारा रामेश्वर मोदी महादेव मोदी +2 उच्च विद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान की अगुवाई यातायात प्रभारी ओम प्रकाश ने की, जिनकी नेतृत्व शैली और प्रतिबद्धता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यातायात पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर जाकर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान, पुलिस अधिकारियों ने पंपलेट वितरण किया और वाहनों में स्टिकर लगाकर लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के महत्व के बारे में बताया। यातायात प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं तेज रफ्तार, गलत दिशा में वाहन चलाने और शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण होती हैं।

यातायात प्रभारी ओम प्रकाश ने नागरिकों से अपील की कि वे शराब पीकर वाहन न चलाएं और हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। इस जागरूकता कार्यक्रम में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में DTO ऑफिस के हिमांशु कुमार और अभिषेक मारंडी, तथा स्कूल के प्रिंसिपल एवं टीचर भी उपस्थित थे। यातायात प्रभारी ओम प्रकाश के नेतृत्व में हुआ यह अभियान, लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# आउटसोर्सिंग मजदूर पैरामेडिकल स्टाफ ने मांगों को लेकर किया हड़ताल

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**बाघमारा:** एटक के बैनर तले बुधवार को बीसीसीएल के डूमरा रीजनल अस्पताल परिसर में क्षेत्रीय चिकित्सालय बाघमारा में कार्यरत आउटसोर्सिंग मजदूर पेरामेडिकल स्टाफ ने अपनी पांच सूची मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल किया। इस दौरान कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन व प्रबंधक के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान बरोरा क्षेत्रीय अध्यक्ष एनडी पाण्डेय व सचिव संतोष गोराई ने कहा कि कर्मियों की पांच सूत्री मांगों को लेकर करीब एक माह पूर्व से प्रबंधक को पत्रचार किया गया था। पत्र के आलोक पर पांच दिसंबर को महाप्रबंधक व एटक प्रतिनिधियों, राइडर्स प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वार्ता हुई थी। जिसमें सहमति बनी थी की कर्मियों को हर महिने के 15 तारीख को वेतन भुगतान किया जाएगा। सहमति के बावजूद प्रबंधक वादाखिलाफी कर रही है। प्रबंधक के वादाखिलाफी के खिलाफ बुधवार को एक दिवसीय हड़ताल सह विरोध प्रदर्शन किया गया है। अगर प्रबंधक द्वारा समस्या पर समाधान नहीं करती है तो बाध्य होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। मौके पर अमरेन्द्र कुमार उर्फ महादेव, एच एन गांधी, सुमन पाण्डेय, राजिव प्रसाद, जगदीश रवानी, विरंची शर्मा, रानी कुमारी, विना भारती, पुजा देवी, तमन्ना प्रविन, स्वाति चक्रवर्ती सहित अन्य मौजूद थे।

# नृत्य, संस्कार और आत्मविश्वास का रंगारंग उत्सव संपन्न

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**झुमरी तिलैया:** नटराज कला केंद्र द्वारा आयोजित नृत्यम 2024 का भव्य आयोजन 23 वें वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी शहर के शिव वाटिका मे शानदार तरीके से संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम नृत्य के माध्यम से बच्चों और महिलाओं में आत्मविश्वास, संस्कार और कलात्मक अभिव्यक्ति का संगम बना। कार्यक्रम की शुरूआत उद्घाटनकर्ता प्रमोद लड्डू और मुख्य अतिथि जयनगर अंचल अधिकारी सारांश जैन, कोडरमा स्टेशन प्रबंधक संतोष सेठ, सुरेश जैन, रवि कप्सिमे, मुन्ना भदानी, सोनी लोहानी, बिनोद भदानी द्वारा दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से की गई। सारांश जैन ने अपने संबोधन में कहा नृत्य केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि संस्कार और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का माध्यम भी है। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

इस कार्यक्रम में 5 वर्ष से 45 वर्ष तक के बच्चों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंच पर बच्चों ने क्लासिकल, जुम्बा, एरोबिक, और रीमिक्स डांस के माध्यम से दर्शकों का दिल जीत लिया। रैंप वॉक में प्रतिभागियों ने अपनी पोशाक और व्यक्तित्व से दर्शकों को आकर्षित किया। इसमें प्रथम स्थान वंशिका, द्वितीय हरप्रीत कौर और तृतीय स्थान आरव भदानी ने प्राप्त किया। नटराज कला केंद्र के निदेशक राजेश भदानी ने सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मंच संचालन नवीन पाण्ड्या ने किया।

90 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान की शुरूआत

# साधन के अभाव में कोई व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रह सकता है : प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**कोडरमा :** कोडरमा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में चलाये जा रहे 90 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को कोडरमा व्यवहार न्यायालय परिसर से कोडरमा बाजार तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसमे कोडरमा न्यायमंडल के सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण, मध्यस्थगण, एल ए डी सी एस के सभी अधिवक्तागण एवं पारा लीगल वोलेनटियर्स सहित अन्य लोग शामिल थे।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि साधन के अभाव में कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रह सकता इस बात के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि इस विशेष जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य झारखण्ड के सभी शहरो एवं गांवों में रहने वाले समाज के अंतिम व्यक्ति तक जागरूकता अभियान को पहुचाना है ताकि समाज के सभी वर्ग के व्यक्तियो तक सरकारी योजनाओ का लाभ तथा कानूनी जागरूकता पहुच सके। श्री तिवारी ने कहा कि यह विशेष अभियान आम लोगो के बीच कानूनी जागरूकता को बढ़ाने एवं सरकारी योजनाओ का लाभ दिलाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

उल्लेखनीय है कि इस 90 दिवसीय इस जागरूकता अभियान की शुरूआत 15 दिसंबर 2024 से की गई है जिसका विधिवत उद्घाटन झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के कर कमलो से 14 दिसम्बर 2024 को की गई है। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर अलग अलग टीम गठित की गई है जिसमे पैनल अधिवक्ता, पारा लीगल वोलेन टियर सहित अन्य लोगो को शामिल किया गया है।

# राज इंटरनेशनल स्कूल में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस आयोजित

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**कोडरमा :** कोडरमा स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में 18 दिसंबर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्ष सप्तम के पृथ्वीराज सिंह के द्वारा अल्लाह तेरो नाम, ईश्वर तेरो नाम..... के गीत गाकर की गई। इसके बाद कक्ष पंचम की विद्यार्थी पल्लवी रानी ने इस पर भाषण प्रस्तुत किया और विद्यालय के अन्य बच्चों ने अल्पसंख्यकों के अधिकार से संबंधित कुछ उद्धरण प्रस्तुत किया। क्या अवसर प्रति विद्यालय में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जहां बच्चे अलग-अलग धर्मों के वेशभूषा में आए। क्या अवसर प्रति विद्यालय में एक सरल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जहाँ अल्पसंख्यकों के अधिकार से संबंधित अलग-अलग विषय पर कक्षा चार और पाँच के छात्र ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

विद्यालय के प्रिंसिपल राहुल घोष ने प्रार्थना सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम अर्थातः यह मेरा है, यह उसका है; ऐसी सोच डिजाइन वाले वोले लोगों की होती है इसके विपरीत उदारचरित्र वाले लोगों के लिए तो यह सम्पूर्ण धरती ही एक परिवार जैसी होती है। इसके बाद उन्होंने बताया की अल्पसंख्यक अधिकार दिवस 18 दिसंबर को मनाया जाता है, इसका उद्देश्य भारत में रहने वाले अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके कल्याण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है, यह दिन विशेष रूप से उन समुदायों के अधिकारों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है।

# किसान आंदोलन : शुरू हो चुकी है एकजुट होने की कवायद



निर्मल रानी

पंजाब व हरियाणा के भी कई किसान संगठन, व्यापक किसान एकता की बात जोर शोर से करने लगे हैं। देर से ही सही परन्तु किसान नेताओं को अब यह समझ आने लगा है कि केंद्र सरकार 2020-21 के संगठित किसानों के आंदोलन को कमजोर व बदनाम करने के लिये कौन से हथकंडे नहीं अपना रही थी?

पंजाब- हरियाणा की सीमाओं पर चलने वाला किसान आंदोलन धीरे धीरे और गंभीर रूप धारण करता जा रहा है। क्योंकि हरियाणा की सीमा खनौरी में गत 24 दिन से आमरण अनशन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (एनपी) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। किसान नेता के स्वास्थ की देखरेख में लगे डॉक्टर्स उनकी सेहत को लेकर बेहद चिंतित हैं। डल्लेवाल 80 साल की उम्र में इतने दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी देखभाल में लगे डॉक्टर्स के अनुसार पहले से ही कैंसर रोग से पीड़ित डल्लेवाल के लिवर व किडनी को इस अनशन के कारण काफी नुकसान पहुँच चुका है। उनकी किडनी व लीवर की स्थिति काफी नाजुक होती जा रही है। गौरतलब है कि इसी वर्ष 13 फरवरी को पंजाब के किसान अपनी उन मांगों को पूरी करने के वादों को याद दिलाने के लिये दिल्ली जाना चाह रहे थे जो कि मोदी सरकार द्वारा तीन विवादित कृषि कानून वापस लेते समय सरकार द्वारा मानी गयी थीं। परन्तु हरियाणा सरकार ने उन्हें पंजाब सीमा से आगे बढ़कर दिल्ली पहुँचने से रोक दिया। तभी से यह किसान पंजाब-हरियाणा की खनौरी व शम्भू सीमाओं पर डटे हुये हैं और बीच बीच में दिल्ली जाने का प्रयास भी करते रहे हैं।

काबिल-ए-गौर है कि जब एक वर्ष से भी लंबे समय तक चले संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन ने नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे कभी 'न झुकने' की छवि बनाने वाले नेता को तीन विवादित कृषि कानून वापस लेने के लिये मजबूर कर दिया था उस समय देश के किसानों के अधिकांश संगठन एकजुट थे। और इसी किसान एकता ने केंद्र सरकार को घुटने टेकने के लिये मजबूर कर दिया था। परन्तु उस समय भी कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय प्रधानमंत्री मोदी यह कहने से चूके थे कि-' हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए देश के कृषि जगत के हित में, गांव, गरीब के हित में पूर्ण समर्थन भाव से, नेक नियत से ये कानून लेकर आई थी। लेकिन इतनी पवित्र बात, पूर्ण रूप से किसानों के हित की बात हम कुछ किसानों को समझा नहीं पाए। शायद हमारी तपस्या में कमी रही। भले ही किसानों का एक वर्ग इसका विरोध कर रहा था। हमने बातचीत का प्रयास किया। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गया। हमने कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला किया। ₹ यह बात मोदी ने तब कही थी जब कि उस समय देश के अधिकांश छोटे बड़े किसान व उनके अधिकांश संगठन एकजुट थे। परन्तु याद कीजिये उस समय भी सरकार ने अपने समर्थन में कई ऐसे संगठनों के नाम बता दिए थे जिनका नाम पहले न तो कभी सुना गया न ही वे संगठन अस्तित्व में थे। यानी फर्जी संगठनों को किसान संग्ठन बता कर किसानों में फूट डालने की कोशिश 2020-21 के किसान आंदोलन के समय भी की गयी थी।

परन्तु अब 13 फरवरी 24 से किसानों द्वारा शुरू किया गया आंदोलन जिसे कि शुरू से ही संयुक्त किसान मोर्चा से पूर्व में जुड़े सभी किसान संगठनों का समर्थन हासिल नहीं है, वह सिर्फ इसी आपसी फूट के चलते लंबा खिंचता जा रहा है। यहाँ तक कि आमरण अनशन पर बैठे 80 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का जीवन भी संकट में पड़ गया है। उधर सरकार तमाशाई बनी बैठी है तथा किसानों की आपसी फूट को देखते हुये आंदोलन को तब तक खींचे रखना चाहती है जब तक किसान थक हार कर आंदोलन समाप्त न कर दें या इनमें और अधिक फूट न पड़ जाये। मगर जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन का सरकार पर असर पड़े या न पड़े लेकिन किसान संगठनों व विपक्षी नेताओं पर इसका प्रभाव पड़ता जरूर दिखाई देने लगा है। जहां विभिन्न विपक्षी राजनैतिक दलों के नेता खनौरी स्थित डल्लेवाल के अनशन स्थल पर उनका स्वास्थ समाचार लेने बड़ी संख्या में पहुँचने लगे हैं वहीं संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न धड़ों में भी हलचल तेज हो चुकी है। एस के एम के कई महत्वपूर्ण घटकों से किसान एकता के स्वर उठने शुरू हो चुके हैं।

इनमें सबसे महत्वपूर्ण बयान किसान नेता राकेश टिकैत की ओर से आया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुये टिकैत ने कहा है कि-' किसान यदि अलग-अलग चलेंगे तो लुटेंगे। हमें एकजुट रहना होगा। 10 महीने पहले जब आंदोलन शुरू हुआ हमने सबको कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा और सब इकट्ठा हो जाएं। दिल्ली की कॉल अलग-अलग मत दें। जब तक इकट्ठा नहीं होंगे तब तक दिल्ली से दूर रहना चाहिए। हमें जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिंता है। हम प्रदर्शनकारियों के साथ हैं। " राकेश टिकैत ने कहा है कि सरकार को जल्द ही बात करनी चाहिए। बात सरकार को करना है, नफा नुक़्सान सरकार को देखना है। दिल्ली की तैयारी करनी है तो सभी लोगों को इकट्ठा होना होगा। सभी मोर्चे को इकट्ठा होकर बातचीत करनी चाहिए। गौरतलब है कि धरने पर बैठे किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा को आंदोलन को सहयोग व समर्थन देने सम्बन्धी चिट्ठी भी लिखी है।

पंजाब व हरियाणा के भी कई किसान संग्ठन, व्यापक किसान एकता की बात जोर शोर से करने लगे हैं। देर से ही सही परन्तु किसान नेताओं को अब यह समझ आने लगा है कि केंद्र सरकार 2020-21 के संगठित किसानों के आंदोलन को कमजोर व बदनाम करने के लिये कौन से हथकंडे नहीं अपना रही थी? फर्जी किसान संगठनों को खड़ा करने से लेकर किसान आंदोलन को बदनाम करने तक के लिए सरकार द्वारा कौन कौन से प्रोपेगण्डे नहीं किये गये? इन्हें आन्दोलनजीवी, खालिस्तानी, देशद्रोही न जाने क्या क्या कहा गया? आंदोलन के चरित्र पर सवाल खड़े किये गये। परन्तु इन सब आरोपों के बावजूद सरकार को इन्हीं तथाकथित 'आन्दोलनजीवी, खालिस्तानी व देशद्रोही' किसानों की मांगों के आगे घुटने भी टेकने पड़े। और स्वयं प्रधानमंत्री को सामने आकर कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय किसानों को संबोधित करना पड़ा। इसका कारण केवल एक था और वह था संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में चलने वाला ऐतिहासिक किसान आंदोलन। अब डल्लेवाल के अनशन व 18 दिसंबर को किसानों द्वारा पंजाब में आहूत रेल रोको आंदोलन के बाद ऐसा लगता है कि किसान संगठनों के एकजुट होने की कवायद फिर से शुरू हो चुकी है।

## संपादकीय

### सदन में निरर्थक चर्चा

देश में संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर संसद के दोनों सदनों में सत्तारुढ़- गठबंधन और विपक्ष के बीच एक बार फिर टकराव, तीखी बहस और एक बार फिर टकराव देखने को मिला। इस ऐतिहासिक अवसर पर यदि दोनों पक्ष चाहते तो संविधान और उसके महत्त्व पर एक सार्थक बात हो सकती थी, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। विडंबना देखिए कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास प्रकट करते हैं, लेकिन दोनों ही उसे कमजोर करने का एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे। लोक सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सत्ता पक्ष के दूसरे नेताओं ने संविधान के प्रति पूरी निष्ठा प्रदर्शित की और कांग्रेस पार्टी पर संविधान को कुचलने और कमजोर करने का



आरोप लगाया जबकि दूसरी ओर राहुल गांधी ने भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर संविधान, लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में संविधान अनुच्छेद 370 सहित समान नागरिक कानून संहिता आदि मुद्दों पर चर्चा करते हुए गांधी परिवार को निशाना बनाया और पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर समिति इंदिरा गांधी तक को संविधान पर कुठाराघात करने के लिए कठघरे में खड़ा किया। राज्य सभा में भी संविधान पर बहस के दौरान इसी तरह का दृश्य नजर आया। राज्य सभा में चर्चा के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के बीच तीखी बहस हुई। लोक सभा और राज्य सभा दोनों सदनों में वक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए इतिहास और अतीत के पात्रों का सहारा लिया। जाहिर है ऐसे संवादों से प्रचारगत रणनीति का पलड़ा भले भारी हो सकता है, लेकिन इससे संविधान और लोकतंत्र का भला नहीं हो सकता। लोकतंत्र में संविधान एक ऐसा महत्त्वपूर्ण दस्तावेज है जो नागरिकों के अधिकारों का रक्षक माना जाता है। संविधान के इन 75 साल के इतिहास में कई अवसर ऐसे भी आए हैं जब अपनी कुर्सी और सत्ता के लिए इसका बेजा इस्तेमाल करने की कोशिश की। इंदिरा गांधी द्वारा 1975 में आपातकाल थोपना और उसके बाद संविधान का 42 वां संशोधन ऐसा ही अधिनायकवादी कृत्य था। बहस तो इस बात पर होनी चाहिए थी कि देश के गरीब नागरिकों को न्याय कैसे मिले, प्रशासनिक तंत्र को इतना पारदर्शी और न्यायपूर्ण कैसे बनाया जाए कि गरीब और अमीर के बीच भेद-भाव समाप्त हो। कहा जा सकता है कि संसद में संविधान पर चर्चा निरर्थक साबित हुई?

## चिंतन-मनन

### नदी और सागर

सुखदेव ऋषि के आश्रम में कई शिष्य रहते थे। उनमें अनुज नामक शिष्य काफी तेज था। धीरे-धीरे वह स्वयं को अन्य शिष्यों से श्रेष्ठ मानकर दूसरों को हीन समझने लगा। ऋषि उसके अंदर छिपे अहं को समझ गए और उसे एक दिन अपने साथ एक सागर के पास ले गए। विशालकाय सागर अत्यंत आकर्षक दिख रहा था। उसकी लहरें जब अठखेलियां करतीं तो मन प्रसन्न हो जाता। ऋषि ने अनुज से सागर का पानी पीने के लिए कहा। अनुज ने जैसे ही पानी मुंह में डाला, वैसे ही उसने बुरा सा मुंह बनाकर पानी बाहर निकाल दिया और बोला, गुरुजी, यह पानी तो खारा है। मेरा मुंह का स्वाद कसैला हो गया।

ऋषि उसकी बात सुनकर मुस्कराए। वह उसे अपने साथ लेकर आगे बढ़ते रहे। आगे एक छोटी सी नदी आई। नदी का जल शांत था। ऋषि ने अनुज से नदी का जल पीने के लिए कहा। अनुज ने जैसे ही जल मुंह में डाला, वैसे ही उसके मन को अत्यंत तृप्ति मिली। वह बोला, गुरुजी, नदी के जल ने मुंह का स्वाद बढ़ा दिया है। इतना ठंडा और मीठा जल बहुत कम देखने को मिलता है, जबकि इतने बड़े सागर का पानी एकदम खारा था।

उसके ऐसा ही कहते ही ऋषि बोले, पुत्र, देखा तुमने, छोटे-बडे से कुछ नहीं होता। हर व्यक्ति को अपने व्यवहार और सद्कार्यो से अपने लिए जगह बनानी पड़ती है। तुमने सागर के अहं को देखा। वह सब कुछ अपने में ही भरे रहता है। लेकिन इसका जल खारा होता है। जबकि छोटी सी नदी जो पाती है उसका अधिकांश बांटती है, इसलिए उसके जल में मिठास है।

व्यक्ति को बड़े होने पर भी अहं को अपने पास नहीं फटकने देना चाहिए अन्यथा उसका हाल भी सागर की तरह ही होता है। मेरे विचार में तुम मेरी बातों का अर्थ अच्छी तरह समझ गए हो। अनुज को अपनी गलती का अहसास हो गया। उसने अपने भीतर से अपना अहं निकाल फेंका।

# भारत में दान करने की प्रथा से गरीब वर्ग का होता है कल्याण



प्रहलाद सबनानी

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों में दान दक्षिणा की प्रथा का अलग ही महत्व है। भारत में विभिन्न त्यौहारों एवं महापुरुषों के जन्म दिवस पर मठों मंदिरों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर समाज के सम्पन्न नागरिकों द्वारा दान करने की प्रथा अति प्राचीन एवं सामान्य प्रक्रिया है। गरीब वर्ग की मदद करना ईश्वर की सबसे बड़ी सेवा माना जाता है। समाज में आपस में मिल बांटकर खाने पीने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है और यह प्रथा भारतीय समाज में बहुत आम है। परिवार में आई किसी भी खुशी की घटना को समाज में विभिन्न वर्गों के बीच आपस में बांटने की प्रथा भी भारत में ही पाई जाती है। इस उपलक्ष में कई बार तो बहुत बड़े स्तर पर सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन भी किए जाते हैं। जैसे जन्म दिवस मनाना, परिवार में शादी के समारोह के पश्चात समाज में नाते रिश्तेदारों, दोस्तों एवं मिलने वालों को विशेष आयोजनों में आमंत्रित करना, आदि बहुत ही सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत के विभिन्न मठों, मंदिरों, गुरुद्वारों एवं अन्य पूजा स्थलों पर प्रतिदिन 10 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रसादी के रूप में भोजन वितरित किया जाता है।

साथ ही, पूरी दुनिया में भारत ही एक ऐसा देश है, जिसमें निवासरत नागरिक, चाहे वह कितना भी गरीब से गरीब क्यों न हो, अपनी कमाई में से कुछ राशि का दान तो जरूर करता है। भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि हिंदू सनातन संस्कृति के अनुरूप, महर्षि दधीच ने तो, देवताओं को असुरों पर विजय प्राप्त करने के उद्देश्य से, अपने शरीर को ही दान में दे दिया था, जिसे इतिहास में उच्चत्तम बलिदान की संज्ञा भी दी जाती है।

आज के युग में जब अर्थ को अत्यधिक महत्व प्रदान किया जा रहा है, तब अधिक से अधिक धनराशि का दान करना ही शुभ कार्य माना जा रहा है। इस दृष्टि से वैश्विक स्तर पर नजर डालने पर ध्यान में आता है कि दुनिया में सबसे बड़े दानदाता के रूप में आज भारत के टाटा उद्योग समूह के श्री रतन टाटा का नाम सबसे ऊपर उभर कर सामने आता है। इस सूची में टाटा समूह के संस्थापक श्री जमशेदजी टाटा का नाम भी बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है, जिन्होंने अपने जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में 8.29 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। इसी प्रकार, श्री रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने वर्ष 2021 तक 8.59 लाख करोड़ रुपए की राशि का महादान किया था। आप अपनी कमाई का बहुत बड़ा हिस्सा गरीब वर्ग की सहायतार्थ दान में दे देते थे। श्री रतन टाटा केवल भारत स्थित संस्थानों को ही दान नहीं देते थे बल्कि वैश्विक स्तर पर समाज की भलाई के लिए कार्य कर रहे संस्थानों को भी दान की राशि उपलब्ध कराते थे। आपने वर्ष 2008 के महामंदी के दौरान अमेरिका स्थित कार्नेल विश्वविद्यालय को 5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का दान प्रदान किया था। श्री रतन टाटा ने आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे छात्रों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जे. एन. टाटा एंडाउमेंट, सर रतन टाटा स्कॉलर्शिप एवं टाटा स्कॉलर्शिप की स्थापना कर दी थी। श्री रतन टाटा चूंकि अपनी कमाई का बहुत बड़ा भाग दान में दे देते थे, अतः उनका नाम कभी भी अमीरों की सूची में बहुत ऊपर उठकर नहीं आ पाया। इस सूची में आप सदैव नीचे ही बने रहे। श्री रतन टाटा जी के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने अपने जीवन काल में इतनी बड़ी राशि का दान किया था कि आज विश्व के 2766 अरबपतियों के पास इतनी सम्पत्ति भी नहीं है।

यूं तो टाटा समूह ने भारत राष्ट्र के निर्माण में बहुत ही अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, परंतु कोरोना महामारी के खंडकाल में श्री रतन टाटा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जिस समय पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा था, उस समय श्री रतन टाटा ने न केवल भारत बल्कि विश्व के कई अन्य देशों को भी आर्थिक सहायता के साथ साथ वेंटिलेटर, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट, मास्क और दस्ताने आदि सामग्री उपलब्ध कराई। श्री रतन टाटा के निर्देशन में टाटा समूह ने इस खंडकाल में 1000 से अधिक वेंटिलेटर और रेस्पिरेटर, 4 लाख पीपीई किट, 35 लाख मास्क और दास्ताने और 3.50 लाख परीक्षण किट चीन, दक्षिणी कोरिया आदि देशों से भी आयात के भारत में उपलब्ध कराए थे।

श्री रतन टाटा के पूर्वज पारसी समुदाय से थे और ईरान से आकर भारत में रच बस गए थे। श्री रतन टाटा ने न केवल भारतीय हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों को अपने जीवन में उतारा, बल्कि इन संस्कारों का अपने पूरे जीवनकाल में अक्षरशः अनुपालन भी किया। इन्हीं संस्कारों के चलते श्री रतन टाटा को आज पूरे विश्व में सबसे बड़े दानदाता के रूप में जाना जा रहा है।

टाटा समूह का वर्णन तो यहां केवल उदाहरण के रूप में किया जा रहा है। अन्यथा, भारत में ऐसे कई औद्योगिक घराने हैं जिन्होंने अपनी पूरी संपत्ति को ही ट्रस्ट के माध्यम से समाज के उत्थान एवं समाज की भलाई के लिए दान में दे दिया है। प्राचीन भारत में यह कार्य राजा महाराजाओं द्वारा किया जाता रहा हैं। हिंदू सनातन संस्कृति के विभिन्न शास्त्रों में यह वर्णन मिलता है कि ईश्वर ने जिसको सम्पन्न बनाया है, उसे समाज में गरीब वर्ग की भलाई के लिए कार्य करना चाहिए। यह सहायता गरीब वर्ग को सीधे ही उपलब्ध कराई जा सकती है अथवा ट्रस्ट की स्थापना कर भी गरीब वर्ग की मदद की जा सकती है। वर्तमान में तो निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर - कोरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी) के सम्बंध में कानून की बना दिया गया है। जिन कम्पनियों की सम्पत्ति 500 करोड़ रुपए से अधिक है अथवा जिन कम्पनियों का वार्षिक व्यापार 1000 करोड़ रुपए से अधिक है अथवा जिन



कम्पनियों का वार्षिक शुद्ध लाभ 5 करोड़ से अधिक है, उन्हें इस कानून के अंतर्गत अपने वार्षिक शुद्ध लाभ के दो प्रतिशत की राशि का उपयोग समाज की भलाई के लिए चलाई जा रही परियोजनाओं पर खर्च करना आवश्यक होता है। इन विभिन्न मदों पर खर्च की जाने वाली राशि का प्रतिवर्ष अंकेक्षण भी कराना होता है, ताकि यह जानकारी प्राप्त की जा सके राशि का सदुपयोग समाज की भलाई के लिए किया गया है एवं इस राशि का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग नहीं हुआ है।

भारत में गरीब वर्ग/परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने में समाज में सम्पन्न वर्ग द्वारा किए जाने वाले दान आदि की राशि से भी बहुत मदद मिलती है। निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर) योजना के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ भी समाज के गरीब वर्ग को ही मिलता है। अतः विश्व में शायद भारत ही एक ऐसा देश है जहां सरकार एवं समाज मिलकर गरीब वर्ग की भलाई हेतु कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। इसीलिए ही अब यह कहा जा रहा है कि हिंदू सनातन संस्कृति का विस्तार यदि वैश्विक स्तर पर होता है तो, इससे पूरे विश्व का ही कल्याण हो सकता है एवं बहुत सम्भव है कि वैश्विक स्तर पर गरीबी का नाश होकर चहुं ओर खुशहाली फैलती दिखाई दे।

(सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक )

# एक देश एक चुनाव : दलगत राजनीति से उठें सियासी दल



अखिलेश आर्येन्दु

केंद्र सरकार की तरफ से कानून मंत्री अर्जुनदेव मेघवाल ने बहुप्रतीक्षित बिल एक देश एक चुनाव को लोक सभा में 17 दिसम्बर को पेश किया, लेकिन विपक्षी दलों के विरोध के चलते हो हंगामा हुआ। इसी के बीच इसकी चर्चा और पारित किए जाने को लेकर मतदान कराया गया। मतदान में बिल के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 मत पड़े। बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया है।

यह पहली बार है जब किसी बिल पर विपक्ष के विरोध की वजह से मत विभाजन कराया गया। विपक्ष इससे संविधान पर असर पड़ने की बात कर रहा है तो सरकार इस आशंका को निराधार बता रही है, लेकिन इतना तो इस बार हुआ कि विपक्ष की एक जुटना की वजह से सरकार ने इसे जेपीसी को भेजा, लेकिन सवाल यह है कि क्या वाकई में इससे संविधान पर असर पड़ेगा या यह विपक्ष का महज प्रोपोगंडा भर है। दो माह पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल के जरिए 'एक राष्ट्र एक चुनाव' (ओएनओपी) को मंजूरी दिए जाने पर तमाम राजनीतिक दलों और राजनीति के जानकारों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आई थीं, लेकिन ज्यादातर लोगों ने निहित स्वार्थ से ऊपर उठकर इसका खैरमकदम किया। इस साल आम चुनाव में भाजपा ने ओएनओपी की प्रणाली चुनाव जीतने के बाद लागू करने का वादा किया था। यह उसी वादे को इस दिशा में अगला कदम है।

जानकारों का मानना है कि रिपोर्ट में लिखी गई बातें, सिफारिशें और नियम सभी राष्ट्र को मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने के अनुरूप हैं। हालांकि कुछ पार्टियां या बुद्धिजीवी कहे जाने वाले लोग इसे महज भाजपा का एक ध्यान हटाने का एजेंडा कह रहे हैं। यह उनकी सतही सोच का परिणाम ज्यादा लगता है। हकीकत से बहुत दूर। दरअसल, जब देशहित में कोई निर्णय केंद्र सरकार लेती है तो उस निर्णय का भविष्य में होने वाले सभी क्षेत्रों पर असर और समाज पर पड़ने वाले सकारात्मक और नकारात्मक असर पर भी गौर करती है। विपक्ष को यह नही भूलना चाहिए कि सबसे पहले देश है फिर कोई दल या मजहब। जो लोग ओएनओपी को विकास का मिशन बता रहे हैं उनके तर्क को भी बगैर दुराग्रह-आग्रह के समझा जाना चाहिए। तभी तो सोच और चिंतन निष्पक्ष माने जाएंगे। एक सकारात्मक तर्क इसके पक्ष में यह भी दिया जा रहा है कि इससे प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी और मतदान का प्रतिशत बढ़ सकता है, जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। मिसाल के तोर पर चुनाव आयोग की रिपोर्ट बताती है कि 2019 के चुनावों के दौरान तकरीबन 60 हजार करोड़ रुपए की हैरान करने वाली राशि का उपयोग किया गया था। इसमें चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाली राजनीतिक पार्टियों के जरिए वहन की गई लागत और चुनावों के आयोजन में भारत के चुनाव आयोग का खर्च शामिल है। इसके अलावा सुरक्षाकर्मियों की बार-बार तैनाती और स्थानांतरण से जुड़ी पर्याप्त और जाहिर लागतें हैं। ओएनओपी ऐसा दूरगामी देश नवनिर्माण का मिशन होगा जिससे साल भर चलने वाले चुनावों से तकरीबन छुटकारा मिल जाएगा। जाहिर तौर पर बार-बार के चुनाव से जहां विकास और प्रगति में जबरदस्त रुकावट आती है वहीं पर धन-जन-संसाधनों की बेतहाशा बबार्दी को रोकने में मदद मिलेगी। चुनाव आयोग के पूर्व आयुक्त ओपी रावत कुछ सुझाव देते हैं। वे सरकार को इसके लिए चार काम करने की बात कहते हैं, जिसमें संविधान के उन अनुच्छेदों में संशोधन जरूरी होगा, विधान सभाओं के कार्यकाल और राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रावधानों को बदलना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक जन प्रतिनिधित्व कानून और सदन में अविश्वास प्रस्ताव को लाने के नियमों को बदलना होगा। इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव की जगह रचनात्मक विश्वास प्रस्ताव की व्यवस्था करनी होगी। यानी अविश्वास प्रस्ताव के साथ यह भी बताना होगा कि किसी सरकार को हटाकर कौन सी नई सरकार बनाई जाए, जिसमें सदन को विश्वास हो ताकि पुरानी सरकार गिरने के बाद नई सरकार के साथ विधान सभा या लोक सभा का कार्यकाल पांच साल तक चल सके। ऐसे भी सवाल उठाए जा रहे हैं कि इसके लागू होने के बाद केंद्र और राज्य सरकारों के बीच टकराहट बढ़ जाएगी। लोक सभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचारी का मानना है



कि एक देश एक चुनाव का मुद्दा व्यावहारिक नहीं है क्योंकि इसके लिए जरूरी है कि देश की सभी विधान सभाएं एक साथ भंग हों, जो संभव ही नहीं है।

वहीं पर पूर्व मुख्य चुनाव अयुक्त एस.वाई. कुरैशी का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने का मतलब है आपको स्थानीय निकायों के चुनाव भी साथ कराने होंगे। ऐसे में जनता एक बार बटन दबाए या तीन बार दबाए, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि राज्य में चुनाव के बाद किसी एक दल या गठबंधन को बहुमत न मिले तो ऐसे हालात में राजनीतिक अस्थिरता खड़ी हो सकती है। ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर एक राष्ट्र एक चुनाव पर सवाल किए जा रहे हैं। देखना यह है कि केंद्र सरकार ऐसा कौन सा रास्ता व कदम उठाती है जिससे सबकी सहमति हासिल हो जाए।



# अब पंचायत तक मौसम की सही स्थिति बताने की व्यवस्था की जाएगी: सम्राट चौधरी

पटना(बिहार)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग(आईएमडी)की सेवाओं के 150 वर्ष पूरे होने पर आईएमडी,पटना की ओर से आयोजित बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य के महत्वपूर्ण शहरों में मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित होंगे, जिससे जनता को मिलेगी सटीक जानकारी।उन्होंने कहा कि अभी बिहार में केवल 5 नियमित सतहीय वेधशालाएं (पटना, गया, भागलपुर, पूर्णिया और वाल्मीकिनगर)कार्यरत हैं, लेकिन राज्य सरकार इनकी संख्या बढ़ाने और अन्य शहरों में नई सतहीय वेधशाला-सह-मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान केंद्रों की संख्या बढने से न केवल राज्य में मौसम की भविष्यवाणी को और अधिक सटीक बनाया जा सकेगा,बल्कि नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। राज्य में इन प्रयासों से मौसम विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति होगी और जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी।श्री चौधरी ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में अगले दो वर्षों के लिए 2,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ मिशन मौसम को आज स्वीकृति प्रदान की है।बिहार में मौसम संबंधी सेवाएं पर एक दिवसीय बैठक का उद्घाटन करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि पिछले 15 साल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने मौसम पूर्वानुमान की सूचना देने के लिए कमांड सिस्टम बनाने और मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित करने की दिशा में कई काम किए हैं।उन्होंने कहा कि 2008 में जब नेपाल के रास्ते 2 लाख क्यूसेक पानी बिहार की कोसी तथा सहायक नदियों में आया था,तब हम बाढ की तबाही से ध्वस्त हो गए थे।पूरा मिथिला डूब गया था,लेकिन 2024 में 6.5 लाख क्यूसिक पानी आने पर भी हम ध्वस्त नहीं हुए। यह मौसम विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के साझा प्रयास से सम्भव हुआ।उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि बिहार में हमारे पास मौसम पूर्वानुमान और आपदा प्रबंधन की एक समग्र व्यवस्था विकसित हो चुकी है,इसलिए अब हम नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र से आने वाली बाढ का बेहतर प्रबंधन कर पाते हैं।उन्होंने कहा कि 2013-14 में इसकी शुरूआत की गई थी और अब पंचायत तक मौसम की सही स्थिति बताने के लिए सारी व्यवस्था की जाएगी।हमने पंचायत में मौसम केंद्र बनाने की शुरूआत की।इसका लाभ किसानों और कृषि विभाग को मिलेगा।श्री चौधरी ने कहा राज्य सरकार के आपदा प्रबंधन,खनन,स्वास्थ्य,नगर विकास,सिंचाई और कृषि सहित 10-12 विभाग मौसम संबंधी आंकड़ों और पूर्वानुमानों का उपयोग करते हैं।श्री चौधरी ने कहा कि 100 साल पहले हमारे किसान बादल और हवा का रुख



देख कर मौसम का अनुमान लगाते थे लेकिन उपग्रह तकनीक और अन्य प्रणालियों को विकसित कर आज हम दुनिया में एक्यूरेट सिस्टम पर आ गए हैं।अब चक्रवात, वर्षा, सर्दी, बर्फवारी, लू-गर्मी आदि की सटीक जानकारी पहले से देकर लोगों की रक्षा की जा रही है।

## विपक्ष राजनीतिक दुकानदारी कर रही हैन्डॉ दिलीप जायसवाल



**पटना(बिहार)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ.दिलीप जायसवाल ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को लेकर कहा कि एनडीए सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान को लेकर आगे बढ़ रही है।उन्होंने विपक्ष के किसी भी आरोप को नकारते हुए कहा कि भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता हैं।एनडीए सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को लेकर आगे बढ़ रही है।भाजपा अध्यक्ष डॉ.जायसवाल ने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र वाला यह देश पूरी दुनिया मे मिसाल है।उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस तरह की बात करने वाले जो लोग हैं,इन्हें राजनीतिक दुकानदारी करनी है,इससे ज्यादा और कुछ नहीं है।पत्रकारों से चर्चा के दौरान तेजस्वी यादव के बयान से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में भाजपा अध्यक्ष डॉ.जायसवाल ने कहा कि राजद के अध्यक्ष लालू यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमउम्र हैं।विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चाचा बोलते हैं।ऐसे में अगर कोई मां,पिता और चाचा के ऊपर अमर्यादित शब्द का उपयोग करे तो ऐसे इंसान का कोई वजूद नहीं,ऐसे लोग संस्कारहीन लोग हैं।

## 70वीं बीपीएससी परीक्षा को रद्द कराने की मांग पर अड़े छात्र

### -पटना में फिर से अभ्यर्थियों का जोरदार प्रदर्शन

**पटना(बिहार)।** राजधानी पटना की सड़कों पर एक बार फिर से बड़ी संख्या में बीपीएससी अभ्यर्थी उतरे हैं और गर्दनीबाद धरनास्थल पर हाथों में पोस्टर और तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।हाल ही में संपन्न हुए बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शनकारी पूरी परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं।दरअसल,बीपीएससी की 70वीं परीक्षा के दौरान पटना के बापू परीक्षा केंद्र पर पेपर लीक होने की अफवाहें उड़ी थीं।इस मामले में आयोग ने इस केंद्र पर हुई परीक्षा को रद्द कर दिया था,लेकिन छात्रों की मांग है कि पूरी परीक्षा को रद्द किया जाए।अपनी मांगों के समर्थन में बुधवार की सुबह से ही में पटना में बड़ी संख्या में छात्र पर प्रदर्शन कर रहे हैं।प्रदर्शनकारी छात्रों का मानना है कि एक ही परीक्षा के लिए अलग-अलग केंद्रों पर अलग-अलग परीक्षाएं आयोजित करना उचित नहीं है।उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थियों को समान अवसर मिलना चाहिए। छात्रों ने शिक्षा का सत्याग्रह नाम से इस आंदोलन को शुरू किया है।प्रदर्शन में शामिल एक छात्र ने बताया,मेरा परीक्षा केंद्र कटिहार था।हमारी मांग है कि पूरी परीक्षा को रद्द किया जाए और दोबारा आयोजित किया जाए।हम यह कैसे मानें कि अगली परीक्षा में सवाल आसान या मुश्किल पूछे जाएंगे?एक अन्य छात्र ने कहा,हम सभी परीक्षार्थी समान हैं।हमें समान अवसर मिलना चाहिए।एक ही परीक्षा के लिए अलग-अलग नियम नहीं होने चाहिए।

## ग्रामीण सड़कों के रख रखाव की निगरानी के लिए मुख्यमंत्री करेंगे हमारा बिहार हमारी सड़क ऐप का लोकार्पण

**पटना(बिहार ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा 19 दिसंबर 2024 को संकल्प,पटना स्थित समारोह में हमारा बिहार हमारी सड़क मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया जाएगा।ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत इस एंड्रॉयड आधारित मोबाइल ऐप का निर्माण किया गया है।इस ऐप के माध्यम से आमजन अब सड़कों की खराब स्थिति जैसे गड्ढे,क्षतिग्रस्त किनारे और अन्य समस्याओं की रिपोर्ट सीधे संबंधित अधिकारियों को कर सकेंगे।मोबाइल ऐप निर्मित करने का उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की देखभाल और रखरखाव में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है।यह ऐप पूरे राज्य में उपलब्ध होगा और लोगों को आसानी से सड़क संबंधी समस्याओं को साझा करने का एक प्लेटफार्म प्रदान करेगा।यह ऐप राज्य के सभी प्रखंडों के अनुरक्षणाधीन 63,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की सूची प्रदान करेगा।उपयोगकर्ता अपने प्रखंड की सड़क का चयन कर सकते हैं और गड्ढों या अन्य समस्याओं की रिपोर्ट फोटो के साथ दे सकते हैं।हमारा बिहार हमारी सड़क ऐप के माध्यम शिकायत दर्ज करने के बाद,संबंधित अधिकारी के द्वारा उस समस्या को तय समय सीमा में हल किया जाएगा और समस्या समाधान की स्थिति को भी ऐप के माध्यम से अपडेट किया जाएगा।एक बार समस्या हल हो जाने के बाद,संबंधित अधिकारी पुनः मरम्मत स्थल की तस्वीर अपलोड करेंगे।इससे ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण एवं रखरखाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।इस अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुधरेगी बल्कि,जनता की भागीदारी से बुनियादी ढांचे के विकास में भी तेजी आएगी।यह ऐप नागरिकों और सरकार के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया गया है।उपयोगकर्ता ऐप पर किसी भी सड़क की खराब स्थिति का विवरण और उसकी तस्वीरें अपलोड कर सकते हैं।हमारा बिहार हमारी सड़क ऐप अब गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध होगा।इसे डाउनलोड कर नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं और बिहार की सड़कों को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

## बिहार बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल श्री हरमंदिर गुरुद्वारा पहुंचे



**पटना।** बिहार बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सह भूमि सुधार राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल बुधवार को पटना सिटी के तख्त श्री हरमंदिर गुरुद्वारा पहुंचे। गुरू के दरबार में मत्था टेक कर हाजिरी लगाई। इस मौके पर प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने अंग वस्त्र और सरोपा देकर जायसवाल को सम्मानित किया। इस मौके पर जायसवाल ने कहा कि यहां आने से काफी सुकून मिलता है। अक्सर यहां आते हैं। इस बार प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रकाश उत्सव भारत ही नहीं, विदेशों में भी मनाई जाती है। देश-विदेश से श्रद्धालु गुरु के दर्शन के लिए पटना सिटी पहुंचते हैं। भाजपा नेता जायसवाल ने कहा कि प्रबंधन कमेटी की ओर से तैयारियां की जा रही है। बिहार सरकार अपना सहयोग देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यहां आने वाले लोगों को परेशानी नहीं होगी। श्रद्धालुओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

## राजगीर में बनेगी बिहार की पहली फिल्म सिटी

### –केंद्र से 200 करोड़ की मांग



**पटना(बिहार ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में जल्द बनेगी फिल्म सिटी,बिहार सरकार ने इसके लिए केंद्र सरकार से 200 करोड़ रुपये की सहायता मांगी है।डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इसके साथ ही फिल्म टेलीविजन संस्थान और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय भी स्थापित किए जाएंगे,जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।राजगीर में फिल्म सिटी बनाने का प्रस्ताव साल 2017 में ही बिहार सरकार लेकर आई थी।इस प्रोजेक्ट के लिए करीब 20 एकड़ जमीन का अधिग्रहण भी कर लिया गया था।उस वक्त पैसों की कमी की वजह से यह प्रोजेक्ट कागजों में ही सिमटकर रह गया था।लेकिन अब इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए बिहार सरकार ने फिर से पहल शुरू कर दी है।दिसंबर 2022 में बिहार सरकार के इस प्रोजेक्ट पर बड़ा खुलासा हुआ था।बक्सर के आरटीआई कार्यकर्ता निराला कुमार चौधरी द्वारा मांगी गई जानकारी में पता चला कि फिल्म सिटी के निर्माण के लिए जिम्मेदार एजेंसी को न तो कोई धनराशि दी गई और न ही परियोजना को मंजूरी मिली थी।हालांकि अब इस प्रोजेक्ट पर दोबारा काम शुरू होने से लोगों को उम्मीद जगी है कि यह योजना पूरी होकर बिहार की कला को नई पहचान देगी।

## देश की शांति,सुशासन और सर्वांगीण विकास के लिए 2025 में फिर से नीतीश जरूरी: उमेश सिंह कुशवाहा



**पटना(बिहार ब्यूरो)।** बुधवार को बिहार जनता दल(यू)प्रदेश कार्यालय में सारण,कोशी,पूर्णिया-1,पुर्णिया-2 एवं मुंगेर प्रमंडल के प्रभारियों,जिलाध्यक्षों, विधानसभा प्रभारियों सहित अग्रिम एवं मॉनिटरिंग टीम के सदस्यों की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की एवं उक्त मौके पर मुख्य रूप से विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ,विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी,प्रदेश उपाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद विकल,प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह एवं वरीय नेता प्रो.नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे।इस बैठक में बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार एवं मजबूती से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सघन चर्चा हुई।इसके साथ ही 24 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलाए गए जद(यू)जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की गहन समीक्षा,सभी स्तर के कमिटियों का सत्यापन एवं आगामी 15 जनवरी से शुरू होने वाले एनडीए के प्रदेश अध्यक्षों के संयुक्त जिलावार कार्यक्रम की सफलता हेतु भी कई जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि वर्ष 2025 में प्रचंड विजय को सुनिश्चित करने के लिए हमें अपने सहयोगी दलों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर धरातल पर काम करना है और विकासपुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के हाथों को मजबूत बनाना है।आगे उन्होंने कहा कि गत 19 वर्षों की तमाम ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ-साथ हमारे नेता नीतीश कुमार जी की बेदाग और ईमानदार छवि हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।नीतीश सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं से वंचितों-शोषितों के जीवनस्तर में सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं।वहीं,दूसरी ओर हताश और निराश विपक्ष है जिनका एकमात्र काम झूठ फैलाकर प्रदेश की जनता को गुमराह करना है।श्री कुशवाहा ने कहा कि वर्ष 2025 की चुनौतियों को फतह करने के लिए हमें गांव-गांव में जाकर नीतीश सरकार की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है और विरोधियों के दुष्प्रचार को नाकामयाब करना है।आगे उन्होंने कहा कि शांति,सुशासन,सुरक्षा और सर्वांगीण विकास एनडीए सरकार की पहचान रही है।हमें इसे हर हाल में बरकरार रखना है तभी समृद्ध बिहार के निर्माण का सपना सकार होगा।विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की एनडीए सरकार है इसलिए आने वाला 5 साल बिहार के लिए स्वर्णिम काल साबित होने वाला है।केन्द्रीय बजट में बिहार को अलग से 60 हजार करोड़ रुपये मिले हैं और अगले 5 सालों तक यह जारी रहेगा।हमारे नेता बिहार की जनता को अपना परिवार मानते हैं इसलिए जनता के लिए दिन रात काम करते हैं।प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह ने कहा कि हमारे निष्ठावान कार्यकर्ता जनता दल(यू)का आधार स्तम्भ हैं और इन्ही कार्यकर्ताओं की बदौलत वर्ष 2025 में लक्ष्य 225 का संकल्प साकार होगा। अपने नेता नीतीश कुमार को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए हमें पूरे जी-जान से जुट जाना है।

## फार्मूला कोई भी हो...सीएम तो नीतीश कुमार ही होंगे

### –जेडीयू ने बीजेपी को साफ–साफ बता दिया



**पटना (बिहार)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए का चेहरा कौन होगा,यह तय नहीं है।गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद बिहार की राजनीति में बवाल मच गया है।बिहार भाजपा नेताओं ने जहां इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली है,वहीं सहयोगी दल जेडीयू नेताओं ने साफ कर दिया है,बिहार में दूसरा कोई फार्मूला नहीं चलेगा।जेडीयू के नेता व नीतीश कैबिनेट में मंत्री रत्नेश सदा ने साफ कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव चाहे जिस फार्मूल पर लड़े जाएं,लेकिन नेतृत्व नीतीश कुमार का होगा।उन्होंने कहा कि,बिहार का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही बनेंगे, दूसरा कोई नहीं बनेगा।मंत्री ने कहा कि चुनाव बाद नीतीश कुमार की जगह कोई दूसरा मुख्यमंत्री बनेगा,यह नामुमकिन है,यह संभव नहीं है।।वहीं,सूबे के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने भी साफ कर दिया कि मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कोई समझौता नहीं,उन्होंने कहा कि बिहार एनडीए का नेतृत्व कौन करेगा,इसमें कोई शक और संदेह नहीं है।नीतीश कुमार ही 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार एनडीए का नेतृत्व करेंगे।जेडीयू कोटे से मंत्री सुनील कुमार ने कहा, कोई कुछ बोल रहा है तो यह अलग बात है,लेकिन इसमें कोई शक और संदेह नहीं है कि नीतीश कुमार ही 2025 में एनडीए का नेतृत्व करेंगे और मुख्यमंत्री बनेंगे।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन दिन पहले एक टीवी शो में बिहार एनडीए को लेकर दो खास बातें कहीं थी।उनकी पहली बात थी कि बिहार में एनडीए के सीएम फेस का फैसला संसदीय बोर्ड और संबंधित दल लेंगे।यानी नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे, यह तय नहीं है।उन्होंने दूसरी बात कही थी कि कोई लाख कोशिश करे,एनडीए एकजुट है।

## नेता प्रतिपक्ष खुद भ्रष्ट हैं इसलिए उन्हें हर जगह भ्रष्टाचार नजर आता हैन्जयंत राज



**पटना(बिहार ब्यूरो)।** बुधवार को जद(यू) प्रदेश कार्यालय,पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उक्त मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे।

इस दौरान मंत्री जयंत राज ने कहा कि महिलाओं में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नीतीश सरकार प्रदेश की बहन-बेटियों को इंटर पास करने पर 25 हजार और ग्रेजुएशन पूरा करने पर 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देती है।इसके साथ ही हमारी सरकार ने 94 लाख गरीब परिवारों को चिन्हित कर 2-2 लाख रुपये देने का निर्णय लिया है।चुनाव नजदीक है इसलिए नेता प्रतिपक्ष झूठा झांसा देकर महिलाओं को बरगलाना चाहते हैं लेकिन उनका मकसद कभी पूरा नहीं होगा।आगे उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव का पूरा परिवार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है इसलिए उन्हें हर जगह भ्रष्टाचार नजर ही आता है।मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी और इसको लेकर कहीं कोई कन्फ्यूजन नहीं है।आगे उन्होंने कहा कि हमारे नेता ने महिला सशक्तिकरण से जुड़े हरेक वादों को पूरा किया है और 23 दिसंबर से शुरू होने वाले प्रगति यात्रा के जरिये हमारे नेता नीतीश कुमार प्रदेश में चल रही विकास योजनाओं का जायजा लेंगे।पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जिन भी शिक्षकों के वेतन में कटौती हुआ है वो जांच के लिए पुनःअपना आवेदन दे सकते हैं।

## आरजेडी के वरिष्ठ नेता का विवादित बयान, अमित शाह को पागल मंत्री बताया

पटना । आरजेडी के वरिष्ठ नेता शिवचंद्र राम ने केंद्रीय गृह मंत्री को लेकर विवादित बयान दिया है। पटना में आरजेडी कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने अमित शाह को पागल मंत्री बताया है। दरअसल राज्यसभा में गृह मंत्री ने कहा था कि अंबेडकर-अंबेडकर करना फैशन हो गया है। इतना नाम अगर भगवान का लेते, तब सात जन्मों तक स्वर्ग मिलता। इस बयान पर बिहार में सियासत गर्म हो चुकी है।

## नालंदा की बेटी ने किया राज्य का नाम रौशन, राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से होंगी सम्मानित

**पटना(बिहार)।** नालंदा बिहार की गोल्डी कुमारी ने थाईलैंड में आयोजित विश्व एबिलिटी स्पोर्ट्स युवा खेलों में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता।इस बेहतरीन जीत पर उन्हें 26 दिसंबर 2024 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा रहा है।यह पुरस्कार 26 दिसंबर 2024 को आयोजित एक समारोह में भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाएगा।इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली किया जाएगा।गोल्डी कुमारी की इस शानदार सफलता से ना सिर्फ बिहार का सम्मान बढ़ा है बल्कि राज्य के दूसरे खिलाड़ियों का मनोबल भी काफी बढ़ा है।पिछले वर्ष के अविस्मरणीय विश्व खेलों के बाद,प्रथम विश्व एबिलिटीस्पोर्ट युवा खेल 1 से 7 दिसंबर 2024 तक मुस्कान की भूमि थाईलैंड में आयोजित किए गए जिसमें एथलेटिक्स,बोशिया,पावरलिफ्टिंग और टेबल टेनिस का खेल कार्यक्रम आयोजित किया गए।आईएफ युवा आयु वर्गों के लिए युवा खेल,सभी स्तरों पर पैरालंपिक आंदोलन में कदम रखने के लिए विश्व एबिलिटीस्पोर्ट की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।ये खेल युवा एथलीटों को अपनी अंतरराष्ट्रीय शुरुआत करने का अवसर देंगे,जबकि अधिक अनुभवी एथलीट एलए 2028 के लिए अपने पैरालंपिक चक्र की शुरुआत कर सकते हैं।बिहार सरकार खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले माह नवम्बर में भारतीय महिला हॉकी टीम ने राजगीर हॉकी स्टेडियम में चीन को 1-0 से हराकर बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का खिताब अपने नाम किया।भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन और बेहतरीन टीम वर्क का प्रदर्शन किया।इतने बड़े अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित कर बिहार ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल गौरव को स्थापित कर लिया है।गौरतलब है कि बिहार का यही राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अब 2025 में मेंस हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा साथ ही साथ खेलो इंडिया यूथ गेम्स तथा पैरा गेम्स की भी मेजबानी करेगा।इसके अतिरिक्त बिहार राज्य में देश की सबसे बड़ी खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता मशाल का आयोजन किया जा रहा है जिनमें राज्य के करीब 40 हजार सरकारी स्कूल के 60 लाख से अधिक बच्चे और बच्चियां शामिल होंगे।इसमें से सफल बच्चों को सरकार की खेल छात्रवृत्ति की प्रेरणा योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति दी जाएगी और आगे राज्य,राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षित कर तैयार




किया जाएगा।बिहार सरकार का लक्ष्य आगामी ओलंपिक में देश के लिए मेडल जीतना है और इसके लिए अभी से ही प्रतिभा का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है ।

# ट्रेलर के टक्कर से 35 फीट खाई में गिरी कार, एक गम्भीर



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**चौपारण :** प्रखण्ड के दनुवा घाटी में सड़क दुर्घटना अब आम बात हो गई है। इस दुर्घटना को रोकने के लिए न ही सरकार गम्भीर दिख रही है न एनएचएआई। किसी का सुहाग तो किसी का चिराग बुझ जाए इन्हें आम नागरिकों के दुःख दर्द से कोई मतलब नहीं है। बुधवार को भी ढलान सड़क के वजह से एक ट्रेलर ने आगे चल रहे एक कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से कार 35 पीस खाई में जा गिरा। कार सवार रामगढ़ के भुरकुंडा से गया इलाज करवाने के लिए जा रहे थे। इसी बीच दनुवा घाटी में प्रातः 9 बजे के करीब यह हादसा हुआ। इधर घटना के बाद एनएचएआई एम्बुलेंस ईएमटी प्रकाश कुमार रजक,चालक उपेंद्र कुमार व चोरदाहा चेकपोस्ट के पुलिस द्वारा घायलों को कार से बाहर निकाल कर प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक अस्पताल में भर्ती किया गया।कार में अखिलेश सिंह उम्र 35 वर्ष, हरिओम सिंह 45 वर्ष,राधिका देवी 60 वर्ष भुरकुंडा रामगढ़ सवार थे। घटना में राधिका देवी की स्तिथि गम्भीर बताया जा रहा है।

# दारू में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, स्टूडियो और दुकान जलकर राख, मालिक घायल

## लाखों का नुकसान, घायल दुकान मालिक का अस्पताल में इलाज

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**दारू :** दारू थाना क्षेत्र के दारू चौक स्थित आराधना स्टूडियो सह सास-बहू कपड़ा दुकान में मंगलवार की मध्य रात्रि को भीषण आग लग गई। इस घटना में स्टूडियो और कपड़ा दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गए, जिससे लाखो रुपये का नुकसान हुआ। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने के दौरान दुकान में रखे लैपटॉप, कंप्यूटर और अन्य विद्युत उपकरणों में जोरदार ब्लास्ट हुआ, जिससे दुकान मालिक सूरज कुमार बुरी तरह घायल हो गए। ब्लास्ट के कारण दुकान की ईंट की दीवार गिर गई, जिसमें दबकर सूरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बारे में बताया गया कि रात करीब एक बजे दुकान में आग लगने का अहसास हुआ। जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि आग की लपटें तेज हो रही थीं। सभी ने मिलकर पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन इस दौरान लगातार ब्लास्ट होने लगे। ब्लास्ट के कारण दुकान की छत और शटर तेज आवाज के साथ उड़कर दूर जा गिरे। इस दौरान दीवार गिरने से सूरज कुमार ईंटों के बीच दब गए। उन्हें तुरंत निकालकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि सूरज कुमार के दोनों पैर टूट गए हैं, और उन्हें ऑपरेशन की आवश्यकता है। ऑपरेशन में लगभग 2 से 3 लाख रुपये का खर्च होने की संभावना जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही दारू थाना पुलिस रात में ही मौके पर पहुंच गई और हरसंभव मदद की। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और घटना की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे में स्टूडियो और कपड़ा दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गए। दुकान मालिक का कहना है कि कुल पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।



# मंजीत यादव एवं उदय साव हत्याकांड के तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## एक मोटरसाइकिल, मोबाइल एवं 1 करोड़ 38 लाख का साइन किया गया चेक बरामद

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर के चर्चित मंजीत यादव एवं उदय साव हत्याकांड मामले में गठित एसआईटी के टीम को हत्या की गुत्थी सुलझाने में बड़ी सफलता मिली है। दोनों हत्याकांड में पुलिस के एसआईटी टीम ने तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से एक अपाची मोटरसाइकिल, दो मोबाईल एवं 1 करोड़ 38 लाख का चेक 68 पीस हस्ताक्षर साइन किया हुआ चेक के अलावा एक हस्ताक्षरयुक्त ब्लैंक चेक बरामदगी हुई है। एसआईटी टीम में पुलिस के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर हजारीबाग के अमित आनंद ,अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर मनोज सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान) प्रशांत कुमार, पुलिस निरीक्षक पेलावल अंचल बिनोद कुमार पुलिस निरीक्षक दारू अंचल शाहिद रजा थाना प्रभारी लोहसिंघना संदीप कुमार , प्रभारी पेलावल ओपी वेद प्रकाश पांडेय , पुलिस अवर निरीक्षक शशिकांत पासवान , थाना प्रभारी कटकमदाग पंकज सिंह एवं तकनीकी शाखा के पदाधिकारी और आरक्षी शामिल होकर इस हत्याकांड के अंतर्गत मंजीत यादव हत्याकांड में शामिल निरंजन यादव पिता राजेंद्र यादव साकिन मंडई खुर्द थाना लोहसिंघना हजारीबाग तथा उदय साव हत्याकांड में संतोष कुमार मेहता पिता युगल किशोर मेहता साकीन अंबाडीह मेरु थाना मुफ्फसिल हजारीबाग और राहुल पासवान पिता महावीर पासवान साकिन इचाक थाना गिद्धौर जिला चतरा को गिरफ्तार कर केंद्रीय कारा हजारीबाग भेज दिया गया है। एसआईटी टीम ने जानकारी दी है की मंजीत यादव और उदय साव हत्याकांड में रेकी करने वाले राहुल पासवान से पूछताछ के दौरान मुख्य साजिशकर्ता संतोष कुमार मेहता को पकड़ा गया। जिसके बयान पर कार्रवाई करते हुए उद्भेदन किया गया है। ज्ञात हो कि मंजीत यादव हत्याकांड में सदर बड़ाबाजार ओपी कांड संख्या 419/24 एवं उदय साव हत्याकांड में लोहसिंघना थाना कांड संख्या 216/24 दर्ज की गई है। दोनों कांड में मृतक की पत्नी के बयान पर मामला दर्ज हुआ है। अभी इस मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी होना बाकी है।




# भाजपा जन-जन की पार्टी है, युवाओं व महिलाओं को जोड़ें : मनोज यादव

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**चौपारण :** पंचायत सचिवालय सेलहारा में संगठन महापर्व के अवसर पर सदस्यता अभियान के लिए बुधवार को पूर्वी मंडल कि बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चनद्रवँशी ने की। बैठक में मुख्यरुप से बरही विधायक मनोज कुमार यादव व प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि भाजपा जन जन से जुड़ी पार्टी है। संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए युवाओं, महिलाओं को पार्टी से जोड़े। भाजपा के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुँचाये। रमेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी सबका साथ, सबका विकास चाहती है और ये तभी संभव है, जब अधिक से अधिक लोग पार्टी की विचारधारा से जुड़ें। बैठक में मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, जीप सदस्या आरती कौशल, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चनद्रवंशी, महामंत्री बालेश्वर साव, अरविंद सिंह, भाजपा नेता गजाधर प्रसाद, सुनील सिंह, आशीष सिंह, नरेन्द्र पांडेय, विजय यादव, संजय सिन्हा, बिनोद यादव, युवा अध्यक्ष रंजन सिंह, अरविंद साव, महिला मोर्चा अध्यक्ष बसंती देवी, मुखिया मंटू सिंह, अनिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि मोहन साव, प्रवीण सिंह, सुदेव यादव, मनोज कुमार, सिकेन्द्र कुमार, विवेक पांडेय, सुदीप सिंह, नारायण साव, महेश यादव, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, अशोक यादव, कैलाश भुइँया, भाजपा नेता सकलदेव यादव, रामधनी यादव, मुकेश सिंह, अशोक पासवान, बिनोद यादव, अशोक प्रजापति, कपील यादव, पिन्टू सोनी, रविन्द्र कुमार, ब्रहमदेव रवीदास, रंजीत भुइँया सहित अन्य उपस्तिथ थे।



## कार्रवाई की मांग

**टाटीझरिया :** प्रखंड के झरपो निवासी बद्री भुईंया ने आईजी और एसपी हजारीबाग को आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है। अधिकारियों को दिए गए आवेदन में लिखा है की झरपो निवासी प्रकाश महतो, दयाल महतो इत्यादि लोगो ने गत 3 अक्टूबर 2024 को जातिसुचक कहकर गाली ग्लौज मार-पीट जानलेवा हमला कर मुझे पेशाब पिला दिए थे. मेरे जेब से पैसा और मेरे दमाद का मोटरसाइकिल छिन लिया गया.

# सबकी योजना, सबका विकास के तहत आम सभा का आयोजन




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**टाटीझरिया :** झारखंड सरकार के निर्देश पर पंचायतों में सबकी योजना, सबका विकास से संबंधित आम सभा का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत भराजो मुखिया स्वास्तिका कुमारी,डहरभंगा मुखिया रेखा देवी की अध्यक्षता में आम सभा किया गया। आम सभा में एलएसडीजी के द्वारा 9 विषय दिए गए हैं, जिसमें किसी भी एक विषय पर पंचायतों में कार्य किया जाना है। आम सभा में कंडिका 6 को इसके लिए सर्वसम्मति से चयनित किया गया। आम सभा में पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद, संजय कुमार,रोजगार सेवक अरूण रवि, मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, रविंद्र यादव, महेश अग्रवाल, कौलेश्वर कुमार,कृष्णा कुमार,सुधीर कुमार, दीपक कुमार, रोहित कुमार, राजेश राम, नागेश्वर प्रजापति, मनिषकांत, सरयु ठाकुर, रीता कुमारी,मीना कुमारी, सुरेश रजक समेत अन्य उपस्थित रहे।

# हजारीबाग यूथ विंग ने चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की

## इस पहल की पूरे शहर में सराहना हो रही है

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग ने कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की मदद के लिए समाजसेवा की अद्भुत मिसाल पेश की है। संस्था ने शहर के चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कर ठंड से राहत देने का सराहनीय कार्य किया है। यह पहल सर्दियों के दौरान हर साल कमजोर वर्गों को मदद पहुंचाने के उद्देश्य से की जाती है।

संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, हमारी संस्था का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाना है। सर्दी के मौसम में गरीब और बेघर लोगों को सबसे ज्यादा तकलीफ का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अलाव जलाना हमारी जिम्मेदारी है। यह न केवल उनका सहारा बनता है, बल्कि समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने सर्दी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए शहर के चौक-चौराहों का दौरा किया और उन स्थानों को चिन्हित किया, जहां अलाव की सबसे अधिक आवश्यकता थी। तत्पश्चात, टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए अलाव जलाने की व्यवस्था की।

इस पहल की पूरे शहर में सराहना हो रही है। स्थानीय निवासी चंदन सिंह ने कहा, हजारीबाग यूथ विंग का यह कदम समाज के लिए एक प्रेरणा है। इस सर्दी में यह अलाव जरूरतमंदों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। संस्था ने घोषणा की है कि वह आने वाले दिनों में भी इस अभियान को जारी रखेगी। अन्य इलाकों में अलाव की व्यवस्था के साथ-साथ जरूरतमंदों को कंबल भी बांटे जा रहे है।

मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, सहसचिव डॉक्टर बी वेंकटेश, उपाध्यक्ष विकास केसरी कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकाश तिवारी, शम्पा बाला, गुंजन मद्धेशिया, कुल्तार सिंह, सनी सिंह सलूजा, अख्तर हुसैन, मो.नौशाद अंसारी, संतोष चौधरी, सिद्धार्थ कुमार उर्फ सिद्धू, सूरज वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# संत कोलंबा महाविद्यालय के बीएड विभाग में फ्रेशर कम क्रिसमस गैदरिंग

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**हजारीबाग :** पिछले साल की भांति इस वर्ष संत कोलंबा कॉलेज में भव्य स्वागत एवं क्रिसमस मनाया गया। सभी सम्मानित बुद्धि जीवी और सामाजिक कार्य करने वाले भावी शिक्षकों ने जबर्दस्त कार्यक्रम में शिरकत किया।

सत्र 2024/26 प्रशिक्षुओं को फ्रेशर पार्टी सत्र 2023/25 ने किया और संयुक्त रूप से क्रिसमस गैदरिंग. प्रभारी प्राचार्य संत कोलंबा कॉलेज के शिक्षा शास्त्र संकाय बीएड में सत्र 2024 /26 प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें का प्रेशर पार्टी का आयोजन सत्र 2023/25 के छात्रों ने किया एवं दोनों सत्रों के प्रशिक्षण का जबरदस्त प्रदर्शन संस्कृति कार्यक्रमों से आजाद कियाइस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी प्रचार डॉ विमल रेवेन व उप प्राचार्य डॉक्टर जेआर दास एवं विशिष्ट अतिथि शोमक विश्वास वोकेशनल कोऑर्डिनेटर मंच संचालन डॉक्टर बी.आर अंबेडकर और विभाग का विभाग अध्यक्षता डॉक्टर सी आर जॉन ने संभाला इस कार्यक्रम के विधि व्यवस्था सच- सजावट के लिए डॉक्टर अनिमा लकड़ा के द्वारा बेहतरीन सजावट का प्रदर्शन देखने को मौका मिला एवं इनके साथ दे रहे हैं, डॉक्टर राबिया खातून ,डॉक्टर अर्चना सिंहा, प्रो मंजुला भगत,प्रोफेसर अतुल्य हेरेंज , धीरज गुप्ता का बहुत बड़ा सांस्कृतिक विषय पर योगदान दिया लेकिन यूथ फेस्टिवल चतरा चले गए इनकी बहुत कमी महसूस हुई। और प्रमिला भेंगरा, मुनेश्वरउर्फ मिग्रेन्द्र सत्र 2023/25/ओर 2024/26 के लगभग दो सौ प्रशिक्षुओं की टोली ने कॉलेज प्रशासन को भव्य स्वागत किया और नव वर्ष की आशीष आशीर्वाद मांगें।




# डेंटल कॉलेज के छात्रों को कराया गया वार्षिक शैक्षणिक भ्रमण

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के द्वारा अध्ययनरत बीडीएस के प्रथम वर्ष के छात्रों ने पतरातु स्पॉट एवं अंतिम वर्ष के छात्रों ने पूरी स्पॉट का वार्षिक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जहां बीडीएस के प्रथम वर्ष के छात्रों ने पतरातू डैम की प्राकृतिक छटा, लेक रिसोर्ट की सुंदरता देखने के साथ साथ जल संपदा, ताप विद्युत केंद्र और पर्यावरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने पठन पाठन के ज्ञान में वृद्धि के अलावे जीवन में बाहरी दूनिया की जानकारी के साथ एडवेंचर स्पोर्टस का भी आनंद उठाया। वहीं बीडीएस के अंतिम वर्ष के छात्रों ने पूरी में विश्व प्रसिद्ध श्रीजगन्नाथ मंदिर में हिंदू धर्म के चार धामों का अनुसरण किया। पुरी में सबसे लंबा गोल्डन बीच सहित कई प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया एवं आनंद उठाया। छात्रों का पठन पाठन के ज्ञान में वृद्धि हुआ। प्रोफेसर डॉ. राजन कुमार, डॉ. पारुल प्रिया, डॉ. रघु रंजन और डॉ. स्वाति के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

मौके हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से छात्रों के जीवन में नए अनुभव सीखने के लिए महत्वपूर्ण है इससे उन्हें कई चीजों के बारे में सीखने में मदद मिलती है। पठन- पाठन के साथ शैक्षणिक भ्रमण से ज्ञान में वृद्धि होता है। सामाजिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा मिलता और छात्रों को वास्तविक जीवन की स्थितियों से परिचित में शैक्षणिक भ्रमण काफी मददगार साबित होता है। यह हर वर्ष छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाता है।




# कटकमदाग मंडल में भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर बैठक

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**कटकमदाग :** कटकमदाग मंडल में सदस्यता अभियान को लेकर बानादाग पहाड़ी स्थित संस्कृतिक भवन में मंडल प्रभारी अध्यक्ष अरुण कुमार राणा के अध्यक्षता में एक बैठक रखी गई। मुख्य अतिथि किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा , संयोजक कविंद्र यादव, सह संयोजक तुलसी प्रसाद कुशवाहा, सुरेंद्र कुमार गुप्ता थे। जिसमें कटकमदाग मंडल में अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों को बनाने के लिए प्रखंड के पंचायत वार सदस्यता प्रभारी का चयन किया गया है। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू , पूर्व प्रमुख अशोक यादव, उप प्रमुख विमल गुप्ता, कटकमदाग मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, खपरियावा मुखिया राजेश कुमार गुप्ता, एससी मोर्चा अध्यक्ष उमेश राम, उपाध्यक्ष कमल कुमार साहू, विनोद यादव भारत राम, फूलों साव, विनोद प्रसाद कुशवाहा, राम अवतार साहू डोमन गोप, प्रमोद कुमार शर्मा, महादेव प्रसाद, नवल प्रसाद, वासुदेव प्रसाद, पीयूष राणा, मोहन गुप्ता, मनोज प्रकाश, भुवनेश्वर प्रसाद कुशवाहा, राजेंद्र ठाकुर, विकास कुमार, दीपक कुमार पंडित, शंभू राणा, राजू साहू, अनिल यादव, जगन्नाथ प्रसाद, सिद्धार्थ कुमार, सुरेश साहू, अनिल कुमार कुशवाहा, कमल प्रसाद, गंगा साहू, रंजीत कुमार, दिनेश प्रसाद आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।



## मूल्यांकन कार्य का अनुश्रवण

**चौपारण :** झारखंड के सरकारी विद्यालयों में वर्ग एक से सातवें तक के बच्चों का मूल्यांकन कार्य एस ए वन चल रहा है। जो 16 से 18 दिसंबर तक बच्चों का मूल्यांकन किया गया। विद्यालयों में जेसीइआरटी द्वारा ऐप्प जे-गुरुजी के माध्यम से प्रश्न उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिसे शिक्षकों द्वारा बच्चों को लिखवा कर मूल्यांकन किया जा रहा है।

# जरबा में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ ग्राम बनाने का लिया संकल्प



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**चरही :** आदर्श ग्राम जरबा में पंचायत के मुखिया सुनिता देवी की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक उपस्थित हुए। स्वच्छता अभियान के दौरान मुख्य अतिथि ने ग्रामवासियों से यह आग्रह करते हुए कहा कि अपना गाव को सुंदर बनाने के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए। वही उन्होंने कहा कि मेहरबानी होगा कि सड़क पर पानी बहाने वाले ग्रामीण से की सडक पर पानी नहीं बहाए। डोर-टू-डोर घुम कर पानी बहाने वालों को चिन्हित कर नोटिस भी थमाया गया। इस अभियान में ग्रामीणों ने इस पहल का जोरदार स्वागत किया। वहीं मौके पर कुछ महिलाओं ने इसका विरोध भी जताया। इस स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी कामखया भगत, वार्ड सदस्य - युगल किशोर साव, किशोर प्रजापति, संतोष सिंह, समाजसेवी शमशेर आलम, जागेश्वर प्रजापति, कामाख्या भगत, रामचंद्र रवी, राजेश्वर राम, महेश माली, डोमन साव, बिरेंद्र रविदास, मोनू वर्मा एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बरवाबेड़ा गांव को पुनर्वासित करने आए सीसीएल अधिकारियों का विस्थापितों ने किया विरोध

**बोकारो थर्मल(बेरमो) ।** सीसीएल के खासमहल परियोजना फेसटू पहुंचे सीसीएल एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों का गोविंदपुर के रैयत विस्थापितों जमकर विरोध किया। अधिकारी सीसीएल के बरवाबेड़ा गांव के ग्रामीणों को फेसटू कॉलोनी में पुनर्वासित करवाना चाह रहे है जिसके जमीन मापी के लिए सीसीएल के सभी अधिकारी प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ मंगलार को पहुंचे थे। परन्तु विस्थापित संघर्ष समिति के विस्थापितों के विरोध के बाद सभी अधिकारी वापस लौट गए। एवं 4 जनवरी को समस्या का समाधान करने को लेकर अनुमंडल कार्यालय में वार्ता की तिथि निर्धारित किया गया। यहां विस्थापित संघर्ष समिति गोविंदपुर के सचिव डॉ दशरथ महतो ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन ने वर्ष 1978 को लगभग 168 एकड़ जमीन गोविंदपुर के रैयतों का अधिग्रहण किया था। जमीन के बदले 84 लोगों को नौकरी देने पर सहमति बनी थी परंतु सिर्फ 63 लोगों को ही



नौकरी दिया गया है और 21 लोग अभी भी नौकरी मिलने का आस लगाए हुए है जिसे सीसीएल प्रबंधन टाल मटोल कर रही है। कहा कि बाकी 21 लोगों को जबतक सीसीएल प्रबंधन नौकरी नहीं देगी तबतक अपनी जमीन फेसटू में दूसरे गांव बरवाबेडा के लोगों को पुनर्वासित करने नहीं दिया जाएगा। वही बेरमो अंचलाधिकारी संजीत कुमार सिंह कहे की गोविंदपुर के विस्थापितों की नौकरी से संबंधित अगर कोई मामला लम्बित है तो 4 जनवरी को इन सभी विस्थापित लोगों को अंतिम अवसर अपने अपने कागजात प्रस्तुत करने के लिए दिया जा रहा है। 4 जनवरी को अनुमंडल कार्यालय तेनुघाट में त्रिपक्षीय बैठक रखे जाने की बात सीओ ने कही। यहां सीसीएल केएसपी परियोजना के महाप्रबंधक , विस्थापित नेता जानकी महतो, बीएन महतो, नरेश महतो, डा दशरथ महतो सहित बोकारो थर्मल थाना की पुलिस ,सीसीएल सुरक्षा गार्ड भी भारी संख्या में उपस्थित थे।

## अमृत पार्क फेज पांच में बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**बोकारो।** चास नगर निगम अंतर्गत निर्मित अमृत पार्क फेज पांच में डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 के बच्चों के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य हृश्चक्क 2020 के तहत बैग लेस डे कम स्कूल पिकनिक का आयोजन किया गया ,जिसमें बच्चों को पार्क में स्थित वैज्ञानिक ढांचे पार्क की हरियाली एवं स्थापित यंत्रों की जानकारी दी गई। पार्क परिसर में आने के बाद बच्चे काफी उत्साहित थे ,पार्क निर्मित सामग्री को जानने की काफी उत्सुकता थी। बच्चे मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान भी अजित किए ।इस पार्क में भ्रमण में 530 बच्चे उपस्थित हुए ।प्राचार्य एस एस कर के नेतृत्व में बच्चों के शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षक भी उपस्थित थे जिसमें मुख्य रूप से श्रीमती राजेश्वरी, श्रीमती के सुल्ताना एवं बीके सिंह आदि उपस्थित थे ।पार्क संचालक अमरेंद्र कुमार के द्वारा बताया गया कि पार्क आधुनिक तथा वैज्ञानिक तथ्यों को अधिष्ठापित करने तथा ज्ञान अनुरूप डालने के लिए तत्पर है। विदित हो की नगर निगम अंतर्गत संचालित अमृत पार्क सुव्यवस्थित रूप से संचालित एवं मनोरंजन के साथ साथ ज्ञानवर्धन के उद्देश्य को भी पूरा करता है। अपर नगर आयुक्त सह प्रशासक संजीव कुमार के द्वारा पार्को को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु सभी संचालको को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

## संत ज़ेवियर्स बोकारो में बैगलेस डे में बच्चों ने बनाए स्वादिष्ट व्यंजन



**बोकारो।** संत जेवियर्स स्कूल बोकारो के प्रांगण में आज बैगलेस डे के दौरान कक्षा छठीं-सातवीं के विद्यार्थियों ने कुकिंग विदाउट फायर कार्यक्रम में उत्साह और उमंग से भाग लिया। सभी बच्चों ने अपने-अपने घर से लाए सामग्री से ढेर सारे व्यंजन बनाया। सभी बच्चों ने अपने-अपने समूह में भेल पूरी, ब्रेड केक, फ्रूट सलाद जैसे अन्य कई व्यंजन बनाया। बच्चों के हाथ से बने स्वादिष्ट व्यंजनों को चखने के लिए सभी वर्ग के शिक्षकगण भी वहाँ रहे, सभी बच्चों के मेहनत एवं बनाए गए खानों की खूब तारीफ़ की गई। बच्चों के बीच मिडिल स्कूल, हाई स्कूल एवं प्लस टू के उपप्रधानाचार्य रहे। बच्चों ने अपने हाथों से सभी उप-प्रधानाचार्य महोदयों को व्यंजन परोसे। विद्यालय के प्राचार्य फॉदर अरुण मिंज , एस.जे. ने भी बच्चों के साथ समय बिताया और उन्होंने बच्चों को साथ मिलकर काम करने को और साथ रह कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## बीएसएल ठेकाकर्मी मृतक बाबू राम सोरेन के आश्रित को मिला मुआवजा



**बोकारो** इस्पात संयंत्र के एसएमएस विभाग के शैलजा इंटरप्राइजेज कंपनी में कार्यरत ठेकाकर्मी बाबू राम सोरेन के मृत्यु के बाद काफ़ी संघर्ष के पश्चात मिला सम्मान जनक मुआवजा राशि एवं ठेका कंपनी में नियोजन। बताते चलें कि विगत 17 नवंबर को कार्य के दौरान बाबू राम सोरेन की तबियत खराब हो गई थी जिसका लंबे इलाज़ के क्रम में दिनांक 13 दिसंबर को उनका मृत्यु हो गया। इसके बाद परिजनों द्वारा शव को बोकारो जनरल अस्पताल में रख नियोजन और मुआवजा की मांग को लेकर आंदोलन किया जाने लगा लेकिन प्रबंधन और ठेकेदार द्वारा किसी भी तरह का पहल नहीं किया जा रहा था अंततः झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मामला को संज्ञान में लेते हुए आंदोलन का कमान अपने हाथों में लेने का काम किया। झामुमो बोकारो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी और बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर लगातार प्रबंधन और ठेका कंपनी पर दबाव बनाने का काम किया। इनके अथक प्रयास से मृतक बाबूराम सोरेन के आश्रितों को साढ़े सात लाख रुपए नकद, ठेका कंपनी में एक नियोजन और 50 हज़ार रुपए दाह संस्कार के लिए आदि पर समझौता हुआ। इस आंदोलन को सफ़ल बनाने में मृतक के परिजनों एवं झामुमो पार्टी के सभी साथियों का योगदान अहम रूप से रहा।

## वाहन जांच अभियान चलाकर डीटीओ ने वसूला 02.23 लाख जुर्माना




**बोकारो** ः राष्ट्रीय राजमार्ग पर बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत टॉल प्लाजा के पास परिवहन विभाग द्वारा आज दिनांक 16 दिसंबर, 2024 दिन सोमवार की देर रात चलाएं गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 06 वाहनों से 02.23 लाख का जूर्माना वसूल किया गया। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) वंदना शेजवलकर द्वारा विशेष जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 06 वाहन से 02.23 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 40 वाहनों की जांच की गई, जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 06 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया।

## जन शिकायत समाधान के दूसरे कार्यक्रम में लोगो ने नही दिखाई रुचि, कई थानों के टेबल में नही आई शिकायतें

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आये शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी– सिटी एसपी

**कतरास**ः बुधवार को कतरास राजगंज रोड में स्थित राजस्थानी धर्मशाला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का दूसरा जागरूकता अभियान शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में सिटी एसपी अजित कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में बाघमारा अनुमंडल अंतर्गत सभी थाना व ओपी के प्रभारी शामिल हुए। सिटी एसपी ने बताया कि महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक झारखंड के निर्देशानुसार आम नागरिकों के शिकायतों की त्वरित करवाई एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस की पहल पर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जो भी अपना शिकायत लिखित रूप से देंगे उनका मामले का निष्पादन अति शीघ्र किया जाएगा।

शिविर में आए लोगों ने सड़क किनारे के सरकारी जमीनों का अतिक्रमण होने, अवैध कोयला खनन होने, साइबर ठगी से संबंधित मामले, जमीन कब्जा होने, जमीन संबंधित मामले एवं अन्य मामलों को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज करवाई तथा रिसीविंग भी प्राप्त किया। हालांकि प्रचार प्रसार कम होने व जागरूकता की कमी के कारण अधिकांश लोगों ने इस कार्यक्रम में रुचि नही दिखाई। शिविर में कतरास थाना क्षेत्र से आये कुछ लोगों



ने बताया कि 3 महीना पहले आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में की गई शिकायत का निबटारा अब तक नही हुआ है। हालांकि पुलिस द्वारा बताया गया कि पिछ्ले जन शिकायत कार्यक्रम से संबंधित कोई भी पुराना मामला नही आया है। समाचार लिखे जाने तक कतरास थाना में -11 शिकायतें, रामकनाली ओपी में -2, सोनारडीह ओपी में -0, खरखरी ओपी में -0, अंगारपथरा ओपी में -2, महिला थाना बाघमारा में -2, मधुबन थाना में -0, धर्माबांध ओपी में -0, राजगंज थाना में -0, महुदा थाना में-2, भाटडीह ओपी में-1, ईस्ट बसूरिया ओपी में-1, तेतुलमारी थाना में -2, हरिहरपुर थाना में-2, तोपचांची थाना में-2, बरोरा थाना में- 3, बाघमारा थाना में- 8 कुल 38 शिकायतें आई।

मंच संचालन कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह ने किया. मौके पर बाघमारा डीएसपी परशुराम सिंह, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर उमाशंकर सिंह, डॉ मधुबाला, महिला थाना प्रभारी बाघमारा, सभी थानों व ओपी के प्रभारी एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

## बोकारो विधायक ने स्व.गोलक बिहारी महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की



**बोकारो** विधायक श्वेता सिंह ने नाला विधायक सह विधानसभा के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो के पिता स्व.गोलक बिहारी महतो के श्राद्धक्रम में पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।श्रीमती सिंह ने कहा कि पिता का स्थान को कोई नहीं ले सकता है इनकी कमी हमेशा खेलेगी। स्व.महतो नाला विधानसभा की जनता के लिए एक अभिभावक स्वरूप थे उनकी सेवा भाव से यहां की जनता परिचित थी उन्होंने हमेशा समाज के शोषित पीड़ित बुजुर्गों के हक की लड़ाई लड़ी है। वर्तमान समय में इनके कार्यप्रणाली को हम सभी को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है तभी जाकर एक सकारात्मक समाज का निर्माण किया जा सकता है झारखंड में ऐसे विभूति का जाना अत्यंत ही दुखद है इस अवसर पर दुमका विधायक लुईस मरांडी एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## बोकारो में स्विट्जरलैंड के थीम पर लोगो के लिए बर्फ का नज़ारा देखने को मिलेगा डिजनीलैंड मेला में




**बोकारो** ः बोकारो में 19 दिसम्बर से डिजनीलैंड मेला का आयोजन सेक्टर-4 सर्कस मैदान में किया जाएगा। मेले का उद्घाटन बोकारो विधायक श्वेता सिंह एवं झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरा लाल मांझी द्वारा किया जायेगा. इस मेले में मुख्य आकर्षण स्विट्जरलैंड के थीम पर लोगो के लिए बर्फ का नज़ारा देखने को मिलेगा जो नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा ,मेले के आयोजक मुन्ना सिंह एवं मैनेजर रंजीत कुमार ने बताया की इस मेले में बड़ों और बच्चों के लिए रायड्स में ब्रेक डांस, ड्रैगन ट्रेन, मिकी माउस टावर, टावर बुसी के साथ साथ अलग-अलग प्रकार के झूले होंगे। मेले में भारत के कोने-कोने से हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट के विभिन्न स्टॉल होंगे, जहां से नगरवासी अपनी मनचाहे सामानों की खरीदारी कर सकेंगे। खाने-पीने के भी कई स्टॉल लगाए जाएंगे। मेले की जानकारी देते रामजी सिंह उर्फ़ पगड़ी बाबा ने बोकारो वासियों से अपील की कि इस मेले में आकर पुरे परिवार को स्विट्जरलैंड का नज़ारा दिखाए.

## ढोरी जीएम से चिकित्सकों की टीम ने सुरक्षा की मांग की और दुर्व्यवहार की बात से अवगत कराया

**कथारा।** सीसीएल ढोरी केंद्रीय अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर आर एन झा के नेतृत्व में चिकित्सको की एक टीम ने ढ़ोरी जीएम रंजय सिंहा से कार्यालय मे मुलाकात किया। चिकित्सकों की टीम में डॉ नीतीश कुमार, डॉ रोहित शर्मा, डॉ पुनीत गुप्ता, डॉ शादाब अहमद, डॉ राहुल कुमार, डॉ राहुल रंजन, सुवेंदु सिंह, डॉ अंकित गौरव, डॉक्टर बी सतीश, डॉ ए डॉन, डॉ देवरंजन भट्टाचार्य, डॉ स्वेता शरण, डॉ शल्या, डॉ यामिनी, डॉ ज्योति रेड्डी, डॉ रुखसाना शामिल थे। चिकित्सको ने जीएम से सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

## आजसू पार्टी ने विनोद बिहारी महतो की पुण्य तिथि मनायी



**बेरमो ।** नावाडीह प्रखंड आजसू पार्टी की ओर से विनोद चौक नावाडीह में झारखंड केसरी स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो का 33वां पुण्य तिथि मनाया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह संस्थापक प्रोफेसर अलाउद्दीन अंसारी, नावाडीह प्रखंड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो, जिला संयुक्त सचिव अर्जुन महतो ,वरीय नेता धनेश्वर ठाकुर , पूर्व प्रमुख मोहन महतो ,प्रखंड उपाध्यक्ष विजय कुमार महतो , सांसद प्रतिनिधि सह युवा नेता भागीरथ महतो एवं कई आजसू के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## दुगदा में बिनोद बाबू की 33 वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**दुग्दा** ----- झारखंड क्लब दुग्दा के तत्वावधान में दुगदा गोलाई स्थित बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा स्थल पर बिनोद बिहारी महतो की 33 वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई।इस अवसर पर बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष राज कुमार महतो, झारखंड क्लब के सचिव बीरू महतो, सांसद प्रतिनिधि रोशन कुमार महतो समेत झामुमो, आजसू पार्टी व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बिनोद बाबू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड अलग राज्य विनोद बाबू की परिकल्पना थी। विनोद बाबू गरीब असहायों के आवाज थे। वे आजीवन समतामूलक समाज के निर्माण के लिए संघर्षरत रहे। विनोद बाबू का नारा ÷पढ़ो और लड़ो% को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ाना होगा तभी हक अधिकार मिल सकेगा। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सुभाष चंद्र महतो, सचिव बाल मुकुंद महतो, झारखंड क्लब के सचिव वीरू महतो, धनन्जय महतो,अब्बास खान, प्रभुदयाल सिंह, रजनीश दास, सदानन्द मंडल, बिरसा महतो, दामोदर महतो, खेलू महतो, लखींद्र नाग आदि शामिल थे।

## योग, मनन और ज़ुंबा एरोबिक्स डांस कर फिट इंडिया वीक का हुआ समापन

**कथारा।** स्वस्थ जीवन का आधार है योग व शारीरिक अभ्यास, प्राचार्य लक्ष्मी नारायण प्रतिरक्षा से लेकर जीवन में गुणवत्ता बढ़ाने में लाभदायक योग व मनन , नोडल पदाधिकारी फिट इंडिया डा प्रभाकर कुमार फिट इंडिया वीक के चौथे दिन योग, मनन और ज़ुंबा डांस का आयोजन प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में किया गया। योग प्रशिक्षक के रूप रमेश कुमार पासवान आए। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा योग व मनन एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जहां शरीर, मन और आत्मा जुड़े रहते हैं। योग व मनन हमें सकारात्मक, आशावादी और खुशमिजाज बनाते हैं जो फिटनेस के लिए आवश्यक है।

प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने बताया योग व मनन के माध्यम से शारीरिक व मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। शरीर के रसायन व हार्मोंस पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

डा अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा योग व मनन के द्वारा शारीरिक, मानसिक,




आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है जो हमारे जीवन की नींव है।

डा साजन भारती ने कहा आधुनिक जीवन शैली में फिटनेस का राज योग व मनन है।

फिट इंडिया के नोडल पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार ने कहा कि फिटनेस आधारित फिट इंडिया वीक चार दिनों तक विभिन्न गतिविधियां आधारित करवाई गई जिसमे कॉलेज के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जीवन की सार्थकता व सफलता की प्राप्ति तभी संभव है जब हम शारीरिक रूप से स्वस्थ, सबल और सक्षम रहें।

एन एस एस स्वयं सेवक ने भी कहा कि ज़ुंबा डांस एक एरोबिक्स डांस फॉर्म है जो फिट रहने मे मदद करता है। यहां तेज म्यूजिक के साथ डांस करते हैं। इससे कैलोरी और फैट बर्न मे मदद मिलती है।

वर्तमान समय में फिटनेस आधारित योग, मनन और ज़ुंबा एरोबिक्स डांस के माध्यम से फिटनेस पर ध्यान दिया जा रहा है। कॉलेज परिवार के सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों, छात्र छात्राओं, एन एस एस के स्वयं सेवकों ने चार दिवसीय फिट इंडिया वीक छठे संस्करण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा साजन भारती, डा प्रभाकर कुमार, डा अरुण रंजन, डा सुशांत बैरा, प्रो विपुल कुमार पांडे, डा नीला पूर्णीमा तिर्की, डा शशि कुमार, डा अरुण रंजन, प्रो पी पी कुशवाहा, प्रो संजय कुमार दास, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, रवि यादविंधु, मो साजिद, नदलाल राम, हरीश नाग, दीपक कुमार राय, बालेश्वर यादव, शिव चन्द्र झा, काजल, करिश्मा , संजय, संतोष राम, भगन घासी आदि कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों की उपस्थिति, छात्र छात्राएं, एन एस एस के स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने सुनी जन समस्याएँ

## 87 आवेदन प्राप्त

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गुमला :** बुधवार को मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार के निर्देश पर डीजीपी झारखण्ड के मार्गदर्शन में नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावकारी ढंग से निवारण हेतु गुमला जिला में जिला स्तर पर दूसरी बार "जन शिकायत समाधान कार्यक्रम" का आयोजन नगर भवन, गुमला में किया गया है। उक्त कार्यक्रम के मॉनिटरिंग हेतु पुलिस अधीक्षक, गुमला स्वयं उपस्थित रहे। साथ ही अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला, पुलिस उपाधीक्षक (मु.), गुमला, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, गुमला, पुलिस उपाधीक्षक (परिवीक्ष्यमान), गुमला सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि नगर भवन, गुमला के अतिरिक्त "जन शिकायत समाधान कार्यक्रम" का आयोजन गुमला अनुमण्डल अन्तर्गत थाना परिसर, घाघरा, बसिया अनुमण्डल अन्तर्गत थाना परिसर, बसिया तथा चैनपुर अनुमण्डल अन्तर्गत, थाना परिसर, रायडीह , थाना परिसर, डुमरी तथा थाना परिसर, चैनपुर में किया गया।

### बसिया में अनुमंडल स्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

बसिया थाना परिसर बसिया में सोमवार को अनुमंडल स्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी जयवंती देवगम उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 29 मामले आये। जिसमे जमीन संबंधी 15, पैसा लेनदेन के 04, बिजली संबंधी 03. हाथी उत्पात के 3, जन्म प्रमाण पत्र 1, अबुआ आवास 01 जमीन अतिक्रमण 2 शामिल है। इस संबंध में थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति ने बताया कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में सभी मामलों का त्वरित कार्रवाई होती है । 10 सितंबर को हुए कार्यक्रम में सभी मामलों का निष्पादन हो चुका है। उन्होंने ग्रामीणों से निर्भीक होकर अपनी शिकायत दर्ज करा कर त्वरित समाधान करा सकते है।




# जनता के विश्वास पर खरा उतरना पुलिस प्रशासन का मूल उद्देश्य है : डीआईजी अनूप बिरथरे

## लोहरदगा जिलावासियों को बेहतर पुलिसिंग देना हमारा खास मकसद : एसपी हारिस बिन जमां

**लोहरदगाः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निदेर्शानुसार एवं डीजीपी अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन पर पूरे झारखंड प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस प्रशासन द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर सीएम हेमंत सोरेन के निदेर्शानुसार और डीजीपी अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन पर लोहरदगा पुलिस की ओर से एसपी हारिस बिन जमां के नेतृत्व में लोहरदगा सदर प्रखंड मुख्यालय पर स्थित नया नगर भवन हॉल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित कर जिलेवासियों की समस्याएं सुनी गई और निष्पादन का भरोसा दिलाया गया। इस बीच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी अनूप बिरथरे का एसपी हारिस बिन जमां की अगुवाई में कार्यक्रम स्थल पर लाया गया।

जहां पर कार्यक्रम का शुभारंभ डीआईजी अनूप बिरथरे और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, किस्को जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार गुप्ता व अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात लोगों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए बारी-बारी से उनकी समस्याओं को सुनी गई और निष्पादन हेतु भरोसा दिलाया गया। इधर एसपी हारिस बिन जमां ने बीते 10 सितंबर को नया नगर भवन में आयोजित की गइ।




# उद्यान विभाग और जेएसएलपीएस ने प्रखंड के किसानों के बीच किया बीज का वितरण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**भरनो :** प्रखंड कार्यालय सभागार में राज्य उद्यान विकास योजना अंतर्गत सब्जी की खेती हेतु बीज वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव की उपस्थिति में की गई। भरनो प्रखंड के विभिन्न गांव से आए हुए 87 किसानों के बीच भिंडी, कद्दू, नैनवा, बैगन, टमाटर, मिर्च आदि का बीज अतिथियों द्वारा वितरण किया गया।

मौके पर प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भरनो प्रखंड एक कृषि प्रधान प्रखंड है, 70प्रतिशत लोग कृषि पर आधारित हैं, इसके मद्देनजर प्रखंड को सब्जी की खेती में आत्म निर्भर बनाना है तथा सब्जी की खेती कर अपने परिवार के आय बढ़ाना है।

मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कृष्ण ओहदार ने सब्जी की खेती एवं उसके महत्व के बारे में उपस्थित किसानों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही साथ प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शशि शमा खलखो द्वारा खेती में होने वाले रोग एवं बचाव के बारे में भी किसानों को जानकारी दी। इस बीज वितरण कार्यक्रम में किसान का चयन जेएसएलपीएस के द्वारा किया गया तथा उन्हें समय पर खेती करने का सुझाव दिया गया। बीज वितरण समारोह में पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम, बिरसा उरांव, जेएसएलपीएस बीपीएम नीलकंठ कच्छप, संध्या कुमारी, आयता उरांव सहित कृषक मित्र एवं काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।




# पुलिस ने प्रतिबंधित मांस की बिक्री के आरोपी को किया गिरफ्तार

**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के बरवे नगर पंचायत अंतर्गत रहमत नगर निवासी अजबुला खान (45) पिता बिगन मिया को चैनपुर पुलिस ने बुधवार को 20 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ पकड़ कर जेल भेज दिया। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बरवे नगर के रहमत नगर में अजबुल्ला खान के द्वारा प्रतिबंधित मांस की बिक्री की जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई और अजबुला खान के घर से 20 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया । मौके से अजबुला खान को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं, प्रतिबंधित मांस को गड्ढा खोदकर दफना दिया गया है।

झारखंड आंदोलनकारी महासभा की बैठक में 03 जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय

# आंदोलनकारियों के हित में कम से कम गुरूजी मॉडल लागू करें हेमंत सोरेन : कयूम खान

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**लोहरदगाः** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की मासिक बैठक बुधवार को कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में समाहरणालय मैदान में हुई। जिसमें मुख्य रूप से केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान, जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत मौजूद थे।

मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा के केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड आंदोलनकारियों का दर्द समझेंगे और जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान नियोजन पेंशन सहित सभी सुविधाएं मुहैया कराएं।



**विशेष सत्र बुलाकर झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याओं का करें निदान : अमर किन्डो**

**गुटबाजी के कारण ही आंदोलनकारियों को न सम्मान मिला न नियोजन पेंशन : प्रो. विनोद भगत**

उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के हित में कम से कम गुरूजी आदरणीय शिबू सोरेन मॉडल को अविलंब लागू किया जाए। गुरुजी मॉडल के मुताबिक प्रत्येक आंदोलनकारी को प्रतिमाह 8000 रूपए पेंशन, एक-एक पक्का मकान, चिकित्सा, नियोजन सहित सभी सुविधाएं लागू करेंगे।

अध्यक्षता करते हुए अमर किन्डो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बने 24 वर्ष बीत गए, लेकिन झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याएं और मांगें जस के तस बनी हुई है। आंदोलनकारियों के हित में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आंदोलनकारियों की समस्याओं के समाधान में गंभीरता दिखलाई जाए। जिससे झारखंड आंदोलनकारियों में पनप रहे आक्रोश खत्म हो।

# विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत डालसा ने कार्यशाला का आयोजन किया

## दी गई कानून की जानकारी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गुमला :** झालसा के निदेर्शानुसार तथा मा. जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को घाघरा प्रखंड के सभागार में 'विधान से समाधान' कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राम कुमार लाल गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार,लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डी.एन. ओहदार शंभू सिंह, घाघरा प्रखंड के प्रमुख के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डालसा के सचिव ने कहा कि विधान से समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को जागरूक करना कानून संबंधी जानकारी देना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उपस्थित महिलाओं से उन्होंने कहा कि हमारे सुविधा के लिए संरक्षण के लिए बहुत सारे कानून बनाए गए हैं। जिसे हमें जानने की जरूरत है।

अगर हमको जानकारी रहेगी तो हम स्वयं का भी मदद कर पाएंगे और दूसरों का भी मदद करेंगे।

हमारे क्षेत्र में मानव तस्करी, डायन बिसाही, शराब सेवन, बाल विवाह आदि बहुत सारी कुप्रथाएं हैं जिसे जागृति के द्वारा दूर करना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर की पहला शिक्षक होती हैं और किसी भी परिवार का स्तंभ होती है। महिलाएं बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें और बच्चों को पढ़ाई लिखाई कराये।

गांव में डायन नाम का कोई चीज नहीं होती है। इसलिए कोई बीमार पड़ता है तो उसे अस्पताल ले जाएं और इलाज करावें। अस्पताल में सरकारी इलाज मुफ्त में होता है । उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सभी सुविधाओं को विस्तृत रूप से चर्चा की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी विकास कार्य में चल रहे सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अन्य अतिथियों ने भी सभा को संबोधित किया।



# अपराधियों ने पांच बाईक को किया आग के हवाले

**घाघराः** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलागड़ा पंचायत के नवाटोली गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पेंटिंग का काम करने के लिए आए लोहरदगा जिला के 5 पेंटरों की बाइक को अज्ञात अपराधियों के द्वारा बीती देर रात आग के हवाले कर दिया गया। जिससे सभी बाइक जलकर पूरी तरह से राख हो गई। पीड़ित लोहरदगा किस्को निवासी अजय उरांव ने बताया कि छोटू राम, नंदेश्वर बड़ाईक, बादल एवं रामदुलार चिक बड़ाईक ये पांचों नावाटोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में फोटो, कार्टून व अल्फाबेट पेंटिंग का काम करने के लिए ठेकेदार रामवीर के निर्देश पर मंगलवार की शाम को पहुंचे थे। बरामदा में सभी बाइक खड़ा कर बगल के रूम में सोए हुए थे। देर रात जलने की गंध आने पर बाहर निकले तो देखा कि सभी पांचो बाइक आग से धधक रही थी।

# पूर्व विधायक कमल किशोर भगत के तीसरी पुण्यतिथि पर अनिल कुमार भगत ने किया नमन

## कहाः बड़े भैया के हर सपने को साकार करना हमारा मूल उद्देश्य है

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**लोहरदगाः** झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के तीसरी पुण्यतिथि पर उनके समाधि स्थल पैतृक जिंगी गांव में और लोहरदगा शहरी क्षेत्र में स्थित उनके प्रतिमा पर झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष छोटे भाई अनिल कुमार भगत के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात अनिल कुमार भगत पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत का सबसे बड़ा सपना डहरबाटी नाली का निर्माण कार्य को अंजाम दिए जाने पर उन्होंने डहरबाटी गांव और नाली का निरीक्षण कर बारीकी से मुआयना किया।

इधर पूर्व विधायक कमल किशोर भगत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा अनिल कुमार भगत ने कहा कि हमारा प्रयास है कि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता को उन्हें उनका शत-प्रतिशत अधिकार मिले, इसे लेकर चलो गांव की ओर जाने जनता की समस्याएं कार्यक्रम चलाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा और उनकी सभी समस्याओं को दूर करने हेतु सूचीबद्ध कर निष्पादन हेतु तत्परता के साथ अंजाम दिया जाएगा। अनिल कुमार भगत ने कहा कि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता आज अपने बीच अपने आदर्श बड़े भैया स्वर्गीय कमल किशोर भगत को खोकर काफी दुखी हैं।



उन्होंने कहा कि लोहरदगा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हेतु कमल किशोर भगत ने जो स्वप्न देखा था और जो खाका तैयार किया था उसे पूरा करने से पहले ही षड्यंत्र रचकर हमारे बीच से हटा दिया गया। लेकिन भैया ने जो स्वप्न देखा था और विकास को लेकर जो खाका तैयार किया था उसे पूरा करने में पूरी तन्मयता से पूरा करने का प्रयास रहेगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत का सबसे बड़ा सपना था कि डहरबाटी डैम का निर्माण हो जिससे हजारों एकड़ भूमि पर पानी पहुंचाया जा सके और किसानों को खेती से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया जा सके।

# बाल विवाह मुक्त गांव बनाने एवं महिला-पुरुष में समानता लाने में किशोरों की भूमिका अहम

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**पेशरारः** स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लोहरदगा जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चयनित पियर एजूकेटर (साथिया) का कुल 30 बैच का 6 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न। प्रशिक्षण में उपस्थित साथिया को प्रशिक्षित प्रशिक्षक ANM के द्वारा आर.के.एस.के कार्यक्रम के 6 बिंदु, पियर एजुकेटर कि भूमिका, नशा पान, गैर संचारी रोग, मानव तस्करी, बाल विवाह, इसके अलावा समाज में महिला पुरुष समानता लाने में किशोरों कि भूमिका पर विशेष रूप से प्रशिक्षण दी गई इस प्रशिक्षण में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के द्वारा सभी प्रखंड में तकनीकी रूप से सहयोग किया गया।



साथ ही इस प्रशिक्षण में बाल विवाह के दुष्परिणाम पर विशेष जानकारी देते हुए बतलाया गया कि हम सभी को मिलकर इस दिशा में विशेष ध्यान देने कि जरूरत है और आप अपने गावं के किशोर किशोरियों के लीडर है आप सभी किशोरियों को जागरुक कर बाल विवाह मुक्त गावं बनाने में अपना मतवपूर्ण योगदान दे सकते है और किशोरियों को अपना एक सपना गढ़ने का मौका दे सकते है साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि जो सदियों से महिला पुरुष के बिच भेद-भाव कि परम्परा चली आ रही है उसके लिए किशोरों को आगे आना होगा कि हम ये परम्परा को तोड़ सके और एक बराबरी वाले समाज का निर्माण कर सके और इसके लिए किशोर कि भूमिका मतवपूर्ण है इस चीज कि सुरुवात आपको अपने घर से करनी होगी तो उसे देख कर पुरे समाज में एक बदलाव आएगा और महिलाओ को भी आगे आने का मौका मिलेगा।

प्रशिक्षण के अंत में सभी के द्वारा सपथ लिया गया कि हम महिला पुरुष में समानता आये और बाल विवाह मुक्त गावं हो इसके लिए विशेष अभियान चलाएंगे। प्रशिक्षण के गुणवत्ता को बरकरार रखने के लिए नियमित रूप से विभागीय पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण भी किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में ANM साथ ही तकनीकी सहयोग सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज उउ के द्वारा दिया गया।

# सचिव ने जिले में पर्यटन स्थलों और खेलकूद विकास योजनाओं का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गुमला :** बुधवार को झारखण्ड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार ने गुमला जिले का दौरा कर विभिन्न पर्यटन स्थलों एवं खेल से जुड़ी योजनाओं का परिभ्रमण व निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले में पर्यटन और खेलकूद के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक (PDITDA), निदेशक (DRDA), जिला खेल पदाधिकारी, DLTS, और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### सचिव ने किया स्टेडियम का निरीक्षण

श्री कुमार ने सर्वप्रथम भरनो स्थित निमार्णाधीन प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निरीक्षण किया और वहां संचालित योजनाओं का मूल्यांकन किया। इसके पश्चात उन्होंने ललित उरांव प्रखंड स्तरीय स्टेडियम और अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला का भी निरीक्षण किया। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, श्री कुमार ने अंतरराष्ट्रीय स्वामी विवेकानंद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, चंदाली का निरीक्षण कर खेल क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जिले के सभी खेल मैदानों में मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने, पंचायत स्तरीय खेल समितियों के गठन, जीर्णोद्धार कार्यों की मरम्मत, और खेल मैदानों के रखरखाव के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।

# लातेहार में सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत, कंटेनर ने मारी टक्कर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**लातेहार :** लातेहार सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-75 पर किना मोड़ के समीप मित्तल पेट्रोल पंप के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में शिक्षक संजय सिंह (42) की दर्दनाक मौत हो गई। संजय सिंह पलामू जिले के सूदना निवासी थे और लातेहार के कुंदरी ग्राम स्थित एक विद्यालय में कार्यरत थे।जानकारी के अनुसार, संजय सिंह बुधवार सुबह लातेहार कॉलोनी ब्लॉक से अपने विद्यालय की ओर जा रहे थे। यात्रा के दौरान मित्तल पेट्रोल पंप के पास उनकी बाइक की एक तेज रफ्तार कंटेनर (टेलर गाड़ी) से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया।इस हादसे से स्थानीय लोग स्तब्ध हैं और क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। दिवंगत शिक्षक अपने व्यवहार, समर्पण और शिक्षण में कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाने जाते थे। उनकी असमय मृत्यु से शिक्षण जगत में गहरा दुख व्याप्त है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर के चालक की तलाश की जा रही है। जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित, लोगों की समस्याओं का किया गया समाधान

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बालूमाथ,बरियातु एवं हेरहंज प्रखंड के कई ग्रामीणों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराई। बरियातू थाना क्षेत्र के नावाडीह ग्राम की एक युवती ने शिकायत दर्ज कराते कहा कि गोनिया पंचायत के मुखिया रानो देवी के पुत्र पंकज उरांव शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण किया एवं जब वह गर्भवती हो गई तो उससे शादी करने से इनकार कर गया ।इसकी शिकायत लेकर बरियातू थाना में कई बार किया। तो उसे थाना से भगा दिया गया। बाद में पीड़ित ने लातेहार जाकर शिकायत करना चाहा तब वहां बताया गया कि आज बालूमाथ में शिविर लगाया गया है वही जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराए। तब जाकर मैं यहां आवेदन देने आई हूं । युवती ने आरोप लगाते हुए कहा कि पंकज उरांव की मां मुखिया है और थाना प्रभारी उसी के दबाव में आकर मेरे ऊपर न्याय नहीं कर रहे हैं ।वही बालूमाथ के श्यामसुंदर यादव समेत कई ग्रामीणों ने बालूमाथ में हो रहे हैं सड़क जाम,सड़क दुर्घटना एवं प्रदूषण को देखते हुए हाईवा परिचालन पर नो एंट्री लगाने की मांग की है ।जबकि हेरहंज प्रखंड के नवीन कुमार सिंह ने आवेदन देकर कहा कि लावगड़ा में पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा था जिसे अंन्दू राम वगैरह ने सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया है। वही मारंग लोईया निवासी निर्मल प्रसाद ने आवेदन देकर कहा है कि मैं अपने गांव में सवा दो डिसमिल जमीन 1980 में खरीदा था मेरा न्यायालय द्वारा डिग्री भी प्राप्त है उसके बावजूद भी विष्णु महतो एवं हुल्लास महतो द्वारा दखल कब्जा से रोका जा रहा है। सेरेगड़ा निवासी स्नेहलता ने आवेदन देकर कहा कि मैं अपनी ननद को उनकी लड़की के शादी में डेढ़ लाख

# हरिहरगंज : अलग-अलग मामले के तीन प्राथमिक की दर्ज

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू :** जिले के हरिहरगंज थाने में अलग अलग जगहों के तीन मामले दर्ज कराए गए हैं। जिसमें पहला मामला अवैध तरीके से बिजली चोरी करने से संबंधित है। सहायक विद्युत अभियंता (विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल छत्तरपुर) के पंकज कुमार मेहरा ने तीन लोगों के विरुद्ध एलटी तार में टोका फंसाकर और घरेलू बिजली कनेक्शन विच्छेदन के बाद भी व्यवसायिक कार्य के लिए बिजली चोरी करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है।

इस दौरान सहायक विद्युत अभियंता के द्वारा बीते मंगलवार को शहरी क्षेत्र अन्तर्गत छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें कांड संख्या 166/2024 के तहत हरिहरगंज निवासी प्रेम कुमार पर बकाया बिजली बिल सहित 30 हजार, जनार्दन यादव पर 53,629 रुपए तथा आशा सिंह पर 52,712 रुपए आर्थिक हजार्ना लगाया गया है। जबकि दूसरा मामला खड़गपुर गांव निवासी अम्बिका मेहता के द्वारा अज्ञात चोरों पर बाइक चोरी करने से संबंधित है।

इस संबंध में कांड संख्या 172 /2024 दर्ज किया गया है। जिसमें कहा गया कि बीते 16 दिसंबर की रात में चौंकठवा स्थित दुकान पर अपने भाई का बाइक लगाकर घर के अंदर चला गया। जिसके बाद 17 दिसंबर बुधवार की सुबह जब देखा तो मोटरसाइकिल गायब थी। वहीं तीसरा मामला कौआखोह स्थित पिरोजी एयरटेल इंडज टावर के टेक्नीशियन रौशन कुमार ने दर्ज कराया है जहां से अज्ञात चोरों के द्वारा करीब 2 लाख रुपए की बैट्री की चोरी कर ली है। इस संबंध में कांड संख्या 173 /2024 दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# जंगली हाथियों ने कई घरों को किया ध्वस्त, फसलों को पहुंचाया नुकसान



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मानसिघा ग्राम में मंगलवार की देर रात्रि जंगली हाथियों के झुंड ने मानसिंधा ग्राम पहुंचकर कई घरों को ध्वज कर दिया एवं लगे फसलों को नुकसान कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि राजेंद्र यादव के घर एवं बाउंड्री, दरोगी यादव को घर ध्वस्त,प्रीतम यादव का घर एवं बाउंड्री को ध्वस्त कर दिया ,जबकि सुलेश्वर यादव के 10 किवटल धान खा गया ।वही देवराज यादव के घर को भी ध्वज कर दिया ।जबकि सीताराम यादव के ईख, धान, आलू समेत कई फसलों को नुकसान कर दिया ।जिससे लगभग 5 लख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है ।सभी ग्रामीणों ने बुधवार को बालूमाथ थाना में आयोजित जन शिकायत समाधान केंद्र पहुंचकर मुआवजा की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि वन विभाग की लापरवाही के कारण आए दिन जंगली हाथी की उत्पादन से लोगों को काफी नुकसान हो रहा है। वही लोगों को रात में भय का माहौल में जीना पड़ रहा है। इसलिए इस समस्या से जल्द से जल्द निदान किया जाए।

## शिक्षक का मातृ शोक

**मेदिनीनगर :** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव निवासी शिक्षक गंगा चंद्रवंशी के माता जसवा देवी उम्र 80 वर्ष की इलाज के दौरान मंगलवार की दोपहर निधन हो गई।जानकारी के अनुशार मंगलवार की सुबह जसवा देवी को सांस लेने में तकलीफ होने लगा।इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

## संसद में गूंजा मगध आम्रपाली में हो रही दुर्घटना का मामला

**टंडवा :** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने मगध आम्रपाली कोल परियोजना के कारण हो रही सड़क दुर्घटना का मामला लोकसभा में तारांकित प्रश्न में उठाया है, जिसमे उन्होंने कोयला मंत्री से सवाल किया कि क्या सरकार आम्रपाली मगध कोयला खदानों से सार्वजनिक सड़क से अवगत है, जिसके कारण लगातार दुर्घटनाएं होती है, भारी वाहनों की चपेट में आने से एक हजार से ज्यादा मौतें हो चुकी है, इस मामले मे उन्होंने कोयला मंत्री से जवाब मांगा है, उन्होंने यह सवाल किया कि क्या इन दुर्घटनाओं से प्रभावित परिवारों के लिए मुआवजा नीति लागू की गई है या नही या लागू किये जाने की योजना है, उन्होंने मंत्री से यह भी पूछा कि क्या ऐसी मौतों के लिए सीसीएल या परिवहन कंपनियों को जिम्मेवार ठहराने के लिए कोई उपाय किए गए हैं।इधर सांसद में मामला उठने से स्थानीय लोगो में एक उम्मीद जगी है।

# अघोर आश्रम में फेफड़ों की जांच के लिए लगा नि:शुल्क शिविर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**मेदिनीनगर :** सिपला कंपनी के द्वारा अघोर आश्रम अप्सरा न्यू बोर्न चाइल्ड में 5 साल से ऊपर के उम्र के महिलाओं पुरुष के सभी लोगों का फेफड़ों की जांच निः शुल्क किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर अंजनी बाला सहयोगी श्वेता चंद्र व सिपला कंपनी के तकनीकी के रूप में काम किए हैं। इसकी जांच की कीमत जांच केंद्र में लगभग 2000 से 2500 तक है लेकिन डॉक्टर अंजनी बाला ने अपने क्लीनिक में निः शुल्क कैंप लगाया। जिसमें 70 लोगों को जांच कर रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर द्वारा उचित सलाह दी गई और निःशुल्क दवा भी दी गई। डॉ अंजनी बाला ने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य है कि लोगों को के बीच में जागरूकता फैलाना एवं बीमारी होने से पहले सावधानी बरतना। उन्होंने कहा कि बच्चों को ठंड से बचने के लिए बच्चों को गर्म कपड़ा पहनकर रखने की बात कही, और गरम पेय पदार्थ पिलाने, विशेष रूप से बच्चों को पैर व सर ढक कर रखें। आगे भी विशेष कैंप लगाकर गरीबों की सेवा सलाह देते रहेंगे। कई मरीजों की हल्की फुल्की बीमारी निकली जिसे उपचार किया गया और धूमपान छोड़ने की बात कही गई।

# झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने बिनोद बिहारी महतो की पुण्य तिथि मनाई

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**मेदिनीनगर :** झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने शाहपुर चलानी किला मे झारखंड आंदोलनकारी बिनोद बिहारी महतो की पुण्य तिथि पर श्रध्दांजलि अर्पित की व होटल सुर्यांश स्टेशन रोड मेदनीनगर में श्रध्दांजलि सभा की गई। सभा की अध्यक्षता पलामू प्रमंडल अध्यक्ष बिकेश शुक्ला ने किया। सभा को विषय प्रवेश कराते हुए मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार ने बिनोद बिहारी महतो की जिवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला व पढो और लडो की आह्वान को संकल्पबद्ध होकर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

मुरारी पाण्डेय ने कहा कि हम लडाई लड कर राज्य लिए है अब लड कर आन्दोलनकारी मान सम्मान लेंगे। शंखनाथ सिंह ने कहा कि अब संघर्ष से उम्मीद जगी है, अब लडाई तेज होगी। चन्द्रधन सिंह ने बिनोद बिहारी महतो की रास्ते पर चल कर खुशहाल झारखण्ड बनायेगे। सभा को तुलसी शुक्ला विश्वनाथ मेहता संजु सिंह योगेन्द्र सिंह नरेश यादव प्रदीप सिन्हा हरिलाल यादव वृज नन्दन सिह चेरो संजय दुबे रामाश्रय सिंह बिनय बिश्वकर्मा फुलेश्वर सिह रमेश प्रसाद लव कुमार तिवारी मुन्द्रिका सिह डा0 मकबुल आलम नन्दलाल मेहता शंकर चौधरी आदि लोगों ने सम्बोधित किया। सभा मे राजनीतिक प्रस्ताव लिए गए जिसमें मुख्य रूप से 3 जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा के जयंती पर झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के स्थापना दिवस पलामू प्रमंडल के मेदनीनगर में धुम धाम से मनाया जाएगा।

झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा का केन्द्रीय प्रतिनिधि मंडल 26 दिसम्बर को रांची में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मिलकर संवाद कर ज्ञापन सौपेगा। पलामू प्रमंडल के केन्द्रीय नेतृत्व पुष्कर महतो महासचिव के साथ शामिल होंगे।

# डीएसई ने छतरपुर में स्कूली पोशाक वितरण की जांच की

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**छतरपुर :** छतरपुर प्रखंड अंतर्गत पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने छतरपुर एवं नौडीहा बाजार प्रखंड के सभी

प्रधानाध्यापक -सह- सचिव विद्यालय विकास एवं पोशाक वितरण में कितना प्रोग्रेस है इस मामले में छतरपुर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुलेश्वर दास से जानकारी ली, इस मामले में उन्होंने सख्त निर्देश दिया है कि दोनों प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक अपने अपने विद्यालय में स्थानीय वेंडर से पोशाक की खरीदारी कर सभी छात्र छात्राओं को यूनिफॉर्म में विद्यालय में प्रवेश करें। ये राशि पी एफ एम एस के माध्यम से आपके खाते में गई है। जो आपको खर्च कर बिल वाउचर अपलोड करते हुए कार्यालय को देना है पूर्व में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुलेश्वर दास ने विद्यालय के सभी प्रधानाध्यापक सह सचिव के साथ बैठक कर निर्देश दे दिया था कि विद्यालय में जो भी पोशाक वितरण किया जाएगा वो स्थानीय वेंडर से ही खरीदारी की जाएगी । मेकर के रूप में प्रधानाध्यापक एवं चेकर के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं लेखपाल होते हैं। इस मामले में पलामू डीएसई श्री कुमार ने सख्त चेतावनी देते हुए सभी प्रखंड के सीआरपी से कहा है कि कहीं भी किसी तरह का अगर शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित प्रधानाध्यापक पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। व्ही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुलेश्वर दास से पोशाक वितरण एवं विद्यालय विकास फंड पर प्रोग्रेश के बारे में जानकारी मांगी है।

# पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल ने 1971 में पाकिस्तान पर हुए विजय दिवस पर नेतरहाट में किया पौधारोपण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**नेतरहाट (लातेहार) :** लातेहार जिले के नेतरहाट स्थित देश के प्रसिद्ध आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर के डाली बाजार में नेशनल मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान के अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ हिमाचल का कपूर और नेपाल का रुद्राक्ष का पौधा लगा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ कौशल ने वहां के प्राचार्य व शिक्षकों सहित उड़ीसा बंगाल से टूर आए हुए स्कूली बच्चों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। उन्होंने स्कूली बच्चों को पर्यावरण धर्म के विषय में विशेष जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 1971 में भारत के जांबाज जवानों ने पाकिस्तानी सेना को धूल चटाने का कार्य किया था। जिसे आज हम विजय दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने स्कूल के लाइब्रेरी व रोज बागान समेत महुआडांड़ अनुमंडल के प्रसिद्ध व झारखंड बिहार का सबसे ऊंची लॉध फाल का भी अवलोकन कर उसकी सुरक्षा के लिए ग्रामीणों के साथ वृक्षों पर रक्षाबंधन किया। उन्होंने कहा कि सेना से सरहद और पौधा से धरती और ब्रह्मांड की सुरक्षा होती है।

वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने पर्यावरण धर्म के विधान से कन्या पूजन कर कहा कि सेना के जवान जिस तरह हथियार से सरहद की सुरक्षा में रात दिन लगे रहते हैं उसीतरह वे पौधरोपण कर धरती और ब्रह्मांड की सुरक्षा में अहर्निश लगे रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भीषण गर्मी के कारण प्रदूषण और जल संकट व जलवायु परिवर्तन को समय रहते नहीं रोका गया तो आने वाली पीढ़ी डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगा।नेतरहाट स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार और शिक्षिका श्रीमती ममता कुमारी कृषि प्रशिक्षिका ,अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हमलोगों का आदर्श ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल लंबे अरसे से राष्ट्र हित में पौधा वितरण, रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन करते आ रहे हैं।

उन्होंने देश के साथ-साथ विदेशों में भी लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रति जागरूक किया है। इससे झारखंड ही नहीं देश के लोगों को उनपर गर्व है । आज का यह दिन हमेशा के लिए यादगार रहेगा। श्री जायसवाल के द्वारा पूर्व में उस परिसर में लगाए गए पौधे आज वृक्ष के रूप में पर्यटकों को खूब भा रहा है।

कार्यक्रम के प्रमुख लोगों में शिक्षक डॉ शिशिर सौरव , राजेश चंद्र गुप्ता, श्रीमती आश्रेम सुबनी डुंग डुंग, रमेश चंद्र पासवान , दशरथ बृजिया, रंजीत ब्रैजिया, आजाद अहमद, शकील खान, नेतरहाट पंचायत, मुखिया संदीप नगेसिया, रामदयाल राम, सरफु राम, समेत बंगाल उड़ीसा से आए हुए दोनों स्थानों पर टूरिस्ट में छात्र-छात्राएं व ग्रामीण भि उपस्थित थे।

# खाप कटैया पैक्स में किया गया धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू :** प्रखण्ड के बेलौदार मोड़ स्थित खाप कटैया पैक्स में बुधवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, क्रय पदाधिकारी उत्तम दास,जिला परिषद सदस्य मंजू देवी,सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्राऔर पैक्स अध्यक्ष धनंजय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र के खुलने से निबंधित किसानों को काफी सहूलियत होगी।

उन्हें धान बिक्री करने के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। साथ ही किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे अपने धान को बिचौलिए और व्यापारियों के हाथों न बेचकर सीधे पैक्स में ही धान की बिक्री करें। बताया गया कि सरकार द्वारा साधारण धान 2,300 सौ रुपए और ग्रेड वन धान 2,320 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित की गई। अलावे इसके किसानों को सरकार द्वारा एक सौ रुपए प्रति क्विंटल बोनस की राशि दी जाएगी।

मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राघव सिंह, राजद के वरिष्ठ नेता बुधन सिंह यादव, राजेश राम, जेएमएम के अमित कुमार, अशोक यादव,अभय कुमार सिंह, अर्जुन गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, अशोक यादव, सुशील सिंह, सीताराम सिंह, ब्रजेश सिंह, श्याम बिहारी सिंह, प्रदीप सिंह, दयाशंकर सिंह, राजमोहन सहित कई लोग उपस्थित थे।

# ऑटो चालक महासंघ ने किया अभिनन्दन सभा का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**मेदिनीनगर :** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन एवं झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ पलामू जिला अध्यक्ष रमाकांत दुबे की अध्यक्षता में सभी ऑटो चालक एवं तीन पहिया वाहन चालक के द्वारा छः दिनों से चल रहे आंदोलन के ठोस पहल एवं विजय पर आभार एवं अभिनंदन सभा का आयोजन छः मुहान स्थित ऑटो स्टैंड के प्रांगण में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि यूनियन एवं महासंघ के केंद्रीय संयुक्त सचिव सह मजदूर नेता राकेश कुमार सिंह का फूल मालाओं से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। साथ ही सभी ऑटो चालकों ने मजदूर नेता राकेश कुमार सिंह एवं महासंघ के पलामू अध्यक्ष रमाकांत दुबे जी के प्रति आभार व्यक्त की। इस मौके पर चालकों को संबोधित करते हुए मजदूर नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि यह विजय सभी तीन पहिया वाहन के चालक भाइयों की चट्टानी एकता का परिचय है तथा इस ऐतिहासिक के ठोस पहल हेतु सर्वप्रथम झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर उर्फ चुन्नू राम जी, नगर विकास मंत्री एवं पलामू जिला प्रशासन के नगर आयुक्त जावेद हुसैन को महासंघ के पलामू एवं केंद्रीय कमेटी की ओर से ह्रदय तल से आभार प्रकट करते हैं।

इस ठोस पहल में आपसी समन्वय एवं सामंजस्य बनाने में चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदरणीय आनंद शंकर जी, पूर्व प्रथम महिला महापौर आदरणीय श्रीमती अरुण शंकर तथा पूर्व डिप्टी मेयर आदरणीय राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, आदरणीय इंदर सिंह नामधारी, समाजसेवी श्रीमती लवली गुप्ता सहित अन्य तमाम संघर्ष में साथ देने वाले एवं सुलझाने वाले जनप्रतिनिधियों को आभार प्रकट करते हैं। मजदूर नेता राकेश सिंह ने कहा कि इस आंदोलन में बहुत ही विकट परिस्थिति एवं कराके की ठंड में सभी चालक आंदोलनकारी भाइयों, पलामू जिले के प्रबुद्ध बुद्धिजीवी एवं देवतुल्य आम जनता मजदूर किसान नौजवान माताएं बहने पैदल चल लेने के बावजूद भी आंदोलन को आशीर्वाद एवं समर्थन दिया।

मौके पर विवेक सिंह,बिट्टू खान, अनुज मिश्रा, संतोष विश्वकर्मा, संतोष शुक्ला, कुणाल सिंह, गुड्डू शुक्ला, नागेंद्र गुप्ता, यासीन अंसारी उर्फ गोल्डन रंजीत पासवान सहित सैकड़ो चालक भाई उपस्थित थे।

# प्रखण्ड में रेस्टोरेंट का खुलना समृद्धि का परिचायक है : अनन्त प्रताप

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**भवनाथपुर (गढ़वा) :** भवनाथपुर स्थित राजकीय प्लस टू के उच्च विद्यालय के सामने नवनिर्मित मीठा पानी स्वीटस एवं फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन झामुमो विधायक अनन्त प्रताप देव, प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी, जिला पार्षद रंजनी शर्मा एवं पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि भवनाथपुर प्रखण्ड में रेस्टोरेंट का खुलना समृद्धि का परिचायक है। इस रेस्टोरेंट के खुलने से यहाँ के लोग परिवार के साथ आकर अच्छे भोजन का आनंद ले सकते हैं। ब्रजेश सिंह के नवनिर्मित मकान में उद्घाटित इस रेस्टोरेंट के संचालक दीपक वर्मा ने बताया कि उनके इस फैमिली रेस्टोरेंट में अलग अलग बने केबिन में बैठकर सभी लोग सुकून से विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आनंद उठा सकते हैं। इसके साथ ही कुल्हड़ में भरी गर्म गर्म चाय की भी चुस्कियां ले सकते हैं। रेस्टोरेंट के संचालक ने कहा कि यहाँ चाईनिज एवं साउथ इंडियन आइटम के साथ स्वादिष्ट भोजन की भी सुविधा है। उन्होंने बताया कि फैमिली रेस्टोरेंट में शुद्धता की पूरी गारंटी होगी। इस फैमिली रेस्टोरेंट के उद्घाटन के अवसर पर झामुमो के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव, जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पाण्डेय, राकेश गुप्ता, गोपाल यादव, शैलेन्द्र यादव, विजय रावत, मुकेश चन्द्रवंशी, उपेन्द्र चौबे, अब्दुल अंसारी, उल्फत अंसारी, विनोद सिंह, जसीमुद्दीन अंसारी, सलाहुद्दीन अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# मजदूर कंपनी के अंग है उनके सुख सुविधा का ख्याल रखना प्रबंधन का दायित्व है- जीएम रंजय

**कथारा।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रंजय सिंहा के साथ राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का 20 सूत्री मांगों को लेकर एजेंडा बैठक महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार मे हुआ। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सीसीएल जोन के अध्यक्ष श्यामल कुमार सरकार और रिजनल सचिव महेश कुमार सिंह ने मजदूर समस्याओं को विस्तार पूर्वक रखा। कहा कि यूनियन को सभी समितियो की बैठक मे शामिल की जाय। खदानो मे शुद्ध पेयजल और शौचालय की व्यवस्था की जाए। केन्द्रीय अस्पताल ढ़ोरी से डायरेक्ट रेफर की व्यवस्था की जाए। संडे ड्यूटी मे कटौती ना की जाए। कार्य स्थल के आने-जाने रास्ते में जल का छिड़काव, श्रमिकों का पदोन्नति सहित अन्य 20 मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। महाप्रबंधक अपने विचार प्रकट करते हुए प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाए कि सर्वप्रथम श्रमिकों का वेलफेयर,



सुरक्षित उत्पादन और लक्ष्य की प्राप्ति हर हाल में सुनिश्चित करना है। गम श्री सिन्हा ने कहा कि मजदूर कंपनी के अंग है उनके सुख सुविधा का ख्याल रखना प्रबंधन का दायित्व है। प्राथमिकता के आधार पर सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बहुमूल्य विचार प्राप्त करते हुए क्षेत्र के उत्थान के लिए हम सबों को मिलकर आगे बढ़ना है। महाप्रबंधक ने प्रतिनिधि मंडल को स्पष्ट किया बहुत जल्द क्षेत्र का उत्पादन की प्रगति देखने को मिलेगी कड़ी मेहनत और योजनाबद्ध तरीके से कार्य को पूरा करेंगे। बैठक मे पीओ शैलेश प्रसाद,राजीव कुमार सिंह व रंजीत कुमार, एसओईएंडएम जी मोहंती, एसओपी माला कुमारी, मनोज कुमार, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह सहित यूनियन के वरिष्ठ नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, हरेंद्र प्रसाद सिंह, वृज बिहारी पांडेय, शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह,राजेश्वर सिंह, जयराम सिंह, मुरारी प्रसाद सिंह, रवि शंकर ठाकुर, प्रदीप सिंह,मोहम्मद कलीमुद्दीन, मनोज ठाकुर, महफूज आलम, साधु बाउरी, श्रीकांत मिश्रा ,नारायण महतो सहित शाखा के अध्यक्ष एवं सचिव मौजूद थे।



# सुरंग परियोजनाओं पर दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय करेगा तकनीकी सहयोग

**नई दिल्ली,** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरंग परियोजनाओं पर तकनीकी सहयोग के उद्देश्य से आज परिवहन भवन में दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। परिवहन भवन में आयोजित इस कार्यकर्म में दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रतीक शर्मा, ने कहा कि हमें एआईएम यानी ऐकडेमिक इंडस्ट्री और मिनिस्ट्री सबको साथ लेकर सुरंग परियोजनाओं पर कार्य करना चाहिए। इस समझौता ज्ञापन कार्यक्रम में एम.ओ.आर.टी.एच. के महानिदेशक डी. सारंगी,दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रतीक शर्मा, प्रोफेसर मधुसूदन सिंह, रजिस्ट्रार (डीटीयू), प्रोफेसर केसी तिवारी, विभागाध्यक्ष, सीईडी (डीटीयू), सीई (टनल-एमओआरटीएच) राहुल गुप्ता, प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव, सीईडी (डीटीयू) और एमओआरटीएच के अन्य गणमान्य व्यक्ति और डीटीयू के छात्र उपस्थित रहे

# भाजपा ने सदस्यता अभियान को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला का किया आयोजन



**कुजू ।** कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में भारतीय जनता पार्टी का संगठन महापर्व के अन्तर्गत सदस्यता अभियान को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह और संचालन मंडल महामंत्री अशोक कुमार ने किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, जिला सदस्यता प्रभारी राजेंद्र कुशवाहा एवं मंडल प्रभारी महेंद्र प्रजापति उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि 22 दिसंबर से 14 जनवरी तक सदस्यता अभियान और 2 जनवरी से 15 जनवरी तक सक्रिय सदस्यता बनाने का अभियान चलेगा। जिसके बाद 1 फरवरी से 10 फरवरी तक बूथ कमेटी एवं बूथ अध्यक्ष का गठन होगा। तत्पश्चात 11 फरवरी से 20 फरवरी तक मंडल कमेटी एवं मंडल अध्यक्ष का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रतन प्रसाद, राजेश प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, आशीष साहू, डिंपल प्रजापति, गणेश सोनी, रवि साहू, नरेश गुप्ता, दशरथ केसरी, वीरेंद्र करमाली, पवन साहू, खेमलाल साहू, सुखदेव सोनी, पंचित महतो, सूरज महतो, अंबिका सिंह, बैजनाथ राम, बुद्धदेव राम, संजीत सोनी, तरुण कुमार, अनिल कुमार अग्रवाल, बालगोविंद बेदिया, शंकर महतो, रूपेश कुमार, मनोज राम, संजय कुमार महतो, सुखदेव सोनी आदि उपस्थित थे।



# झामुमो ने मकोली मोड में मनाया स्व विनोद बाबू का 33 वी पुण्यतिथि

**कथारा।** फुसरो नप के मकोली मोड़ स्थित बिनोद चौक में बुधवार को झामुमो फुसरो नगर कमिटी द्वारा झारखंड के मसीहा स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि मनाया गया। यहां उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और नमन किया। मौके झामुमो नगर अध्यक्ष दीपक महतो, सचिव अनिल रजवार कोषाध्यक्ष बबलू खान, मिडिया प्रभारी बिक्की महतो, शकंर बेसरा, सुरज बाउरी, सुरज गिरि, हर्ष तुरी, शैयद राजा आदि मौजूद थे ।

# चतरा उपायुक्त के निर्देश पर बिल्हौर टोला में हुआ विशेष शिविर का आयोजन

**विशेष शिविर में बिल्हौर परिवारों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ**

**पत्थलगड़ा/चतरा** प्रखंड के बरवाडीह पंचायत अंतर्गत शीतलपुर बिल्हौर टोला में बुधवार को चतरा उपायुक्त के निर्देशानुसार बिल्हौर परिवारों को सरकारी योजना से जोड़ने हेतु विशेष शिविर का किया गया आयोजन। विशेष शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी कलीन्द्र साहू, सीओ उदल राम, प्रमुख मनीषा कुमारी, बरवाडीह पंचायत मुखिया संदीप कुमार सुमन संयुक्त रूप से बिल्हौर परिवारों के बीच लूंगी-साड़ी, मनरेगा जॉब कार्ड, वितरण किया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ मोहम्मद अजहर ने प्रसूति महिलाओं को जांच कर दवाई दिए एंव बिल्हौर परिवार का बीपी जांच किया। जांच के क्रम में डॉक्टर मोहम्मद अजहर ने बताया कि सभी का स्वास्थ्य सामान्य है। इस मौके पर बीडीओ ने बताया कि विशेष शिविर के तहत 10 वर्षों से कम उम्र वाले बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र नही होने के कारण आधार कार्ड नहीं बन पाया। इस दौरान बीडीओ ने कहा है



कि 18 तारीख से लेकर 20 तारीख तक विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। बीडीओ ने आगे बताया कि पंचायत सचिव से बिल्हौर बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए हैं। बिल्हौर टोला में कुल 8 आदिम जनजाति परिवार निवास कर रहे है और उनकी कुल संख्या 28 है। जिसमें महिलाओं की संख्या 07 एवं पुरुषों की संख्या 05 है और बच्चों की संख्या 16 है। सर्वेक्षण में बीडीओ ने एमो को निर्देश दिए कि दो बिल्हौर राशन कार्डधारी लाभुक बरवाडीह डीलर प्रमिला देवी के पास राशन जो वहां वे राशन का उठाव नहीं करेंगे। उन दो राशन कार्डधारी को डाकिया योजना के तहत राशन वितरण करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा प्रसूति महिलाओं को चार-चार पैकेट पौष्टिक मीठा दलिया दिया गया। विशेष शिविर में स्वास्थ्य विभाग, श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आबुआ आवास, आयुष्मान कार्ड, पेंशन अन्य विभागों का स्टॉल लगाया गया था। मौके पर पंचायत सचिव मोहम्मद असलम, राकेश प्रसाद, नजीर सत्येंद्र कुमार, बीपीओ राजेश्वर कुमार, लाभुक सोना बिल्हौर, सविता देवी, सरिता देवी, लालू बिल्हौर के अलावे प्रखंड ब्लॉक के कई कर्मीयों व बिल्हौर लाभुकों उपस्थित थे।

# यूनिवर्सल प्लानेट पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ



**कुजू ।** करमा स्थित यूनिवर्सल प्लानेट पब्लिक स्कूल में बुधवार को चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर सातवीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कबड्डी, ऊँची कूद, लंबी कूद, सौ मीटर रेस, दो सौ मीटर रेस, तीन सौ मीटर रेस, खो- खो, स्पून रेस, डक रेस, आदि खेल का आयोजन कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार ने छात्र-छात्राओं को अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का संदेश दिया। साथ ही बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना को प्रोत्साहित करना और उनके शारीरिक तथा मानसिक विकास को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से विद्यालय के उप प्रधानाचार्य लुकमान अहमद, कार्यालय प्रभारी राहत हुसैन अंसारी, शिक्षक रउफ अंसारी, शिक्षिका कृति कुमारी, रितिका श्रीवास्तव, अंकिता गुप्ता, पुष्पा कुमारी, मोनिका गुप्ता, प्रीति कुमारी, रेखा कुमारी, ललिता कुमारी, ट्विंकल कुमारी आदि उपस्थित थे।

# सर्वोदय निकेतन में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा सप्ताह में सुभाष सदन बना चैंपियन

**कुजू ।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल डटमा मोड़ कुजू में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा सप्ताह का भव्य समापन किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो आदि प्रतियोगिता के फाइनल मैच खेले गए। जिसमें लड़कों के वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बिरसा सदन विजेता और गांधी सदन उपविजेता बना। जबकि खो-खो प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में कलाम सदन विजेता और बिरसा सदन उप विजेता रहा। वहीं, लड़कियों के खो-खो प्रतियोगिता में सुभाष सदन विजेता और गांधी सदन उप विजेता रहा। वहीं, कबड्डी प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में गांधी सदन विजेता और सुभाष सदन उपविजेता रहा। जबकि लड़कियों के कबड्डी प्रतियोगिता में कलाम सदन विजेता और सुभाष सदन उप विजेता रहा। वहीं, प्रतियोगिताओं के आधार पर बालक वर्ग में बिरसा सदन के संदीप मरांडी को







और बालिका वर्ग में सुभाष सदन की राधिका कुमारी को बेस्ट एथलीट के अवार्ड से नवाजा गया। जबकि आयोजित प्रतियोगिता में सुभाष सदन ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। मौके पर विद्यालय निर्देशक नरसिंह कुमार ने सभी सफल प्रतिभागियों को मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमारे शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करता है। खेल हमें अनुशासन, संघर्ष और टीम वर्क की भावना सिखाते हैं। खेलों के माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ और मजबूत बना सकते हैं। साथ ही, खेलों में मिलने वाले हार और जीत से बच्चों को भविष्य में कदम कदम पर आने वाली सफलता एवं असफलता से सामंजस्य बैठाने की सीख मिलती है। वहीं, प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने शिक्षक शिक्षिकाओं, प्रतिभागियों और विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका खेल प्रशिक्षक जगदीश महतो और अनिता कुमारी मुंडा ने निभाया। जबकि अनिल कुमार गुप्ता एवं रजनी कुमारी ने स्कोरर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाए और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# नगर परिषद कार्यालय द्वारा जलापूर्ति रोके जाने को लेकर दिया उपायुक्त को आवेदन

**कुजू ।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के सेवटा पंचायत के ग्रामीणों ने उपयुक्त को आवेदन देकर नगर परिषद कार्यालय रामगढ़ द्वारा रोके गए जलापूर्ति को चालू करने की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि पिछले वर्ष से नगर परिषद द्वारा पानी सप्लाई किया जा रहा था। जिससे क्षेत्र के लोगों पानी की समस्या से चिंता मुक्त थे। परंतु दिसंबर के पहले सप्ताह से ही अचानक बिना कोई सूचना दिए पानी सप्लाई बंद कर दिया गया जिससे हम सभी ग्रामीणों को पानी को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में कुआं की उपलब्धता नहीं होने के कारण पानी के तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। साथ ही दूर दराज नदी व जलाशय से पानी भरकर लाने को विवश है। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं का हवाला देते हुए जल्द से जल्द पानी की सप्लाई सुचारू रूप से चालू करवाने की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि नगर परिषद कार्यालय और जिला जलापूर्ति कार्यालय रामगढ़ को दिया है। आवेदन में शिवदयाल प्रसाद, तोकेश्वर प्रसाद, प्रेमजीत प्रसाद, प्रीति कुमारी, भीम प्रसाद, विनोद तुरी, शोभानंद प्रसाद, अर्जुन करमाली, पवन करमाली, निर्मल तुरी आदि के हस्ताक्षर शामिल है।

# भाकपा-माले ने कॉमरेड विनोद मिश्र और विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि को संकल्प दिवस के रुप में मनाया




**कथारा-** भाकपा माले के पूर्व महासचिव कॉमरेड विनोद मिश्र व झारखंड के जननायक बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर 18 दिसंबर को भाकपा माले की ओर से चलकरी बस्ती में संकल्प दिवस मनाया गया।मौके पर केन्द्रीय कमिटी के आह्वान और संकल्प का पाठ किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि कॉमरेड विनोद मिश्र ने कहा था कि इतिहास में बड़े-बडे सवाल हमेशा सड़कों से हल होते हैं।उन्होने युवा कम्यूनिस्टों से अपील की थी कि वे चौतरफा पहल करें और उस फासीवादी खतरे के खिलाफ लड़ाई तेज करें। कॉमरेड विकास सिंह ने कहा कि जब हम कॉमरेड वीएम की 26 वां स्मृति दिवस मना रहे हैं तो उनकी बाते पहले से कही अधिक प्रासंगिक लगती है।कॉमरेड राज केवट ने राँची में छात्रों पर हुए बर्बर पुलिसिया हिंसा की निंदा कि।

वहीं वक्ताओं ने विनोद बिहारी महतो पर भी श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अपने-अपने विचार रखें।विनोद बिहारी महतो झारखंड के जननायक थे व झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के प्रमुख नेता थे।विनोद बिहारी महतो,कॉमरेड ए के राय और दिशोम गुरू शिबू सोरेन के हरा लाल मैत्रीपूर्ण आंदोलन के बल पर अलग झारखंड राज्य हासिल किया गया था। इस अवसर पर मुख्यरूप से उपस्थित थे कॉमरेड विकास सिंह, बालेश्वर गोप,रघुवीर राय,बालेश्वर यादव,पंचानन मंडल,काशीनाथ केवट,राज केवट,राजदेव चौहान, माधो मंडल, रुपलाल केवट,खुभलाल नायक,भूषण केवट,इन्द्रदेव सिंह,बिहारी माँझी, फोटोवाला देवी, गुनिया देवी, जुड़ा देवी,जितनी देवी, शांति देवी, मकसूद अंसारी, चुनीलाल केवट,बैजनाथ सिंह, लिलमूनी देवी, सोमरी देवी,सुगिया देवी,एतवारी देवी,हिरामणी देवी,भारती कुमारी, सुशीला देवी, सुरेंद्र घाँसी,शंकर माँझी, कामेश्वर गिरी,भुनेश्वर गिरी,शंकर नायक आदि।

एनएचपीसी
NHPC
एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
हरित ऊर्जा में निहित शक्ति
पंजी. कार्या.: एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सेक्टर–33, फरीदाबाद–121003 (हरियाणा)
CIN No.-L40101HR1975GOI032564
Advertisement No: NH/Rectt./05/2023-24

अपने जुनून की खोज करें ............... हमारे साथ अपना करियर बनाएं

एनएचपीसी लिमिटेड तथा इसके जेवी (एनएचडीसी लिमिटेड) के लिए प्र.अ.(मा.सं.), प्र.अ.(जनसंपर्क), प्र.अ.(विधि) तथा वरि.चिकित्सा अधिकारी की भर्ती

एनएचपीसी लिमिटेड, भारत सरकार का नवरत्न उद्यम और इसके जेवी एनएचडीसी लिमिटेड में शामिल होने के लिए उज्ज्वल शैक्षणिक रिकॉर्ड वाले युवा अधिकारियों की तलाश कर रही है। रिक्ति विवरण इस प्रकार हैं:

एनएचपीसी के लिए

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रशिक्षु अधिकारी (मानव संसाधन) | 65 |
| 2 | प्रशिक्षु अधिकारी (जनसंपर्क) | 10 |
| 3 | प्रशिक्षु अधिकारी (विधि) | 12 |
| 4 | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | 22 |

एनएचडीसी के लिए

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रशिक्षु अधिकारी (मानव संसाधन) | 06 |
| 2 | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | 03 |

अभ्यर्थी एनएचपीसी की वेबसाइट https://www.nhpcindia.com के "करियर" सेक्शन पर जाकर पद और श्रेणी के अनुसार रिक्तियों की स्थिति, पात्रता शर्तों एवं ऑनलाइन आवेदन भरने संबंधी अनुदेशों के साथ विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम में ही स्वीकार किए जाएंगे।

CBC 34128/12/0004/2425

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तारीख : 09.12.2024 (प्रात: 10:00 बजे)
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख : 30.12.2024 (सायं 05:00 बजे)

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 7033777771 **विज्ञापन-** 9546277001, मनोज कुमार कपरदारः 9771177585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63